नई दिल्ली
बुधवार, 12 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 62
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 46
न्यून. 32

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



09 भारत-अमेरिका में पहली जंग आज, अभी तक दोनों ने जीते हैं अपने सभी मुकाबले





# गृहमंत्री अमित शाह ने संभाला कामकाज, कई 'बोल्ड डिसीजन' शीघ्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी की लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद सबसे ज्यादा किसी मंत्रालय पर देशवासियों की नजर रहेगी वो हैं केंद्रीय गृहमंत्रालय। मंगलवार को सुबह वैसे तो बारी बारी से अधिकांश नव-नियुक्त केंद्रीय मंत्रियों ने कामकाज औपचारिक रूप से संभाल लिया, उनमें भी सबसे पहले सुबह नौ बजे ही अपने नए मंत्रालय में कामकाज की शुरुआत करने पहुंचे सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव। उनके पास रेल मंत्रालय और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भी है। तीनों ही मंत्रालय का कामकाज उन्होंने संभाल लिया। गृहमंत्री अमित शाह अपने 'बोल्ड' फैसले के लिए जाने जाते हैं इसीलिए बड़े सवालों से अटी पड़ी बड़ी फाइलें उनकी मेज पर हैं। सबसे पहले तीन क्रिमिनल-लॉ एक जुलाई से लागू किए जाने हैं, उनकी रूपरेखा तय करनी है। आजादी के बाद से ही इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) का नाम चल रहा था वो अब नए आकार प्रकार में नए रूपरंग के साथ 'भारतीय न्याय संहिता' के नाम से जानी जाएगी। इसके साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य एक्ट भी एक जुलाई से लागू कर दिया जाएगा। विदित हो कि संसद से पारित होने के बाद तीनों नए कानूनों को एक जुलाई से लागू करने का गजट नोटिफिकेशन गत फरवरी महीने में ही कर दिया गया था। इसके साथ ही 'नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर' जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव, मणिपुर में शांति बहाली जैसे मसले भी अमित शाह की प्राथमिकताओं में शुमार हैं। नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर का काम कोविड की वजह से रुक गया था। उसके बाद से इसे विभिन्न वजहों से पुनः शुरू नहीं किया जा सका। एनपीआर के डाटा इकट्ठे करने के नए टूल्स विकसित किए जा रहे हैं जिसमें नागरिक खुद ही मोबाइल एप्लीकेशन और अन्य माध्यमों से अपनी और अपने परिवार की पूरी जानकारी खुद से ही अपलोड कर सकें। पूरे एनपीआर एक्सरसाइज के लिए केंद्र सरकार ने 3 हजार 941 करोड रुपए पहले ही आवंटित कर रखा है। इसी के साथ सेंसस का काम इसी साल के अक्टूबर महीने में खत्म होना है। जम्मू कश्मीर में डिलिमिटेशन काम पूरा हो गया है।केंद्रीय चुनाव आयोग को नए सिरे से विधानसभा और लोकसभा सीटों को परिभाषित करनी है। छह अतिरिक्त विधानसभा सीटें जम्मू कश्मीर में जुड़नी हैं इसी के साथ सूबे में कुल विधानसभा सीटों की संख्या 90 हो जाएगी।

### मणिपुर पर होगी ठोस पहल



मणिपुर में लंबे समय से चले आ रहे दो समुदायों के बीच हो रहे भयानक हिंसा, उपद्रव को राज्य की कानून व्यवस्था का मामला बताकर केवल राज्य सरकार के ऊपर नहीं छोड़ा जा सकता। इस बात का स्पष्ट इशारा संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साफ रूप से कर दिया है। पहली बार सार्वजनिक मंच से भागवत ने मणिपुर में जारी हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए सवाल किया है कि आखिर वहां शांति बहाली की जिम्मेदारी किसकी है? गृह मंत्रालय का आंतरिक सुरक्षा डेस्क मणिपुर हिंसा पर संपूर्णता में रिपोर्ट तैयार कर रहा है, विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि जल्द ही गृह मंत्रालय की ओर से ठोस पहल की जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को नोटिस जारी किया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट निरस्त करने की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। अदालत ने इस दौरान एनटीए को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने अगली सुनवाई 8 जुलाई को करने का आदेश दिया।

### ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को 30 जून से अगले सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को कार्यालय छोड़ रहे हैं। परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं।

### नायडू एनडीए के नेता सीएम पद की शपथ आज



**अमरावती।** टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के सीएम के रूप में शपथ लेंगे। वह चौथी बार सीएम बनेंगे। नायडू विजयवाड़ा के बाहरी इलाके में गन्नवरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में सुबह 11.27 बजे शपथ लेंगे।

ये नाम हैं चर्चा में बैजयंत पांडा, डॉ. के. लक्ष्मण, विनोद तावड़े, दुष्यंत कुमार, ओम प्रकाश माथुर, सुनील बंसल

# नया भाजपा अध्यक्ष चुनने में लगेगा वक्त कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति पर मंथन

*फिलहाल मंत्री पद के साथ पार्टी की बागडोर संभाले रहेंगे नड्डा, विनोद तावड़े, दुष्यंत गौतम, ओम माथुर, के. लक्ष्मण, बैजयंत पांडा और सुनील बंसल दौड़ में, संगठन से जुड़े पदाधिकारी के नाम पर सहमति नहीं बनी तो किसी केंद्रीय मंत्री के नाम पर भी हो सकता है विचार*

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

जेपी नड्डा अगले कुछ महीने तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे। मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने नड्डा का पार्टी अध्यक्ष पद पर कार्यकाल आगामी 30 जून को समाप्त हो रहा है, पर नए अध्यक्ष के चयन में लगने वाले समय के मद्देनजर अभी वे मंत्रालय और पार्टी दोनों का दायित्व संभालेंगे।

माना जा रहा है कि अक्टूबर के अंत तक भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। एक चर्चा यह भी है कि पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव होने तक एक कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाए। हालांकि अगले अध्यक्ष के नाम को लेकर पार्टी संगठन के साथ ही राजनैतिक हलकों में कयासों का दौर शुरू हो चुका है। अध्यक्ष पद की दौड़ में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और दुष्यंत कुमार गौतम, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष के. लक्ष्मण तथा राज्यसभा सांसद ओम प्रकाश माथुर का नाम चर्चा में है। इनके अलावा बैजयंत जय पांडा और सुनील बंसल भी दौड़ में बताए जा रहे हैं। एक पक्ष यह भी है कि संगठन से जुड़े किसी ▶▶ शेष पेज 5 पर



विनोद तावड़े | दुष्यंत कुमार | डॉ. के. लक्ष्मण | ओम माथुर | बैजयंत जय पांडा | सुनील बंसल

### अध्यक्ष पद के लिए संभावित चेहरे

**विनोद तावड़े:** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के विश्वासपात्र माने जाते हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में तावड़े की गिनती तेजतर्रार और जमीनी नेताओं में होती है। 61 वर्षीय विनोद तावड़े महाराष्ट्र में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। वे महाराष्ट्र सरकार में शिक्षा, संस्कृति और खेल महकमों के मंत्री भी रह चुके हैं। तमाम मौकों पर देखने को मिला है कि बड़े मसलों पर तावड़े को पार्टी के अन्य महासचिवों के मुकाबले ज्यादा तरजीह दी जाती है। चुनौतियों से निपटने की अपनी काबलियत के दम पर भाजपा के केंद्रीय संगठन में उनका कद लगातार बढ़ रहा है।

**दुष्यंत कुमार गौतम:** दिल्ली की राजनीति से होते हुए पार्टी के केंद्रीय संगठन में पहुंचे 66 साल के दुष्यंत कुमार गौतम वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। राज्यसभा सदस्य गौतम पार्टी के बड़े दलित नेताओं में गिने जाते हैं। वे पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। अगर पार्टी नेतृत्व किसी दलित नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर विचार करता है तो गौतम प्रबल दावेदार होंगे। कई साल पहले वे दिल्ली में विधायक भी रह चुके हैं।

**डॉ. के. लक्ष्मण:** राज्यसभा सदस्य डॉ. के. लक्ष्मण तेलंगाना भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते हैं। अभी वे भाजपा के राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष पद पर काबिज हैं। 63 वर्षीय लक्ष्मण तेलंगाना में भाजपा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्षिण से हो या उत्तर भारत से

संघ और भाजपा के भीतर इस बात पर भी मंथन चल रहा है कि पार्टी का अगला अध्यक्ष उत्तर भारत से हो या दक्षिण भारत से। यह काफी महत्वपूर्ण बिंदु है। भाजपा दक्षिण भारत में अपने विस्तार पर काफी ताकत लगा रही है। ऐसे में अगर पार्टी की बागडोर दक्षिण भारत से कोई नेता संभालता है तो कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की जनता का मन जीतने की दिशा में यह एक बड़ा कदम हो सकता है। ओडिशा में इस बार के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। केरल और तमिलनाडु में वोट शेयर बढ़ा है। आंध्रा में एनडीए गठबंधन ने जीत हासिल की है। कर्नाटक में भाजपा का व्यापक ▶▶ शेष पेज 5 पर

तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद इस सप्ताह होगी प्रधानमंत्री की यह पहली विदेश यात्रा

# जी-7 वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए इटली जाएंगे



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह जी-7 देशों के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली की यात्रा करेंगे। लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। इस वर्ष जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन इटली के अपूलिया क्षेत्र में मौजूद लग्जरी रिजॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में 13 से 15 जून के बीच किया जा सकता है। जिसमें रूस-यूक्रेन और गाजा में जारी संघर्ष जैसे मुद्दे मुख्यरूप से छाए रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इटली की इस सुनियोजित यात्रा से जुड़े लोगों ने बताया कि वह 13 जून को इटली के लिए रवाना होंगे और जी-7 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के बाद 14 जून की रात में स्वदेश लौटेंगे। हालांकि केंद्र सरकार की तरफ से भारतीय प्रधानमंत्री की इटली की इस यात्रा को लेकर आधिकारिक रूप से मीडिया को फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम संग इटली जाएगा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल

सूत्रों ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी की इटली की यात्रा में उनके साथ भारत से एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। जिसमें विदेश मंत्री एस.जयशंकर, विदेश सचिव विनय क्वात्रा और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल शामिल होंगे। जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी की कुछ भागीदार देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। इसमें इटली की पीएम जियॉर्जिया मेलोनी भी शामिल हैं।

### जी-7 में शिरकत करेंगे बाइडेन, मैक्रों, ट्रूडो

इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति जो.बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो और जापान के पीएम फूमियो किशिदा जैसे दुनिया के कुछ प्रमुख देशों के नेता शामिल होंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की इस सम्मेलन में रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए आक्रमण के विषय पर एक सत्र को संबोधित कर सकते हैं। जी-7 समूह अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा से मिलकर बना है।

कनक वर्धन सिंह देव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला

# मोहन माझी होंगे ओडिशा के मुख्यमंत्री, शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मोहन चरण माझी ओडिशा में भाजपा की सरकार के पहले मुख्यमंत्री होंगे। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्ण बहुमत लेकर बीजेडी को सत्ता से बेदखल किया है।

माझी के साथ दो उपमुख्यमंत्री भी शपथ लेंगे। कनक वर्धन सिंह देव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया गया है। मंगलवार को भुवनेश्वर में भाजपा विधायक दल की बैठक में माझी के नाम पर मुहर लगी। विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और भूपेन्द्र यादव केन्द्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूद थे। माझी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आज बुधवार को भुवनेश्वर में होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी संगठन के बड़े पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मोहन चरण माझी क्योंझर से चार बार के विधायक हैं। उन्होंने 2024 विधानसभा चुनाव में बीजेडी की वीणा माझी को 11 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। इसके अलावा वे 2019, 2009 और 2000 में भी विधायक रह ▶▶ शेष पेज 5 पर



# पद संभालते ही एक्शन में कृषि मंत्री शिवराज



### राजनीति हमारे लिए कर्मकांड नहीं... सेवा का माध्यम

*नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पूजा-अर्चना कर कृषि मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने कृषि मंत्रालय का औचक निरीक्षण किया। शिवराज सिंह ने निरीक्षण के दौरान मंत्रालय के लिफ्टमैन,* ▶▶ शेष पेज 5 पर

कॉलेज-यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने वालों के लिए बड़ी खबर

# साल में दो बार ले सकेंगे दाखिला, जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉलेज या विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए बड़ी खबर है। छात्र अब एक साल में दो बार दाखिला ले सकेंगे। कॉलेज और विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए दो सत्र चलाए जाएंगे। जो छात्र पहले सत्र में दाखिला लेने से रह जाएंगे वे दूसरे सत्र में एडमिशन ले सकते हैं।

भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर एक साल में दो बार एडमिशन देने की अनुमति मिल जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। यूजीसी अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर




### दुनियाभर के विश्वविद्यालय द्विवार्षिक प्रवेश प्रणाली चला रहे

यूजीसी प्रमुख ने बताया कि साल में दो बार प्रवेश से उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को अपने संसाधन वितरण, जैसे संकाय, प्रयोगशाला, कक्षाएं और सहायक सेवाओं की योजना ▶▶ शेष पेज 5 पर

विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जयशंकर ने साफ किया चीन और पाकिस्तान को लेकर भारत का रुख

विदेश मंत्रालय के दो सहयोगी राज्य मंत्रियों ने स्वागत किया

# एलएसी विवाद और आतंकवाद की समस्या का समाधान निकालेगा भारतः जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री के रूप में डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को राजधानी के जवाहर भवन स्थित विदेश मंत्रालय में अपना कार्यभार संभाला। मंत्रालय में पबित्रा मार्गेरिटा और कीर्तिवर्धन सिंह जैसे दो सहयोगी राज्य मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद विदेश मंत्री ने देश की विदेश नीति, पड़ोस सबसे पहले नीति व चीन और पाकिस्तान को लेकर भारत के ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 2020 से जारी एलएसी विवाद

*भारत और चीन की थल सेनाओं के बीच वर्ष 2020 के मध्य से पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद जारी है। दोनों देशों के बीच कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के बाद भी आज तक इसका पूरी तरह से समाधान नहीं निकाला जा सका है। केवल एलएसी के कुछ बिंदुओं पर ही तनाव खत्म हुआ है और दोनों सेनाएं अपनी पूर्ववर्ती स्थिति में तैनात हो गई हैं। जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान के साथ वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद से द्विपक्षीय संबंध पटरी से उतरे हुए हैं। इनमें और अधिक गिरावट भारत द्वारा अगस्त-2019 में राज्य से धारा-370 की समाप्ति के* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विदेश नीति के दो प्रमुख सिद्धांत

एस. जयशंकर ने विदेश नीति को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि 'भारत सबसे पहले' और 'वसुधैव कुटुंबकम' भारत की विदेश नीति के दो प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। इन दोनों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जिक्र किया है। दोनों से हमें पूरा विश्वास है कि भारत विश्व बंधु के रूप में अपने आप को स्थापित कर सकेगा। इससे ही भारत एक ऐसा देश बनेगा जिसपर संकटकाल, विभाजित विश्व और विवादों की स्थिति में भी कई देश भरोसा कर ▶▶ शेष पेज 5 पर

# 13 वर्षीय किशोर ने भेजा था कनाडा जाने वाली फ्लाइट में बम का मेल

## पुलिस का टेस्ट लेने के लिए भेजा था मेल, काउंसलिंग के बाद चेतावनी देकर परिजनों को सौंपा किशोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली से टोरंटो, कनाडा जाने वाली फ्लाइट में बम की धमकी वाला ईमेल 13 साल के एक किशोर ने भेजा था। किशोर मेरठ का रहने वाला है। उसने बाद में वह ईमेल आईडी डिलीट भी कर दी थी। वह देखना चाहता था कि पुलिस उस तक पहुंच पाती है या नहीं।

पुलिस ने किशोर के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई किशोर की काउंसलिंग करवाई और फिर चेतावनी देकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया। इस केस में पुलिस ने दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। एयरपोर्ट डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार 4 जून को आईजीआई एयरपोर्ट थाने को इस मामले की सूचना मिली थी। डायल ने बताया कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा फ्लाइट में बम की धमकी वाला एक ईमेल उसे मिला है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसओपी में निर्धारित दिशा निर्देशों और प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

### एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज कर जांच की थी शुरू

फ्लाइट की गहन जांच के बाद इसे हॉक्स करार दिया गया। इसके साथ ही एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीम ने जांच के दौरान पाया कि ईमेल आईडी मेल भेजने से सिर्फ कुछ घंटे पहले ही बनायी गयी थी। ईमेल के स्त्रोत का पता लगा पुलिस मेरठ में किशोर तक पहुंच गई। उसे पकड़ सवाल जवाब किए गए। उसने बताया कि धमकी वाला ईमेल भेजने का विचार मीडिया में छपी एक खबर को देख उसके जहन में आया था। यह खबर मुंबई एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट में बम होने की अफवाह से जुड़ी थी।

### नई ईमेल आईडी बनाई

वह देखना चाहता था कि ऐसे मामलों में पुलिस धमकी देने वाले तक पहुंच पाती है या नहीं। किशोर ने बताया कि उसने पहले नई ईमेल आईडी बनायी। मेल भेजने के लिए उसने वाईफाई के माध्यम से अपनी मां के मोबाइल की इंटरनेट सेवाओं का इस्तेमाल किया। ईमेल भेजने के बाद उसने तुरंत ईमेल आईडी डिलीट कर दी।

### खबर देख हुआ खुश

अगले दिन मीडिया में दिल्ली एयरपोर्ट पर बम की खबर देख वह काफी खुश हुआ। इस बारे में उसने अपने माता पिता को कुछ नहीं बताया। पुलिस ने इस प्रकरण से जुड़े दोनों मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां से मिले आदेश के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया।

# द्वारकाः पार्क की दीवार पर 'फ्री कश्मीर' लिखा मिला

## प्राथमिकी दर्ज, सीसीटीवी फुटेज खंगाली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के द्वारका उत्तर क्षेत्र में एक पार्क की दीवार पर आपत्तिजनक भित्ति चित्र पाया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार की शाम को द्वारका सेक्टर 13 में डीडीए पार्क की दीवार पर एक भित्तिचित्र पाया गया जिस पर 'फ्री कश्मीर' लिखा हुआ था। अधिकारी ने बताया कि द्वारका उत्तर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता और संपत्ति विरूपण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोषियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## खबर संक्षेप

### व्यापारियों को वसूली के लिए कॉल करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके से हिमांशु भाऊ और नवीन बाली गिरोह से जुड़े एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान साहिल जैन (24) के रूप में हुई है। वह हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती, झपटमारी और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज 19 मामलों में शामिल है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) अमित कौशिक ने कहा कि हमने देखा कि राष्ट्रीय राजधानी में व्यापारियों को जबरन वसूली के लिए कॉल की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। ज़्यादातर कॉल गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के नाम से की गई। हमने यह भी देखा कि आरोपी पैसे देने से मना करने वालों के घरों के बाहर गोलीबारी करते थे। उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने साहिल जैन की पहचान की, जो जबरन वसूली के पीड़ितों और गैंगस्टर नवीन बाली व हिमांशु भाऊ के बीच मध्यस्थता का काम करता था। पुलिस निरीक्षक मान सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने पिछले दिनों उत्तम नगर इलाके से जैन को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल, दो कारतूस और एक स्कूटर जब्त की गई है।

### जेल अधिकारियों से की कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा कि इस बीच, मौजूदा अपीलार्थी (पिल्लई) की स्वास्थ्य स्थिति और उसे प्रदान किए जा रहे उपचार के संबंध में नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 जून को तय की है और निर्देश दिया कि आदेश की एक प्रति आवश्यक जानकारी और अनुपालन के लिए जेल अधीक्षक को भेजी जाए। अदालत ने इससे पहले नोटिस जारी कर प्रवर्तन निदेशालय को जवाब दाखिल करने के लिए कहा था। एजेंसी के वकील ने बताया कि जवाब दाखिल कर दिया गया है, लेकिन अभी तक रिकॉर्ड में नहीं रखा गया है। अदालत ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई की तारीख से पहले जवाब को रिकॉर्ड में रखा जाए।

### एक आरोपी दो मर्डर केस में रह चुका शामिल, एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल

# इरफान उर्फ छेनू गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



'इरफान उर्फ छेनू गैंग' के दो सदस्यों को कई आपराधिक मामलों में कथित संलिप्तता को लेकर उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस में मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राकेश पावरिया ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान हाजी इमरान (41) और अब्दुल रहमान (38) के रुप में हुई है। पावरिया ने बताया कि पुलिस अधिकारी के अनुसार, दोनों आरोपी एक कार में यात्रा कर रहे थे। पुलिस की इसकी सूचना पहले से थी। पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने उन्हें रोका तो वे कार से उतरकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनके पास से तीन कारतूसों से भरी एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और एक कारतूस सहित एक देशी पिस्तौल जब्त की गई। एक अन्य अधिकारी ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान इमरान ने खुलासा किया है कि वह 2010 में आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया और छेनू गैंग का नेतृत्व करने वाले इरफान से जुड़ गया। 'छेनू गैंग' पूर्वी दिल्ली में जबरन वसूली, डकैती और चोरी के कई मामलों में शामिल रहा है। इरफान तिहाड़ जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार, इमरान और इरफान 2011 में पूर्वी दिल्ली में डकैती केएक मामले में शामिल थे। इसके साथ ही उन्होंने साल 2017 में जाफराबाद और भजनपुरा इलाके में एक गैंगवार के दौरान कथित तौर पर दो हत्याएं भी की थीं। हत्याओं के मामले में इमरान करीब साढ़े तीन साल तक न्यायिक हिरासत में रहा। पुलिस ने बताया कि 2022 में वह जेल से बाहर आया और उसने अब्दुल रहमान को अपना साथी बना लिया। पुलिस ने आगे बताया कि इमरान पूर्वी दिल्ली में आठ आपराधिक मामलों में और रहमान जुआ और चोरी के मामलों में कथित तौर पर शामिल रहा है।

## रानीबागः हात्या का आरोपी जीजा पंजाब से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रानीबाग इलाके में पत्नी के सामने ही साले का कत्ल करने वाले आरोपी को बाहरी जिले की पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम प्रकाश पनेरु (24) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू और उसके खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। डीसीपी जिम्मी चिरम के अनुसार 8 जून को सैनिक विहार एरिया में अर्जुन (25) नामक युवक पर चाकू से हमले की सूचना मिली थी। घायल को भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के पेट पर चाकू से हमला किया गया था। वारदात की चश्मदीद उसकी बहन ही थी। उसके बयान पर पुलिस ने रानीबाग थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया। मृतक की बहन ने पुलिस को बताया कि भाई अर्जुन और उसके बहनोई प्रकाश के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें प्रकाश ने अर्जुन के ऊपर चाकू से हमला कर दिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और उसे पंजाब के लुधियाना ताजपुर रायकोट से पकड़ लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## नौकरी के महीने बाद ही नौकर ने चुराये साढ़े 12 लाख

### लाहौरी गेट इलाके का मामलाः आरोपी नौकर दबोचा, 10.70 लाख रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लाहौरी गेट इलाके में एक शख्स की मालिक के साढ़े 12 लाख रुपयों पर नीयत खराब हो गई। उसने मौका देख अलमारी में रखी रकम साफ कर ससुराल में छिपा दी। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो नौकर की करतूत का खुलासा होते देर ना लगी। उसकी निशानदेही पर यूपी के रायबरेली स्थित उसके ससुराल से 10.70 लाख रुपए बरामद कर लिये गये। आरोपी का नाम नीरज बताया गया है। दो जून को दिनेश अग्रवाल नामक शख्स ने चोरी की शिकायत दर्ज करायी थी। बताया कि उनके ऑफिस की अलमारी से साढ़े 12 लाख रुपए चोरी हुए हैं। घटना वाले दिन वह अपने ऑफिस में नहीं थे। उन्होंने अपने नौकर नीरज पर शक जाहिर किया था। उसे एक महीने पहले ही काम पर रखा गया था। बाद में आरोपी को रायबरेली में उसके ससुराल से पकड़ लिया गया। नीरज ने बताया कि करीब एक महीने पहले ही उसने पीड़ित के पास काम करना शुरु किया था। पीड़ित खारी बावली में सूखे मेवों का बिजनेस करता है। आरोपी ने बताया कि आमतौर पर उसका मालिक और वह रात के समय ऑफिस में ही रहते थे। एक दिन उसकी नजर मालिक के रुपयों पर पड़ी, जिन्हें देख वह लालच में आ गया था। घटना वाली रात उसने मालिक के भतीजे की जेब से अलमारी की चॉबी निकाली और अलमारी में रखी रकम चोरी कर ली। उसने फरार होने से पहले परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए थे। इस वारदात के बाद आरोपी अपने गांव चला गया था। इसने चोरी की रकम का एक बड़ा हिस्सा ससुराल में रख दिया था, बाकी रुपए उसने मौजमस्ती में उड़ा दिए।

## नोएडाः मुठभेड़ के बाद टेंपो लूटने वाले तीन बदमाश दबोचे

एजेंसी ⏭ नोएडा



उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस ने एक निजी कंपनी का टेंपो लूटने वाले तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीनों बदमाश घायल हुए हैं जबकि एक फरार होने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से लाखों रुपये का सामान बरामद किया गया।

अपर पुलिस उपायुक्त (द्वितीय) ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि 10 जून को अज्ञात बदमाशों ने सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित अमेजन वेयरहाउस से लाखों रुपए का सामान भर के जा रहे टेंपो के चालक के साथ मारपीट करके सारा सामान लूट लिया था। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस की कई टीमें बनाई गईं और सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली की लूटे गए सामान को बदमाश बेचने के लिए निकले हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पक्षी विहार के पास बदमाशों को घेर लिया और खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस कर्मियों पर गोली चलाई। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाईं, जो बदमाशों के पैर में लगीं। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान सचिन उर्फ बिट्टू (गाजियाबाद), राहुल (हापुड़) और सनी (हापुड़) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हालांकि इनका साथी मोनू उर्फ दीपक मौके से भागने में सफल रहा।

### तीन देसी तमंचे और कारतूस भी जब्त

अधिकारी ने बताया कि इन बदमाशों के पास से कंपनी के 26 पैकेट भी बरामद किये गये हैं साथ ही इनके कब्जे से तीन देसी तमंचे और कारतूस भी जब्त किये गये। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने लूटपाट की कई वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है।

# निगम के हाउस टैक्स विभाग में लगी आग, फाइलें जली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम के सिटी एसपी जोन कार्यालय के हाउस टैक्स विभाग में सुबह मंगलवार को आग लगने से फाइल, कंप्यूटर जलने की सूचना है। आग की इस घटना को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने भी पुष्टि की है लेकिन आग लगने के क्या कारण रहें, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। वहीं, सूत्रों की मानें तो बताया जा रहा है कि इस हाउस टैक्स विभाग की कुछ फाइलों को मुख्यालय द्वारा बार बार मांगा जा रहा था, जो कि किसी औद्योगिक क्षेत्र की इकाईयों की बताई जा रही है और इन इकाइयों पर भारी भरकम टैक्स बनता था। निगम मुख्यालय ने कई बार इन फाइलों की मांग की थी लेकिन फाइल नहीं दी जा रही थी। बताया जाता है कि मंगलवार को सुबह 6 बजे के आसपास आग लगी और इसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ी जिसके चलते दिन भर कार्य भी नहीं हो सका। सूत्रों का कहना है कि यदि उस समय कोई आया है तो हो सकता है कि आग उसी ने लगाई हो। बताया जाता है कि मेज पर रखीं कुछ फाइलें, कंप्यूटर जल गए हैं। आग बुझाने के लिए मौके पर अग्निशमन की एक गाड़ी पहुंची थी।

### डाबड़ी में तेल के टैंकर से उठी आग की लपटें

**नई दिल्ली।** डाबड़ी इलाके के राजापुरी में पेट्रोल पंप पर तेल के टैंकर से आग की लपटें उठने से मंगलवार को हड़कंप मच गया। आनन फानन में पंप के स्टाफ ने आग बुझाने वाले सिलेंडर का इस्तेमाल कर आग पर काबू पा लिया तब कहीं जाकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

### पेट्रोल पंप स्टाफ ने समय रहते पाया आग पर काबू

पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब पौने दो बजे इस घटना की सूचना मिली थी। टैंकर के ऊपरी हिस्से में आग की कुछ लपटें निकलते देख पंप कर्मचारियों ने समय रहते उसे बुझा दिया। घटना में किसी नुकसान की सूचना नहीं है। इस बीच सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल की गाड़ी भी पहुंची थी। पेट्रोल पंप के स्टाफ ने पुलिस को बताया कि दोपहर को एक टैंकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा था। टैंकर के ऊपर सेंसर वायर लगी होती हैं। टैंकर के ऊपर लगे लॉक सेंसर के जरिए पेट्रोल पंप पर पहुंचने के बाद ही खुलते हैं। उन्हीं तारों से अचानक धुआं उठा और आग की हल्की लपटें निकलने लगी।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | गांव लिवासपुर वार्ड नं. 7, एम.सी. सोनीपत में कब्रिस्तान में चारदिवारी का निर्माण और मिट्टी भराई। | 06.06.2024 14.06.2024 | 11610/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | शमशान घाट, कबीरपुर, वार्ड-13, एम.सी. सोनीपत में चारदिवारी और हॉल (15.24 मी. × 7.62 मी.) का निर्माण + 4 कार्य। | 06.06.2024 28.06.2024 | 3.16 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26624/I/88/7 दि. 11.06.24

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार | जीजेयू एस एंड टी, हिसार के विश्वविद्यालय परिसर की परिधि के भाग के साथ-साथ 12 फीट चौड़ा इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर ब्लॉक्स रोड और सुरक्षा चौकी का निर्माण तथा विश्वविद्यालय परिसर के चारदिवारी की ऊंचाई को उठाना / पुनर्निर्माण। | 14.06.2024 04.07.2024 | 166.27 लाख | https://www.gjust.ac.in | 01662-263105 uwdgjuhsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/60/26610/I/88/7 दि. 11.06.24


# लोगों को आतंकी हमले के बारे में आगाह कर रहा था दिल्ली का युवक, पीछे से गर्दन में गोली लगने से मौत

## मंडोली में किया गया युवक का अंतिम संस्कार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



जम्मू में आतंकी हमले की शिकार हुई बस में सवार 21 वर्षीय सौरव गुप्ता ने अन्य यात्रियों को आगाह करने के लिए शोर मचाया था, लेकिन तभी एक गोली उनकी गर्दन के पिछले हिस्से में लग गयी। रविवार को जम्मू के रियासी में बस पर हुए आतंकी हमले में मारे गए नौ तीर्थयात्रियों में सौरव भी शामिल थे। सौरव के पिता कुलदीप गुप्ता और परिवार के अन्य सदस्य शव को एंबुलेंस से दिल्ली लेकर आए। मंगलवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मंडोली इलाके में उनके घर के पास अंतिम संस्कार किया गया।

### संतान प्राप्ति की प्रार्थना के लिए वैष्णो देवी मंदिर गए थे

सौरव अपनी पत्नी शिवानी गुप्ता के साथ संतान प्राप्ति की प्रार्थना के लिए जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर गए थे। दो साल से शादीशुदा इस जोड़े को उसी दिन बाद में घर लौटना था। सौरव के चाचा मनोज गुप्ता ने कहा कि शिवानी ने अपनी आंखों के सामने अपने पति को मरते हुए देखा। वह बेसुध है। उन्होंने बताया कि जब आतंकवादियों ने बस पर हमला किया, तब सौरव चालक के पीछे खिड़की वाली सीट पर बैठे थे। जैसे ही गोलीबारी शुरू हुई, उन्होंने शोर मचाया, लेकिन उन्हें गोली लग गई। गोली उनकी गर्दन के पिछले हिस्से में लगी, क्योंकि वह खिड़की के पास बैठे थे। मनोज गुप्ता ने बताया कि शिवानी हमले में सुरक्षित बच गईं, लेकिन बस के खाई में गिर जाने से उनके पैर और चेहरे में फ्रैक्चर हो गया। शिवानी का फिलहाल दंपति के घर के पास स्थित एक नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। तीन साल की उम्र में अपनी मां को खो चुके सौरव के परिवार में उनकी पत्नी, पिता और एक छोटा भाई है। सौरव का छोटा भाई कॉलेज में पढ़ रहा है। सौरव गांधी नगर में एक एक्सपोर्ट हाउस में काम करते थे।


IndusInd Bank — OFFICE ADDRESS: 43, BHAGERIA HOUSE NEW FRIENDS COLONY, NEW DELHI-110025

HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Soecification on **"AS IS WHERE IS BASIS"** Vehicle's Model & Reaistration No. Given Below

| DEAL NO | CUSTOMER NAME | REGISTRATION NO | ENGINE NO | CHASSIS NO | MODEL | YEAR OF MFG |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DUS00334G | RAJEEV | UP19AT1993 | PXP6E16757 | MA1FN2PXRP6E57798 | MAHINDRA SUPRO MINITRUCK CNG BS6 | 2023 |
| DUZ01123G | HAKEEM | UP12BT7922 | 800CCDI02EXXS66978 | MAT535315NYE25313 | TATA INTRA V10 BS VI | 2022 |
| DAS00897G | BANARAS | DL1LAJ7427 | 275CNG17AWXS12452 | MAT556002PVA06176 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DBR00471G | MUKESH | DL1LZ9669 | AZXWNC84894 | MD2B25AX4NWC26233 | BAJAJ RE CNG | 2022 |
| DAS00943G | ASHOK | DL1LAJ9691 | REVTRN18DWXS43555 | MAT535327PYD16133 | TATA INTRA V20 BIFUEL BS6 | 2023 |
| DAS00562G | SANGAM | DL1LAG3712 | 275CNG17PYXSD1066 | MAT556002MVP66297 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DAA02526G | RAKESH | UP80GT6480 | G12BN1198376 | MA3EZLF1T00271071 | MARUTI SUPER CARRY CNG | 2023 |
| DAA02674G | SACHIN | UP80HT0176 | G12BN1203126 | MA3EZLF1T00275644 | MARUTI SUPER CARRY CNG | 2023 |
| DUB00203G | ANISH | UP20AT8869 | G12BN1068974 | MA3EZLF1T00231561 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DUB00319G | BABLU | UP20BT2689 | G12BN1200185 | MA3EZLF1T00272728 | MARUTI SUPER CARRY STD CNG1.2L 5MT BSVI | 2023 |
| UHK00580G | ASHARAF | UK19CA1095 | 275MPFI01EXXS69071 | MAT559002NVE29731 | TATA ACE GOLD P HIGHDECK BS VI | 2022 |
| UYN00410G | AKASH | UP24AT3618 | 700CCDI02GXXSA6241 | MAT559029NVG44738 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2022 |
| DMM03369G | MOTI R | UP15FT 7261 | 275CNG17DXXS57833 | MAT556002NVD24994 | TATA ACE GOLD CNG | 2022 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

PLACE : DELHI — Contact Person : NAME YOGESH SAINI, MOBILE NO. 8860862245

## खबर संक्षेप

### देवेंद्र ने पूर्व मंत्री हारून से मुलाकात कर कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री हारून यूसुफ से मुलाकात की और संगठन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। जबकि देवेंद्र ने कांग्रेसी निगम पार्षदों से भी मुलाकात की और उन्हें जनता के हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य करने का मंत्र दिया। जानकारी अनुसार देवेंद्र ने पूर्व मंत्री यूसुफ से मुलाकात को औपचारिक बताया। इस बैठक में दोनों नेताओं ने लोकसभा चुनावों के बाद आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की। दोनों के बीच संगठन को और चुस्त दुरूस्त करने व पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने जैसे मुद्दों पर मंत्रणा हुई। सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी से हुआ गठबंधन टूटने के बाद अब दिल्ली में आप सरकार की कमियों को लेकर कैसे लोगों को जागरूक किया जाए। वहीं निगम पार्षदों से मुलाकात में देवेंद्र ने कहा कि निगम पार्षद सदन के अंदर व बाहर दोनों जगह जनहित मुद्दों पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि निगम के अधीन आने वाले सैकड़ों कार्य ऐसे है जो सीधे सीधे आम आदमी के जन जीवन को प्रभावित करते है। ऐसे में आम आदमी की आवाज को उठाना कांग्रेस के हर नेता व पार्षद का पहला दायित्व बनता है।

### कैलाश गहलोत ने की 14 दोषियों की समयपूर्व रिहाई की सिफारिश

नई दिल्ली। दिल्ली के गृह मंत्री कार्यालय द्वारा मंगलवार को 14 दोषियों की समयपूर्व रिहाई का प्रस्ताव उपराज्यपाल के पास भेजा गया है। इस बात की जानकारी दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को दी है। उल्लेखनीय है कि वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करते हुए, दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने 23 फरवरी 2024 को सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) मीटिंग की अध्यक्षता की थी जिसमें कुल 92 मामलों पर विचार किया गया था और 14 मामलों में दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने की सिफारिश की गयी थी। इस मीटिंग में बोर्ड के अन्य सदस्य, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), महानिदेशक (जेल), प्रधान सचिव (कानून), प्रधान जिला न्यायाधीश, स्पेशल कमिश्नर (पुलिस) एवं निदेशक (समाज कल्याण) भी शामिल हुए थे। दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को कहा कि सजा समीक्षा बोर्ड ने न्याय और पुनर्वास के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक मामले को उसके इंडिविजुअल मेरिट के आधार पर गहनता से विचार किया है।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री ने आईटीओ बैराज का किया निरीक्षण

# दिल्ली में इस बार नहीं आएगी बाढ़ : भारद्वाज

*आईटीओ स्थित बैराज के सभी गेटों को खोल दिया गया है ताकि पानी के प्रवाह में किसी प्रकार की ना हो रुकावट*

*बीते वर्ष बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए सभी रेगुलेटरों को कर लिया गया है दुरुस्त*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पिछले वर्ष की तरह भी पानी आया तो भी यमुना में बाढ़ नहीं आएगी। इसके लिए लिए दिल्ली सरकार ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह बात मंगलवार को दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आईटीओ स्थित यमुना बैराज के निरीक्षण के दौरान कही।

गौरतलब है कि आने वाले मानसून के मद्देनजर दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज मंगलवार को आईटीओ स्थित यमुना के बैराज की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। भारद्वाज ने विभाग के अधिकारियों संग आईटीओ बैराज की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बैराज पर चल रहे काम की संपूर्ण जानकारी मंत्री के समक्ष रखी। बीते वर्ष मानसून के समय इसी बैराज के कारण यमुना में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके कारण यमुना के आसपास के क्षेत्र में जलभराव हो गया था और लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा था। बीते वर्ष की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानसून के आने से पहले ही इस बार परिस्थितियों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बैराज का दौरा करते हुए मंत्री सौरभ बताया कि पिछले साल जिस मात्रा में वर्षा हुई और हरियाणा की ओर से जितना पानी यमुना में छोड़ा गया, बीते कई दशकों में इतना पानी कभी यमुना में नहीं आया था और यही कारण था, कि बीते वर्ष यमुना में बाढ़ की स्थिति बन गई थी।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह बैराज हरियाणा सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, इस बैराज के संचालन की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की है, परंतु बीते वर्ष की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही इस बार दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने समस्या से निपटने के लिए हरियाणा सरकार के साथ तालमेल करके सारी तैयारियां की है। उन्होंने बताया की विभाग द्वारा इस बार ऐसी तैयारी की गई हैं, कि यदि पिछली बार की भांति भी पानी यमुना में अगर आ जाएगा तो भी दिल्ली यमुना में बाढ़ नहीं आएगी और यमुना का पानी सड़कों पर नहीं आएगा।

मौके पर मौजूद बड़ी-बड़ी मशीन जिनके द्वारा बैराज के आसपास जमा मिट्टी को हटाया जा रहा था, उसके संबंध में जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि लगभग पिछले 3 महीने से यह काम चल रहा है और सभी बैराज के आसपास से बड़ी मात्रा में जमा मिट्टी को हटा दिया गया है और सभी बैराजों को खोल दिया गया है I उन्होंने बताया कि कुछ बैराज जो नहीं खुल पा रहे थे उनको काटकर अलग हटा दिया गया है ताकि पानी के प्रवाह में किसी प्रकार की कोई रुकावट न आए। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार इस बार एक नई तकनीक अपना रही है। उन्होंने कहा कि इस नई तकनीक का उपयोग पहले प्रयोग की तरह किया जा रहा है। इस प्रयोग के तहत बैराज के आसपास वर्षों से जमा मिट्टी को ठीक बैराज के सामने से खोजते हुए दूर तक छोटी-छोटी नहरे बना दी जाती हैं।

इस कार्य को करने में यमुना में बनाई गई कृत्रिम नहरों के बीच में वर्षों से जमा मिट्टी के छोटे छोटे टापू बन जाते हैं और जब पीछे से बारिश का पानी हरियाणा की तरफ से छोड़ा जाएगा, तो वह तेज बहाव के साथ इन कृत्रिम नहरों से होते हुए आगे निकलेगा और उसके बहाव के साथ बीच-बीच में बने मिट्टी के यह टापू उस पानी के साथ बेहकर आगे निकल जाएंगे, जिससे कि पानी के रुकने की सारी संभावनाएं समाप्त हो जाएगी और पानी तेज प्रवाह के साथ आगे निकल जाएगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से यमुना में पानी के रुकने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी और जब पानी के प्रवाह में कोई रुकावट ही नहीं होगी तो बाढ़ की सभी संभावनाएं भी समाप्त हो जाएंगी ।

#### 'जो रेगुलेटर टूटा था उसे बनवाया गया नया'

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया कि पिछली बार यमुना में बाढ़ के कारण कुछ जगहों पर रेगुलेटर टूटने की भी घटनाएं हुई थी। इस बार परिस्थितियों से निपटने के लिए सारे रेगुलेटरों की अच्छी तरीके से मरम्मत कर दी गई है। जो रेगुलेटर टूटा था, उसे नया बनवाया गया है और साथ ही साथ बाकी सभी रेगुलेटरों कि पर्याप्त जांच कर ली गई है, उनकी पर्याप्त सर्विसिंग कर दी गई है, ताकि इस बार यमुना में पानी आने की स्थिति में किसी प्रकार की समस्या या दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि हमने उन सभी रेगुलेटर की एक बार टेस्टिंग भी की है और मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार बीते वर्ष की भांति ऐसी कोई भी खबर हमें सुनने को नहीं मिलेगी।

#### शहरी इलाकों में जल भराव को लेकर अलग-अलग विभाग की है जिम्मेदारी

शहरी इलाकों में जलभराव की स्थिति पर जानकारी देते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि शहरी इलाकों में पानी भरने के विभिन्न अलग अलग कारण हैं, जिनकी जिम्मेदारी अलग-अलग विभागों जैसे कि डीडीए, पीडब्ल्यूडी और दिल्ली नगर निगम आदि के पास है। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की जो जिम्मेदारी यमुना में बाढ़ की स्थिति से निपटने की है। विभाग का मंत्री होने के नाते मैं आश्वस्त करना चाहता हूं, कि हमने इस वर्ष इस प्रकार से तैयारी की हैं, कि हमें पूरी उम्मीद है कि इस वर्ष यमुना में बाढ़ की स्थिति नहीं बनेगी।

### लगातार घट रहा है वजीराबाद संयंत्र में जल शोधन

नई दिल्ली। जल संकट के बीच लगातार वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में गिरावट देखने को मिल रही है। इस गिरावट के पीछे मुख्य वजह पानी की कमी को बताया जा रहा है। हालांकि मंगलवार को बिजली संकट भी संयंत्र पर भारी पड़ा। बावजूद इसके शेष सभी संयंत्रों में तय क्षमता से अधिक जल शोधन हो रहा है। हालांकि यह मात्रा भी लगातार गिर रही है। जानकारी अनुसार वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में मंगलवार को 131 एमजीडी से घटकर 113.11 एमजीडी जल शोधन हुआ, जो सामान्य से 17.89 एमजीडी कम है। अगर अन्य शेष सभी संयंत्रों की बात करे तो तय क्षमता से दो एमजीडी से ज्यादा हो रहा है। डीजेबी के समर एक्शन प्लान से जुड़े अधिकारी के अनुसार दिल्ली में कच्चे पानी की कमी महसूस हो रही है।

### पानी की किल्लत, दिल्ली सरकार की सोची समझी साजिश : सचदेवा



नई दिल्ली। दिल्ली में पानी की किल्लत दिल्ली सरकार द्वारा रची गई एक सोची समझी साजिश है जिसके माध्यम से सरकार ने अपने मंत्रियों एवं विधायकों के साथ मिलकर इसे पैसे कमाने का एक जरिया बनाया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान दौरान दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता अगर आज एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान हो रही हैं तो उसके लिए जल मंत्री, जल बोर्ड, उसके अधिकारी, उसके चेयरमैन और दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। सचदेवा ने एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि दिल्ली जलबोर्ड की पाइप लाइनों में लीकेज पिछले दस सालों से चल रही है, लेकिन उसकी आज तक कोई मरम्मत करी गई है। उन्होंने केजरीवाल सरकार से आज दो सवाल पूछे कि वर्षों से लंबित चंद्रावल डब्ल्यूपीटी और द्वारका डब्ल्यूपीटी को अभी तक क्यों नहीं शुरु किया गया इसका जवाब दिल्ली सरकार के मंत्री दें। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के सैकड़ों लोग आज वीडियो पोस्ट डाल कर जलबोर्ड पाइप लाइनों में लीकेज से हो रही बर्बादी को दर्शा रहे हैं। यह खेदपूर्ण है कि सरकार पाइपलाइन लीकेज बर्बादी रोकने की जगह झूठी ब्यानबाजी कर जनता को भ्रमित करने में लगी है। इस दौरान कार्यालय मंत्री बृजेश राय भी उपस्थित थे।

## भाजपा ने छतरपुर में जल संकट को लेकर किया प्रदर्शन




नई दिल्ली। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में पानी के भीषण संकट से क्षुब्ध बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जल बोर्ड कार्यालय पर प्रचंड प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष और दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और पूर्व विधायक चौ. ब्रह्म सिंह तंवर ने संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने जल संकट के लिए आम आदमी पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के त्यागपत्र की मांग की। बिधूड़ी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के झूठे वादे करके सत्ता में आई थी लेकिन पिछले दस सालों में न तो पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कोई प्रयास किया गया और न ही अतिरिक्त पानी को संशोधित करने के लिए कोई प्लांट लगाए गए। मुरादनगर और किशाऊ बांध से अतिरिक्त पानी लाने के समझौतों को भी लागू नहीं कराया गया। दिल्ली सरकार ने जनता को मुफ्त पानी का नारा लगाया था लेकिन जनता को पानी ही नसीब नहीं है और वह हजारों रुपए खर्च करके टैंकरों से पानी मंगा रही है। इस तरह जनता को मुफ्त पानी के नाम पर भी धोखा मिला है। टैंकर माफिया भी आम आदमी पार्टी के विधायक चला रहे हैं।

### एलजी ने जल संकट को लेकर हरियाणा सरकार से की बात, सीएम ने दिया मदद का भरोसा



नई दिल्ली। जल संकट को लेकर एलजी विनय कुमार सक्सेना ने हरियाणा सरकार से वार्तालाप की। राजनिवास से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को केजरीवाल सरकार के मंत्री आतिशी व सौरभ भारद्वाज के साथ हुई बैठक के बाद एलजी सक्सेना ने हरियाणा के सीएम नायब सैनी से वार्तालाप की। सीएम नायब ने एलजी को पुन बताया कि हरियाणा पहले से ही दिल्ली को आवंटित उसके हिस्से का पूरा पानी उपलब्ध करवा रहा है। सीएम नायब ने एलजी को भरोसा दिया कि हमारी सरकार इस समय पड़ रही भीषण गर्मी की लहर के बावजूद हर संभव प्रयास करेगी कि दिल्ली की मदद कर सके। एलजी को बताया गया कि दिल्ली को उसके हिस्से के पानी को कभी भी रोका ही नहीं गया है, बेशक हरियाणा भी पेयजल को लेकर परेशानी झेल रहा हो। हरियाणा सरकार की अब भी हर संभव कोशिश रहेगी कि जहां तक होगा दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने की कोशिश की जाएगी। बता दें कि दिल्ली में इन दिनों पेयजल की भारी कमी से लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल संकट को लेकर केजरीवाल सरकार में जल मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी सक्सेना से मुलाकात की थी। इस बैठक में एलजी सक्सेना ने दोनों मंत्रियों को भरोसा दिया था कि वह हरियाणा सरकार से इस मुद्दे पर अतिरिक्त पानी देने के लिए चर्चा करेंगे। जिसके बाद एलजी ने हरियाणा के सीएम नायब सैनी से पानी को लेकर बातचीत की। हालांकि मंत्रियों के साथ हुई बैठक में एलजी ने पेयजल की माफिया द्वारा की जा रही चोरी व लीकेज को लेकर दिल्ली सरकार को आईना भी दिखाया था।

### जल मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल के बयान पर दी तीखी प्रतिक्रिया, एलजी के आरोप बताए झूठे



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल के बयानों पर जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एलजी के द्वारा दिल्ली सरकार पर जो दोष मढ़े गए हैं वह पूरी तरह से झूठे हैं। इसका पर्दाफाश करते हुए आतिशी ने कहा कि एलजी ने अपने बयान में कहा कि हरियाणा से पूरा पानी आ रहा है, मुनक नहर में मरम्मत की ज़रूरत है और टैंकरों द्वारा मुनक नहर से पानी लिया जा रहा है। एलजी के अनुसार इन तीन वजहों से दिल्ली में पानी की कमी है। आतिशी ने किया उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना के इन तीनों झूठ का पर्दाफ़ाश करते हुए कहा कि एलजी कह रहे है कि हरियाणा पूरा पानी भेज रही है। लेकिन हरियाणा सरकार का सुप्रीम कोर्ट में दिया गया एफिडेविट खुद ये साफ़ कर रहा है कि, वो दिल्ली को 1050 क्यूसेक के बजाय 985 क्यूसेक पानी दे रहे हैं। इससे एलजी के पहले झूठ का पर्दाफाश होता है। आतिशी कहा कि उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार पर दूसरा दोष लगाया कि दिल्ली सरकार मुनक नहर की मेंटेनेंस नहीं करती है जिससे नहर में लीकेज हो रहा है। इस पर आतिशी ने कहा कि मुनक नहर की मेंटेनेंस जहां मुनक से सीएलसी और डीएसबी तक पानी आता है और यहाँ से हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी जाता है, इस पूरे हिस्से की मेंटेनेंस शत प्रतिशत हरियाणा सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है। दिल्ली, हरियाणा से जितना पानी लेती है उसके पैसे देती है और मुनक नहर की मेंटेनेंस का पूरा काम हरियाणा सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है। ऐसे में मुनक नहर को रिपेयर की ज़रूरत है और उसको मेंटेन नहीं किया जा रहा तो ये गलती हरियाणा के सिंचाई विभाग की है। वहीं आतिशी ने कहा कि एलजी के अनुसार टैंकरों के जरिए पानी चुराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बवाना कॉन्टैक्ट प्वाइंट से पहले कम पानी आ रहा है तो इसका सीधा मतलब है कि टैंकर द्वारा हरियाणा में ही मुनक नहर से पानी चुराया जा रहा है।

## महापौर ने पार्षदों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने मंगलवार को शाहदरा उत्तरी जोन की समस्याओं और उनका समाधान करवाने के उदेश्य से क्षेत्र के सभी पार्षदों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर शाहदरा उत्तरी जोन के उपायुक्त, कर्नल विनोद अतरी भी मौजूद थे। इस बैठक में सभी पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याओं और ज़मीनी हकीकत से महापौर को अवगत कराया और महापौर ने अधिकारियों को उनके यथासंभव समाधान के निर्देश दिए। ब्रह्मपुरी वार्ड में स्थित गोकुलपुर ड्रेन की साफ- सफाई की समस्या के बारे में महापौर ने बताया कि दिल्ली सरकार के साथ मिलकर योजना बनायी गयी है कि गोकुलपुर ड्रेन की डी सिलटिंग करवा कर उसे चरणबद्ध रूप से लोहे के जाल से कवर किया जायेगा जिससे स्थानीय लोग उसमें कूड़ा ना डाल सके। डॉ शैली ने बताया कि जल्द ही यह कार्य पूरा कर लिया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले पार्को का रख रखाव के लिए एक योजना बनायीं गयी है जिसपर जल्द ही कार्य शुरू हो जायेगा।

### एमसीडी ने पेपरलेस वेतन प्रणाली को किया लागू

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासनिक सुधारों की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। कार्य कुशलता, पारदर्शिता और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए चल रहे प्रयासों के तहत, एमसीडी कुछ संशोधनों के साथ मौजूदा वेतन मॉड्यूल का उपयोग करके पूरी तरह से पेपरलेस वेतन प्रणाली (पीए-एसए) लागू कर रहा है। अब तक वेतन बिल ऑनलाइन तैयार किए जा रहे थे, हालांकि इसके साथ ही आवश्यक संबंधित कागज़ों का भी इस्तेमाल किया जाता था। अब इस प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, कागज के उपयोग को कम करना और कर्मचारी स्थापना मामलों के तेजी से शिकायत निवारण की सुविधा प्रदान करना है। पीए-एसए जून-2024 महीने के वेतन बिलों से लागू होगा, जो जुलाई, 2024 महीने में वितरित किए जाएंगे। इस प्रणाली के माध्यम से अंतिम वेतन प्रमाण पत्र (एलपीसी) भी तैयार किए जाएंगे।

## दिल्ली में बिजली संकट ने किया बेहाल, कई क्षेत्रों में रही पावर गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पहले ही जल संकट से जूझ रही दिल्ली में मंगलवार को बिजली संकट ने राजधानीवासियों की हालत खराब कर दी। भीषण गर्मी के बीच दोपहर 2:11 बजे अचानक राजधानी के दर्जनों क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। लोगों के पास कोई पूर्व सूचना नहीं पहुंची जिससे जनता यह नहीं समझ पाई की आखिर बिजली क्यों काटी गई है। बिजली गुल होने का असर दिल्ली के जल शोधन संयंत्रों पर भी पड़ा, जिससे कईयों ने कार्य करना बंद कर दिया, जिससे जल शोधन प्रभावित हुआ। बिजली गुल होने का सबसे ज्यादा असर उत्तर पूर्वी दिल्ली पर पड़ा। जिसमें बुराड़ी, प्रधान कालोनी, तिमारपुर, सीलमपुर भजनपुरा, वेलकम, मुस्तफाबाद, गोकुल पुरी, सोनिया विहार, खजूरी, आईटीओ, सीमापुरी, नंदनगरी, करावल नगर, नरेला, सरिता विहार, ओखला, सुखदेव विहार, आश्रम जैसे अनेक क्षेत्र शामिल है। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के आला अधिकारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश मंडोला में स्थित पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के सब-स्टेशन में आग लगने की वजह से यह संकट पैदा हुआ। मंडोला सब-स्टेशन से दिल्ली को करीब 1200 मेगावाट से ज्यादा बिजली मिलती है। ऐसे में आग लगने से मंडोला सब स्टेशन में आग लगने से दिल्ली के कई क्षेत्रों में बिजली संकट खड़ा हो गया।

### नेशनल पावर ग्रिड की वजह से कटी बिजली, हम इसपर तुरंत लेंगे एक्शन : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के उत्तर प्रदेश के मंडोला में स्थित सब-स्टेशन में आग लगने से दिल्ली के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। नेशनल पावर ग्रिड की इस चिंताजनक विफलता को लेकर लेकर ऊर्जा मंत्री आतिशी ने नवनियुक्त केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पीजीसीआईएल के अध्यक्ष से मिलने का समय मांगा है। उल्लेखनीय है कि मंडोला, उत्तर प्रदेश स्थित पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सब-स्टेशन में आग पॉवर कट की वजह बनी। यहां से दिल्ली को 1200 मेगावाट बिजली मिलती है। आतिशी ने कहा कि देश की राजधानी में नेशनल ग्रिड की वजह से इस तरह पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर के फेल होने के परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। हम केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और पीजीसीआईएल के अध्यक्ष से मिलकर मांग करेंगे कि दिल्ली में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने हमेशा 24 घंटे बिजली देने का प्रयास किया है। कुछ हफ़्ते पहले 8300 मेगावाट की पीक पावर डिमांड को भी बिना किसी ब्लैकआउट के पूरा किया है। लेकिन आज दिल्ली में नेशनल पावर ग्रिड की वजह से बिजली कटी और हम इसपर तुरंत एक्शन लेंगे। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में दोपहर 2 बजकर 11 मिनट से दिल्ली के कई हिस्सों में खासतौर पर पूर्वी दिल्ली और आईटीओ, दक्षिणी दिल्ली में सरिता विहार, सुखदेव विहार सहित कई इलाकों में एक बड़ा पावर कट हुआ। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उत्तर प्रदेश के मंडोला में स्थित पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के एक सब-स्टेशन में आग लग गई। उन्होंने कहा कि, पूरे देश के पावर ट्रांसमिशन को केंद्र सरकार चलाती है। दिल्ली में बहुत कम बिजली का उत्पादन होता है और दिल्ली बिजली की अपनी जरूरतों के लिए देश के दूसरे राज्यों से बिजली खरीदती है जो एनटीपीसी और पीजीसीआईएल के माध्यम से दिल्ली तक आती है। उन्होंने कहा कि ये बेहद चिंताजनक है कि आज हमारे देश के राष्ट्रीय स्तर का पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ हफ़्ते पहले जब पीक पॉवर डिमांड 8300 मेगावाट पहुंची तब भी दिल्ली ने बिना किसी ब्लैकआउट और बड़े पावर फेलियर के इसे पूरा किया। आज दिल्ली में नेशनल पावर ग्रिड की वजह से आज बिजली कटी है और हम इसपर तुरंत एक्शन लेंगे।

केजरीवाल ने महिलाओं को दिया था आश्वासन

## एक हजार रुपये मानदेय देने की मांग को लेकर आतिशी के आवास के बाहर महिलाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी के आवास के बाहर महिला मंच की सदस्यों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया और आम आदमी पार्टी (आप) सरकार से शहर की महिलाओं को 1 हजार रुपये मानदेय देने की उसकी बजट घोषणा को पूरा करने की मांग की। मथुरा रोड पर स्थित मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आप सरकार ने अपने बजट में महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह मानदेय देने की घोषणा की थी। यह कोई चुनावी वादा नहीं था, इसलिए सरकार को अब महिलाओं को यह पैसे देने चाहिए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया गया और किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कुछ महिलाएं मंत्री आतिशी के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रही थीं। महिलाएं शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहीं थी, जिससे किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बार-बार आश्वासन दिया था कि दिल्ली की महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में पेश किए गए अपने बजट में आप सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली की वयस्क महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रति माह देने का वादा किया था। वहीं मंत्री आतिशी ने पहले कहा था कि लोकसभा चुनाव के लिए लगी आदर्श आचार संहिता हटने के बाद इस योजना को अधिसूचित किए जाने की संभावना है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक इस योजना को लागू कर दिया जाएगा।

#### प्रदर्शन में भाजपा की महिला शाखा की कार्यकर्ता शामिल : आतिशी

*आतिशी ने अपने आवास पर हुए प्रदर्शन को लेकर कहा कि यह प्रदर्शन भाजपा की महिला शाखा ने किया है। यह विरोध प्रदर्शन विपक्षी भाजपा की महिला शाखा द्वारा वोट बटोरने की उनकी हताशा को दर्शाता है। यह भाजपा की हताशा को दर्शाता है। वे जानते हैं कि दिल्ली के लोग केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। वे जानते हैं कि मुख्यमंत्री 1 हजार रुपये देने का अपना वादा पूरा करेंगे। इसलिए वे उनके नाम पर यहां-वहां कुछ वोटों को खत्म करने के लिए इस तरह के विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।*

**खबर संक्षेप**

### चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा डेंटल कैंप का आयोजन



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के गांव मवई स्थित साईं मंदिर में सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मानव रचना डेंटल कॉलेज के सहयोग से एक डेंटल कैंप का आयोजन किया। कैंप में डॉ. मृणल, डॉ. करीना एवं डॉ. के वीणा राव द्वारा 50 से भी ज्यादा लोगों की निशुल्क दांतों की जांच की गई एवं परामर्श व निशुल्क दांतों से संबंधित दवाई भी दी गई।

### डिजिटल अरेस्ट कर वसूले साढ़े ग्यारह लाख

**गाज़ियाबाद।** साइबर अपराधियों ने वैशाली के युवक को मनी लांड्रिंग के मामले में 22 घंटे



डिजिटल अरेस्ट कर 11.70 लाख वसूल लिए। ठगों ने मुंबई पुलिस की आईपीएस अधिकारी बनकर उन पर मनी लांड्रिंग में बैंक खाते का इस्तेमाल होने का आरोप लगाया और एक साल तक जेल में रहने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। एआई तकनीक से डीपफैक वीडियो बनाकर उसके साथ ठगी की।

### मोबाइल गबन करने वाले पार्टनर को जेल

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला एरिया में फ्रेंचाईजी पार्टनर द्वारा 17 लाख 50 हजार रुपए के मोबाइल फोन गबन



करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 52 मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। पुलिस को शिकायत दी थी।

### अवैध हथियार व चोरी के मुकदमें में 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर ने अवैध हथियार व चोरी के मुकदमें में 2 को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों के नाम रोहित और सचिन है। आरोपी सचिन को तिलपत रोड से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। उसके खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को किया काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा



सेक्टर-65 ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सद्दाम जीवन नगर पार्ट-2 का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम ने उसे चोरी की बाइक सहित गौछी रोंड से काबू किया है। आरोपी ने बाइक को झाडसेंतली से प्रयोग करने के लिए चोरी किया था।

## फरीदाबाद में 100 दिनों तक एनीमिया मुक्ति के लिए विशेष अभियान

# मानसून से पहले ही मलेरिया को पूरी तरह रोकने के लिए अधिकारी करें हर संभव प्रयास

▶▶ अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि वे मलेरिया नियंत्रण व एनीमिया मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग को जरूरी सहयोग देते हुए अपने स्तर पर हर संभव कदम उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मलेरिया की पूर्ण रोकथाम के साथ एनीमिया मुक्त अभियान की सफलता के लिए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने आम जनमानस से पूर्ण सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि वे मलेरिया नियंत्रण व एनीमिया मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग को जरूरी सहयोग देते हुए अपने स्तर पर हर संभव कदम उठाएं।

मलेरिया की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तर मलेरिया वर्किंग कमेटी तथा एनीमिया मुक्ति के लिए बनाई गई टास्क फोर्स की बैठक लघु सचिवालय में बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा कर रहे थे।




**जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करना होगा**

*उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि मानसून की शुरुआत से पहले ही मलेरिया नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास पूरे करें। विशेष रूप से जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करना होगा। स्थाई वाटर बॉडीज में गंबूजिया मछली पालन को बढ़ावा देंए ताकि मच्छरों की पैदावार को रोका जा सके। अस्थाई तौर पर एकत्रित होने वाले पानी में दवाई डाली जाए। साथ ही लंबे समय तक पानी का जमावड़ा नहीं होना चाहिए।*

**पानी जमा करने वालों का चालान करें**

अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित तौर पर फॉगिंग करें। फॉगिंग मशीनों को दुरुस्त रखें। नियमों व निर्देशों की अवहेलना कर जल का जमा करने वालों के चालान करें। लोगों को जागरूक किया जाए कि वे मच्छरों को पैदा होने से रोकने में मदद करें। विशेष रूप से बच्चों को शिक्षित करें ताकि वे अपने अभिभावकों तक जागरूकता संदेश पहुंचायें। मलेरिया नियंत्रण के लिए सभी विभाग नोडल अधिकारी नियुक्त करें, जो स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. प्रवीण अरोड़ा के संपर्क में रहकर हर जरूरी कदम उठायें।
एनीमिया मुक्त अभियान की सफलता का संकल्प लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि इस बार 100 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरुआत 13 जून को होगी। अभियान के तहत विभिन्न आयु वर्ग के 621989 लोगों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनकी एनीमिया जांच की जाएगी। जांच के दौरान आवश्यकता होने पर आवश्यक परामर्श के साथ दवाई भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान में विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग को विशेष भूमिका अदा करनी होगी। सभी बच्चों की एनीमिया जांच करवाई जाए। स्कूल-कॉलेजों में विशेष कैंप लगाकर एनीमिया की जांच की जाए।

## एक ही मोटरसाइकिल पर दिल्ली से माल लेकर आ रहे थे दोनों भाई

# गाजियाबाद में ज्वेलर्स को दिन दहाड़े गोली मारकर लाखों की नगदी व जेवरात लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नंदग्राम पुलिस चौकी के पास बाइक सवार बदमाशों ने दिल्ली से आए आभूषण कारोबारी को शाम पांच बजे गोली मारकर सोना पांच किलो चांदी और करीब डेढ़ लाख रुपए नकदी लूट ली। सिहानी निवासी अंकित वर्मा अपने छोटे भाई दीपक वर्मा के साथ हिंडन विहार में आभूषण की दुकान करते हैं। दोनों भाई दिल्ली माल लेकर आ रहे थे।

गाजियाबाद में अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। नंदग्राम पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हथियारबंद बदमाशों ने दो सुनारों को गनपॉइंट पर लेकर 100 ग्राम सोना, पांच किलो चांदी तथा डेढ़ लाख रुपए की नगदी लूट के फरार हो गए। विरोध करने पर बदमाशों ने एक सुनार को गोली मारकर घायल कर दिया। उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुनार दोनों सगे भाई हैं। एक का नाम अंकित वर्मा व उसका छोटा भाई दीपक वर्मा है।

**खास बातें**

- थैले में साढ़े सात लाख का 100 ग्राम सोना, डेढ़ लाख नकद व पांच किलो चांदी थी
- एक दिन पहले ही व्यापारियों की सुरक्षा की मांग को लेकर प्रशासन को दिया गया था ज्ञापन

**व्यापारियों ने मचा हड़कंप, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष ने कहा- अपराधियों के हौसले बुलंद**

हिंडन विहार में अलग-अलग सुनार की दुकान करते हैं। दोनों एक ही मोटर साइकिल पर दिल्ली से माल लेकर आ रहे थे। करीब साढ़े पांच बजे जब वे नंदग्राम पुलिस चौकी के सामने पहुंचे तभी मोटरसाइकिल पर सवार बंद बदमाश वहां पहुंचे और दोनों को रोक लिया बदमाशों ने उनके साथ लूटपाट शुरू कर दी जिसका विरोध दोनों भाइयों ने किया तो बदमाशों ने दीपक वर्मा को गोली मार दी और माल लूट कर फरार हो गए। बदमाश दोनों भाइयों से 100



ग्राम सोना 5 किलो चांदी तथा डेढ़ लाख रुपए की नगदी लेकर फरार हुए हैं। घटना की सूचना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। उधर घायल दीपक वर्मा को अस्पताल ले जाया गया जो उसकी हालत को गंभीर देखते हुए दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया और उसे वहीं पर भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है उधर अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष रवि वर्मा भी घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में अपराधियों के हौसले बुलंद है खास तौर पर व्यापारियों के साथ लगातार लूटपाट की वारदातें हो रही हैं उन्होंने बताया कि सोमवार को ही ट्रांस इंडियन क्षेत्र के डीपी को उन्होंने एक ज्ञापन दिया था जिसमें व्यापारियों की सुरक्षा करने की मांग की गई थी।

## समस्यायों का कराया मौके पर निराकरण

# संभव में नगर आयुक्त ने सुनी लोगों की फरियाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान 26 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही की। अधिकांश संदर्भ विजयनगर जोन से प्राप्त हुए। नगर आयुक्त ने कई समस्यायों का मौके पर ही निस्तारण कराया।

संभव जनसुनवाई में विजयनगर की जलकल विभाग से समस्या प्राप्त हुई। नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश जलकल विभाग को दिए, जलापूर्ति में किसी प्रकार की ना रहे कभी कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर टीम ने कार्यवाही कराई गई, क्षेत्रीय विजयनगर निवासियों ने नगर आयुक्त की तत्काल कार्यवाही पर धन्यवाद किया।

निर्माण विभाग से 6, स्वास्थ्य विभाग से 4, जलकल विभाग से 5, अतिक्रमण संबंधित 2, टेक्स्ट संबंधित 2, लाइट संबंधित 2, संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार तत्काल कार्यवाही टीम को भेज कर कराई गई, कई माननीय पार्षदों द्वारा भी नगर आयुक्त से शहर के विकास के बारे में चर्चा की गई।

## इ्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट आफिसर एवं अन्य को निर्देश

# परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि आगामी 16 जून आयोजित यूपीएससी द्वारा सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षाओं के लिए किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अंदर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अंदर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हाल में फरीदाबाद में आयोजित होने वाली यूपीएससी की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों और अन्य ड्यूटी करने वाले अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। कहा कि लिखित परीक्षाओं के लिए 16 जून को सुबह 9.30 से 11.30 और दोपहर 2.30 से 4.30 दो शिफ्टों के लिए फरीदाबाद में 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने इस संबंध में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और निरीक्षण अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं के आयोजन संबंधी प्रबंधों के लिए अधिकारी कार्य से जुड़े दायित्वों के बारे में यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर लें।

## योगासन कराकर समझाया योग का महत्त्व

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तर्ज पर जिलों में चल रहे योग प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मनीषा लांबा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तर्ज पर जिले में चल रहे योग प्रशिक्षण का दूसरा दिन सफल रहा। यह प्रशिक्षण जिला में सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयुष विभाग और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी की देख-रेख में संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा योग प्रोटोकॉल के तहत ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योग प्रशिक्षण शिविर में योगासन करते समय क्या सावधानियां बरती जाए और पूर्व में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में जानकारी दी।

आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि जिले में सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में योग प्रशिक्षण 15 जून तक चलेगा। जिसमें आमजन को योग का अभ्यास कराया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर न केवल शरीर को निरोग बना सकते है बल्कि मानसिक तनाव से मुक्ति व जातक बीमारियां जैसे मधुमेह, रक्तचाप जैसी बीमारियों को नियंत्रित भी कर सकते हैं।

## एक नाबालिग समेत सात आरोपी पकड़े

# ड्रोन से रेकी कर कच्ची शराब बनाने की भट्टी का किया पुलिस ने किया भंडाफोड़



**1600 लीटर लाहण व 50 लीटर कच्ची शराब बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भोंडसी थाना पुलिस ने अरावली की पहाड़ी में ड्रोन से रेकी कर कच्ची शराब बनाने की कई भट्टियों का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद करते हुए एक नाबालिग समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि अरावली पर कच्ची शराब बनाई जा रही है। जिसके बाद पुलिस ने ड्रोन की मदद से रेकी की तो सूचना पुख्ता मिली। जिसके बाद एसीपी सोहना विपिन अहलावत के नेतृत्व में भोंडसी थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पाठक व मारुति कुंज चौकी प्रभारी अंकित सहित टीम ने रिठौज गांव के नजदीक अरावली की पहाड़ियों में रेड करते हुए कच्ची शराब बनाने वाले आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान सच्चे, गंगा, मनोज, अनिल, खेमचंद सभी निवासी रिठौज व मुंशीराम निवासी सहजावास, गुरुग्राम के रूप में हुई।

**एक्साइज एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज**

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 50 लीटर कच्ची शराब, आठ अलग अलग ड्रमों में कुल 1600 लीटर लाहण, 2 ड्रम (लोहे), आठ खाली ड्रम (प्लास्टिक), 3 प्लास्टिक कैन खाली, तीन प्लास्टिक कैनभरी हुई समेत एक पतीला भी बरामद हुआ है। आरोपियों द्वारा अवैध रूप से शराब की भट्टी लगाकर कच्ची शराब निकालने पर एक्साइज एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने पहाड़ी के सुनसान एरिया में भट्टी लगाई हुई थी और भट्टी तक पहुंचने के रास्ते भी संकीर्ण/ कच्चे मिले। एसीपी सोहना विपिन अहलावत के निर्देशानुसार ड्रोन से इस एरिया की रेकी की गई, जिसके बाद पुलिस ने भट्टियां तलाशी।

## प्रेम प्रसंग का पता लगने पर दंपती ने रची कंपनी कर्मी की हत्या

# पति के साथ मिलकर लगाया प्रेमी को ठिकाने, हत्या के बाद शव नहर में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राजेंद्रा पार्क थाना एरिया की धनकोट नहर में मिले युवक के शव की गुत्थी को पुलिस ने महज 24 घंटे के दरमियान सुलझा लिया है। युवक की हत्या की उसकी प्रेमिका ने अपने पति के साथ मिलकर की थी और शव को कट्टे में बांधकर धनकोट नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपित दंपति को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि धनकोट नहर में अज्ञात का शव जाल में अटका हुआ है। जिस पर पुलिस द्वारका एक्सप्रेस-वे सेक्टर-99, नहर पहुंची। पुलिस को मौके पर



नहर सफाई कर्मचारी ने बताया कि वह सुबह नहर के टैलपानी जाल से कचरा निकाल रहा था। इस दौरान एक कट्टा जाल में रुका हुआ दिखाई दिया। उसने फावड़े से उसे हटाने का प्रयास किया तो कट्टा खुल गया जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति का शव था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरु कर दिए।

**परिजनों से शव की कराई पहचान**

इधर सेक्टर-10 से एक युवक के गुमशुदा होने पर उसके परिजनों से शव की पहचान कराई गई तो मृतक के हाथ पर गुदे पीवीकेवाई से उसकी पहचान हो सकी। मृतक यूपी के फिरोजाबाद का 38 वर्षीय पुष्पेंद्र था, जो यहां एक कंपनी में काम करता था। मामले में फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई अमित कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले दंपत्ति को सरस्वती एनक्लेव, गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपितों की पहचान 30 वर्षीया नीलम व उसके पति यूपी के एटा निवासी 34 वर्षीय रामनिवास के रुप में हुई। जो गुरुग्राम के सरस्वती एनक्लेव में रहते हैं।

## 'पुष्पा द राइज' फिल्म की तर्ज पर की जा रही थी तस्करी

**42 क्विंटल लकड़ी बरामद, आरोपी कैंटर चालक फरार**

# बेंगलुरु से दिल्ली तस्करी के लिए लाई जा रही थी दो करोड़ की चंदन की लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने बेंगलुरु से दिल्ली तस्करी के लिए कैंटर में भरकर लाई जा रही दो करोड़ की चंदन की लकड़ी मानेसर एनएच-48 पर पकड़ी है। पुलिस नाका देखकर कैंटर का ड्राइवर फरार हो गया। 'पुष्पा द राइज' फिल्म की तर्ज पर चंदन की लकड़ियां तस्करी के लिए मशीनरी के कार्टून में भरकर लाई जा रही थी। पुलिस द्वारा पकड़ी करीब 4200 किलो चंदन की लकड़ी की कीमत करीब दो करोड़ रुपए बताई जा रही है। मानेसर थाना में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

**दिल्ली जाने वाले मार्ग पर की नाकेबंदी**

सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच के प्रभारी सुरेंद्र सिंह की टीम को सूचना मिली कि चंदन की लकड़ी से लदा कर्नाटक के नंबर का एक कैंटर केएमपी से होते हुए जयपुर-दिल्ली हाईवे से दिल्ली की तरफ जाएगा। इसके बाद टीम ने मानेसर घाटी में शनिदेव मंदिर के पास दिल्ली जाने वाले मार्ग पर नाकेबंदी कर दी। वन विभाग के रेंज अधिकारी कर्मवीर को भी इसकी सूचना दी गई। रात करीब दो बजे जयपुर की तरफ से एक कैंटर आता दिखाई दिया और पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया। कैंटर चालक नाका से करीब 20 कदम पहले ही कैंटर को साइड में रोका और मानेसर पहाड़ी की घाटी में अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस के काफी



तलाश करने के बाबजूद भी आरोपी चालक नहीं मिला। कैंटर के अंदर मशीनरी के कार्टून बॉक्स में चंदन की लकड़ी भरी मिली। कर्मवीर ने लकड़ियों को चेक करने के बाद बताया कि इसमें कुल 125 लकड़ियां मिली। आरोपियों ने लकड़ी को तीन-पांच फीट का काटकर कोका कोला, प्रिंस कैसल बिन आइस फिलर, कॉर्नेलियस ब्लू, इलेक्ट्रिक डिस्पेंसर जैसे नाम के बाक्स में रखी थी। कैंटर का धीरज धर्मकांटा नजदीक पॉवर ग्रिड तावडू रोड पचगांव पर ले जाकर वजन कराया। जहां 42 क्विंटल लकड़ी बरामद हुई।
जांच में पता चला कि यह कैंटर बेंगलुरु की एक लॉजिस्टिक कंपनी का था। जिसे नूंह निवासी आमिर चला रहा था। सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने मानेसर थाने में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराकर जांच शुरू कर दी है।

विश्व हिंदू महासंघ का हिंदू स्वाभिमान जागरण कार्यक्रम

# जातीय भेदभाव मिटा कर ही भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा, महापुरुषों को जातियों में बांटना बंद करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा है कि जातीय भेदभाव मिटा कर ही भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। राष्ट्र की शक्ति में सबसे बड़ी बाधा जातीयता और जातीय सेनाएं हैं। जबतक हिंदू समभावी और समरस नहीं होगा, लोग इसका लाभ लेकर हमें बांटते, काटते और छांटते रहेंगे। कभी काबुल, कंधार, लाहौर और करांची, ढाका में भी वंदे मातरम और भारत माता की जय बोली जाती थी। हम बंटते रहे और कटते-छंटते रहे। शेष भारत को एक रखने और अखंड भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए जातियों के बीच वैमनस्य दूर करना होगा। महापुरुषों को जातियों में बांटने के नए चलन को भी बंद करना होगा। प्रजापति विश्व हिंदू महासंघ की ओर से योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर मनाए जा रहे हिंदू स्वाभिमान सप्ताह के क्रम में मंगलवार को साकेत महाविद्यालय के महाराजा जगदंबिका प्रताप नारायण सभागार में आयोजित हिंदू स्वाभिमान जागरण कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- जातीयता और जातीय सेनाएं राष्ट्र की शक्ति में बाधक
- जातीयता के जहर को समाज से हटाएं
- हिंदू सशक्त होगा, तभी भारत एक होगा
- हिंदुओं को समभावी और समरत होना होगा

## योगी के दीर्घायु जीवन की कामना की



विहिम के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे, मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मंत्री मीना सिंह, जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, मातृशक्ति प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पल्लवी वर्मा, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, पं. राजेंद्र पांडेय ने संबोधित किया। स्वस्ति वचान पं. राजेन्द्र पांडेय और संचालन दीपक पाण्डेय ने किया। जन्मोत्सव समारोह में अमिता सिंह, किरण दुबे, अमृता सिंह, सुनीता गौड़, अन्नपूर्णा निषाद व शारदा सोनी ने सोहर प्रस्तुत किया और योगी आदित्यनाथ के दीर्घजीवन की कामना की।

कार्यक्रम में आरोही एक उड़ान की तरफ से छांछ का वितरण किया गया। मौके पर विहिम के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वरूप सिंह, जिला उपाध्यक्ष नीरज पाठक व दीपक पांडे, जिला मंत्री स्वामी धर्मेंद्र, गीता मंदिर के महंत अंजनी शरण दास, धर्माचार्य प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी महंत अजय मिश्र, जिला उपाध्यक्ष महंत अनिल दास, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय शंकर पांडेय व जिलाध्यक्ष दीपक भट्ट, विहिम के महानगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, दीपक दूबे, ब्लाक अध्यक्ष संजीत पांडे, मातृशक्ति प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव, विधि प्रकोष्ठ के आदर्श शुक्ला, गौरव मिश्रा, शिवम शर्मा उपस्थित रहे।

## महापुरुषों को जातियों में सीमित किया जा रहा

प्रजापति ने कहा कि आज महाराणा प्रताप क्षत्रिय समाज तक सीमित कर दिए जाते हैं, जबकि उनके जिस भाले की कीर्ति गाई जाती है, वह भाला एक लोहार ने बनाया, जब वह आर्थिक संकट में आए तो वैश्य समाज आगे आया और भामाशाह ने अपनी सारी संपदा उन्हें सौंप दी, उनकी कीर्ति एक ब्राह्मण श्याम नारायण पांडेय ने खंडकाव्य लिख कर जन-जन तक पहुंचाई। वह किसी एक समाज के कैसे हो सकते हैं। परशुराम भगवान विष्णु के अवतार हैं, वह केवल एक जाति के कैसे हो सकते हैं। उन्होंने दुष्टों से संघर्ष का उत्तराधिकार क्षत्रिय राम को सौंपा था। इस धरा पर संत रविदास, संत कबीर और मीरा पर ही जन्मीं और प्रतिष्ठित हुईं। जातीयता के जहर का ही परिणाम है कि हम उस लक्ष्य तक पहुंचते-पहुंचते रहे गए जिसकी हमें आवश्यकता थी।

### हिंदू सबल और सशक्त हों

मुख्य वक्ता दशरथ महल के महंत ब्रजमोहन दास ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र हिंदुओं की ताकत से ही बनेगा। इसके आवश्यक के ही सारे भेद-भाव त्याग कर हिंदुओं को एक होना चाहिए। केवल एक ही नहीं बल्कि सबल और सशक्त होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विहिम की मातृशक्ति प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री रेखा श्रीवास्तव ने वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त की और कहा कि संगठन को सशक्त करें। हर हिंदू के घर के एक व्यक्ति को विश्व हिंदू महासंघ के जोड़ें। हिंदू सशक्त रहेगा, तभी भारत एक रहेगा।

**खबर संक्षेप**

### हाईवे पर पलटी कार हादसे में 3 की मौत



**जमुई।** बिहार के जमुई में मंगलवार की सुबह चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के अंडीडीह गांव के पास एक कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले सभी पटना के रहने वाले थे। घटना चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से 2 बच्चियों की मौत



**गया।** बिहार के गया जिले में रेल ट्रैक पार कर रहीं दो मासूम बच्चियां मालगाड़ी की चपेट में आ गईं। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। हालांकि अभी तक दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। बच्चियों की उम्र 7 साल और 5 साल बताई जा रही है। घटना गया जंक्शन के बेस्ट केबिन के पास आज सुबह करीब 7 बजे घटी। रेल ट्रैक पर दो बच्चियों की मौत की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को उठवाया। इस घटना के बाद जंक्शन पर हड़कंप मच गया। बच्चियां ट्रैक पार कर रहीं थी और मालगाड़ी को आते देख नहीं सकी।

यूपी के लाखों कर्मचारियों को योगी सरकार का तोहफा

# वेतन वृद्धि के साथ 41 प्रस्तावों पर कैबिनेट ने लगाई मुहर, नई तबादला नीति मंजूर

एजेंसी ⏭ लखनऊ।

> योगी सरकार ने कैबिनेट की बैठक में शासकीय कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, नई ट्रांसफर नीति समेत 41 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। इसमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन मंत्रालय के जिनमें बुंदेलखंड से जुड़ी 26 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

यूपी की योगी सरकार ने मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में शासकीय कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, नई ट्रांसफर नीति समेत 41 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। इसमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन मंत्रालय के हैं जिनमें बुंदेलखंड से जुड़ी 26 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसमें ललितपुर, झांसी, महोबा और झांसी जैसे जिलों से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। योगी सरकार ने अपने लाखों कर्मचारियों को तोहफा दिया है। वेतन वृद्धि को लेकर आए प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इससे अब एक दिन पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। इसके अनुसार अब 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। इसके पहले 8 जून को हुई मंत्रियों की बैठक में दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली में होने के चलते शामिल नहीं हो पाए थे। बैठक में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौजूद रहे जबकि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य इस बार भी शामिल नहीं हुए। बताया जा रहा है कि वह अभी भी दिल्ली में हैं।

**खास बातें**

- सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा
- गाजियाबाद और बरेली में निजी विश्वविद्यालय खुलेंगे
- तबादले के लिए सीएम से लेनी होगी अनुमति
- जिले में 3 और मंडल में 7 साल वाले दायरे में आएंगे



### 5 विश्वविद्यालयों के नामों में संशोधन

योगी सरकार ने प्रदेश के 5 विश्वविद्यालयों के नामों में भी संशोधन किया गया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का नाम अब महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ होगा। इसी तरह मां शाकुम्भरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर से भी राज्य शब्द को हटाने को मंजूरी दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद का नाम गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद करने का निर्णय लिया गया है।

### 2 नए निजी विश्वविद्यालयों को अनुमति

प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रदेश के छात्र अपने ही प्रदेश में उच्च शिक्षा गृहण कर सकें। इसके लिए सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ ही निजी विश्वविद्यालय को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। इन दोनों ने अपने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

### 30 जून तक तबादले कर सकेंगे

नई तबादला नीति के तहत विभागाध्यक्ष 30 जून तक तबादला कर सकेंगे। इसके बाद तबादला करने के लिए सीएम से अनुमति लेनी होगी। तबादले के दायरे में आएंगे। नीति के तहत समूह 'क' और 'ख' कर्मचारियों की कुल संख्या के अधिकतम 20% तक तबादले किए जा सकेंगे। वहीं समूह 'ग' और 'घ' के कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10% तक तबादले करने की अनुमति होगी। नई नीति में यह भी प्रावधान किया गया है कि अगर कोई विभाग समूह ग और घ में निर्धारित 10% से अधिक कर्मचारियों का तबादला करना चाहता है, तो इसके लिए विभागीय मंत्री की इजाजत लेनी होगी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले

# लोकसभा चुनाव जनता के मुद्दों की जीत का रहा, ... अब लक्ष्य विधानसभा 2027



एजेंसी ⏭ सैफई

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में शानदार सफलता के बाद पहली बार मंगलवार को अपने गांव सैफई पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद अखिलेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव जनता के मुद्दों की जीत का चुनाव रहा है। उन सभी मतदाताओं को बधाई जिन्होंने संविधान बचाने के मुद्दे पर अपने अपने घरों से निकलकर सपा के पक्ष में मतदान किया।

उन्होंने कहा कि संसद चलेगी तब वहां पर जनता के मुद्दों को सपा असरदार ढंग से उठाएगी। उन्होंने कहा कि सपा अब देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। इस बार तपती हुई गर्मी में समाजवादी कार्यकर्ता जनता के बीच में लगातार बना रहा। मैं सपा के एक-एक कार्यकर्ता, नेता, संगठन के पदाधिकारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

### करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देंगे

अखिलेश यादव ने बताया कि वह मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देंगे। उन्होंने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि सैफई में मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करने के बाद उन्होंने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक तौर पर दो स्थानों से निर्वाचित होने के बाद किसी भी प्रतिनिधि के लिए एक स्थान छोड़ना पड़ता है। इसी कड़ी में करहल विधानसभा से जुड़े हुए महत्वपूर्ण पदाधिकारी से चर्चा के बाद करहल विधानसभा सीट को छोड़ना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष वे अपना इस्तीफा जल्द ही पेश कर देंगे। गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने पिछले विधानसभा चुनाव में मैनपुरी की करहल सीट से जीत हासिल कर विधायक बने थे। इस लोकसभा चुनाव में वह कन्नौज से चुने गए हैं। दोनों सीटों के चुने जाने के कारण उन्हें कोई एक सीट छोड़नी होगी।

### वरिष्ठ नेता को प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देंगे

यूपी में नेता प्रतिपक्ष कौन बनेगा इस सवाल पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए किसी मजबूत और पार्टी को ताकत देने वाले वरिष्ठ नेता को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। फिलहाल अभी इसके लिए किसी के नाम को आधिकारिक तौर पर तय नहीं किया गया है जल्द ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा के बाद नेता प्रतिपक्ष के नाम पर अंतिम मोहर लग जाएगी। यह तय है कि अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में मिली सफलता को बनाए रखने के लिए लोकसभा की सीट अपने पास रखेंगे और विधानसभा से इस्तीफा देंगे। इस बात की पूरी संभावना है कि वह अपनी जगह चाचा शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दे सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### नया भाजपा अध्यक्ष...

नेता के नाम पर सहमति नहीं बनी तो बड़े कद के किसी केंद्रीय मंत्री से इस्तीफा दिलाकर उन्हें पार्टी अध्यक्ष बनाया जा सकता है। उधर, सूत्रों का कहना है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अबकी बार अध्यक्ष पद के लिए अपनी पसंद पर संघ की सहमति हासिल करने पर खासा पसीना बहाना पड़ सकता है। नागपुर में सोमवार को एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव प्रचार में तल्ख भाषा के इस्तेमाल, प्रतिपक्ष की अनदेखी और मणिपुर के हालात पर कड़ी टिप्पणियां की। जाहिर है भाजपा के लिए आगे की राह आसान नहीं है और पार्टी नेतृत्व को अध्यक्ष पद के साथ ही अन्य बड़े मुद्दों पर संघ की मंजूरी के साथ ही आगे बढ़ना होगा। जेपी नड्डा 2019 में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। वे 2020 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। इस साल जनवरी में उनका अध्यक्ष के तौर कार्यकाल पूरा हो गया था। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नड्डा का कार्यकाल 30 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया गया था। अब वे केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जा चुके हैं। ऐसे में पार्टी को अब नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करनी है। जातीय समीकरण साधने पर भी रहेगा जोरः लोकसभा चुनाव में इस बार दलित और ओबीसी बड़ा फैक्टर बनकर सामने आये हैं। उत्तर भारत के कई राज्यों में दलितों का वोट विपक्षी गठबंधन की तरफ खिसका जिसका नुकसान भाजपा को चुनावी नतीजों में झेलना पड़ा। ओबीसी वोट भी भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले कम मिले। ऐसे में भाजपा के सामने दलित और ओबीसी वोट बैंक को अपने साथ बनाये रखने की चुनौती है। यूपी में बने जातीय समीकरणों के बाद भाजपा नेतृत्व हतप्रभ है। विपक्षी दलों की तरफ इन वर्गों का झुकाव नहीं रोका गया तो राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को विपक्षी दलों से हार का सामना करना पड़ सकता है।

### अध्यक्ष पद के लिए ...

अध्यक्ष रह चुके हैं। अगर पार्टी दक्षिण भारत के किसी नेता को अध्यक्ष बनाने की दिशा में आगे बढ़ी तो लक्ष्मण दावेदारों की पहली पंक्ति में होंगे। ओबीसी वर्ग से आने वाले लक्ष्मण तेलंगाना विधानसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

**ओम माथुरः** ओम प्रकाश माथुर कुशल संगठनकर्ता के तौर पर जाने जाते हैं। फिलहाल वे भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। 72 साल के ओम माथुर राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। संगठन में विभिन्न पदों पर काम करने के साथ ही चुनाव प्रबंधन संभालने का भी उन्हें व्यापक अनुभव है। ओम माथुर संघ के प्रचारक रहे चुके हैं।

**बैजयंत जय पांडाः** ओडिशा से आने वाले बैजयंत जय पांडा वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। हाल ही में राज्य की केन्द्रपाड़ा लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए पाण्डा इससे पहले भी लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। 2018 तक बीजू जनता दल के बड़े नेता रहे बैजयंत 60 साल के हैं और मात्र छह साल के दौरान उन्होंने भाजपा में अपनी अहम जगह बना ली है। भाजपा को ओडिशा में भारी जीत दिलाने में पाण्डा की बड़ी भूमिका रही है। बीजू जनता दल की पृष्ठभूमि भाजपा अध्यक्ष बनने की राह में उनके लिए बाधा बन सकती है।

**सुनील बंसलः** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को भी अध्यक्ष पद के लिए संभावित दावेदार माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश में पार्टी का संगठन महासचिव रहते हुए उन्होंने खुद को कुशल संगठनकर्ता और बेहतरीन रणनीतिकार साबित किया था। संघ के प्रचारक रहे 54 वर्षीय बंसल छात्र जीवन के दौरान राजस्थान विश्वविद्यालय स्टूडेंट्स यूनियन के महासचिव भी रह चुके हैं।

### अगला राष्ट्रीय...

विस्तार पहले से ही है। दूसरी तरफ एक राय यह भी है कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में बेहतर नतीजे नहीं मिलने के चलते फिलहाल राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद उत्तर भारत के किसी नेता को ही देना चाहिए।

### जी-7 वार्षिक शिखर...

जापान के हिरोशिमा में आयोजित किए गए जी-7 सम्मेलन में शिरकत की थी। इसमें उनकी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पहली बार यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की सहित कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें हुई थीं। इस वर्ष इटली जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है और उसी आधार पर वह इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

**इतालवी अध्यक्षता से जुड़े मुख्य बिंदुः** जी-7 समूह की अध्यक्षता के दौरान इटली ने मुख्य रूप से जिन विषयों पर ध्यान केंद्रित किया है। उनमें नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर जोर देने के अलावा यूक्रेन के खिलाफ छेड़े गए रूस की आक्रामकता मुख्य है। इस लड़ाई की वजह से वैश्विक व्यवस्था में अस्थिरता और संकट खड़ा हो गया है। जी-7 समूह मध्य पूर्व में जारी संघर्ष और उसका वैश्विक एजेंडे पर पड़ने वाले प्रभाव को भी समान रूप से महत्व देता है। गौरतलब है कि 1997 और 2013 तक यह समूह जी-8 कहलाता था। लेकिन 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर किए गए हमले के बाद उसे जी-7 से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद यह जी-7 कहलाया। परंपरागत रूप से समूह द्वारा कई देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों को सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। भारत के अलावा इटली ने अफ्रीका महाद्वीप, दक्षिण अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के करीब 11 देशों के नेताओं को जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इसके अलावा यूरोपीय संघ जी-7 का सदस्य नहीं है। लेकिन फिर भी वह इसमें शामिल होगा।

### मोहन माझी होंगे ओडिशा...

चुके हैं। कनक वर्धन सिंहदेव बोलांगीर जिले के पटनागढ़ से और प्रभाती परिदा पुरी की निमापारा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। कनक वर्धन सिंहदेव बोलांगीर के राजपरिवार से संबंध रखते हैं। वे नवीन पटनायक की सरकार में 2000 से 2004 तक उद्योग और सार्वजनिक उद्यम, 2004 से 2009 तक शहरी विकास और सार्वजनिक उद्यम के कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा 2013 -2016 तक वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार बहुमत के साथ जीत हासिल की है। राज्य की 147 सीटों में से भाजपा को 78 सीटें मिली हैं। वहीं, नवीन पटनायक की बीजू जनता दल को 51, कांग्रेस को 14, सीपीआईएम को 1 और अन्य को 3 सीटों पर जीत मिली है। भाजपा ने 2000 और 2004 में बीजेडी के गठबंधन सहयोगी के रूप में राज्य पर शासन किया था और यह पहली बार है कि पार्टी ओडिशा में अपने दम पर सरकार बनाएगी। ओडिशा सरकार ने घोषणा की कि नए मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के कारण 12 जून को दोपहर 1 बजे के बाद भुवनेश्वर में सभी राज्य सरकार के कार्यालय और अदालतें बंद हो जाएंगी।

### राजनीति हमारे...

एमटीएस, क्लर्क स्तर के कर्मचारियों से भी चर्चा की। संकल्प पत्र देने के बाद चौहान ने कृषि विभाग की टीम से कहा कि ये अंतरात्मा से कह रहा हूं कि काम मेरे लिए पूजा है, दिन रात मिलकर काम करेंगे। राजनीति हमारे लिए कर्मकांड नहीं, सेवा का माध्यम है। आज मैं मोदी की गारंटी का संकल्प पत्र आपको सौंप रहा हूं, इसे हर हाल में हमें पूरा करना है। एक एक क्षण का उपयोग करना है। भारत कृषि क्षेत्र में अद्भुत काम कर रहा है, इसे और बेहतर करना है, अपनी पूरी क्षमताओं के साथ काम करना है।

### साल में दो बार ले...

जगदीश कुमार ने बताया कि अगर भारतीय विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकें तो इससे कई छात्रों को लाभ होगा। वे छात्र जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से रह जाएंगे तो उन्हें दोबारा मौका मिल सकेगा। साल में दो बार प्रवेश के साथ ही कंपनियां भी वर्ष में दो बार अपने 'कैंपस' प्लेसमेंट कर सकती हैं, जिससे छात्रों के लिए रोजगार के अवसर बेहतर होंगे।

### दुनियाभर के विश्वविद्यालय...

अधिक कुशलतापूर्वक बनाने में मदद मिलेगी, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के भीतर सुगमता से कामकाज होगा। दुनियाभर के विश्वविद्यालय पहले से ही द्विवार्षिक प्रवेश प्रणाली का पालन कर रहे हैं। अगर भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश चक्र को अपनाते हैं तो हमारे उच्च शिक्षा संस्थान अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और छात्र आदान-प्रदान को बढ़ा सकते हैं। परिणामस्वरूप हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा और हम वैश्विक शैक्षिक मानकों के अनुरूप होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश को अपनाते हैं तो उन्हें प्रशासनिक पेचीदगियों, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए अच्छी योजना बनाने और वर्ष के अलग-अलग समय में प्रवेश पाने वाले छात्रों के साथ सुचारु तरीके से तालमेल बैठाने के लिए निर्बाध सहायता प्रणाली प्रदान करनी होगी। कुमार ने ये भी साफ किया कि विश्वविद्यालयों के लिए साल में दो बार प्रवेश देना अनिवार्य नहीं होगा और जिन उच्च शिक्षण संस्थानों के पास आवश्यक ढांचा और शिक्षक संकाय है, वे इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### एलएसी विवाद...

मौजूदा रुख को स्पष्ट किया। चीन को लेकर जयशंकर ने कहा कि भारत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार वर्षों से अधिक समय से जारी विवाद से जुड़े बाकी बचे हुए मुद्दों का समाधान निकालने और पाकिस्तान के साथ उसके समर्थन से जारी आतंकवाद और सीमापार आतंकवाद की चुनौती से निपटने पर ध्यान केंद्रित करेगा। एलएसी विवाद की वजह से भारत-चीन संबंधों में काफी तनाव आया है। जबकि पाकिस्तान के साथ हम ये देखेंगे कि कैसे आतंकवाद की समस्या का समाधान निकाला जाए? क्योंकि आतंकवाद एक अच्छे पड़ोसी की नीति नहीं हो सकती है। भारत की विदेश नीति के मामले पर भी उन्होंने अपने विचार रखे। जयशंकर ने लगातार दूसरी बार विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने को लेकर कहा कि यह उनके लिए बेहद सम्मान और गर्व का पल है। जिसमें उन्हें मोदी सरकार में दूसरी बार विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने का मौका दिया गया है। पिछले रविवार को राष्ट्रपति भवन में मोदी सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह के बाद किए गए मंत्रालयों के बंटवारे के बाद एस.जयशंकर ने लगातार दूसरी बार भारत के विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है और इसके साथ ही उन्होंने चीन और पाकिस्तान को लेकर यह टिप्पणी की है। उनके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) से जुड़े हुए चार मुख्य मंत्रालयों (रक्षा, विदेश, गृह और वित्त) से जुड़े पूर्व मंत्रियों के कार्यभार में इस बार भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### 2020 से जारी ...

बाद देखने को मिली। हाल ही में रियासी में भी पाक समर्थित आतंकियों ने वैष्णोदेवी जा रही एक तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकवादी हमला किया था। जिसमें 9 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे।

### विदेश नीति के ...

सकते हैं, उसकी प्रतिष्ठ और प्रभाव बढ़ेगा। जिससे उसके हित भी आगे बढ़ेंगे। जयशंकर ने विदेश मंत्रालय के बारे में कहा कि मंत्रालय ने पिछली सरकार में भी बेहद अच्छा प्रदर्शन किया था।

IN LOVING MEMORY OF



**Dr. Harbaksh Singh**
IAS (1981 RR), Hry. Cdr
(15.4.1957 - 12.6.2013)

Perhaps you and Maa are talking in the heavens togeather ...
Looking at your children , sending us love and
communicating through signs...
We just want you to know that the morning rays ,
the pattering rain on the window ,
the breeze across our faces , the singing birds and more ;
they all deliver your messages to us everyday ...
We owe all that's beautiful in life to you ...Missing you terribly !

In Remembrance

Sons: Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh & family
Mobile : 8104712288, 7738109926

## प्रवेश सूचना

### राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली

प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार की सी.टी.एस. योजना में अगस्त, 2024 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ट्रेड, प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए हैं :

| क्र. स. | ट्रेड का नाम | सीटें | प्रशिक्षण की अवधि | प्रवेश योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर | 216 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 2. | फिजियोथेरपी तकनीशियन | 60 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 3. | डेंटल लैब तकनीशियन | 48 | 2 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 4. | रेडियोलॉजी तकनीशियन | 40 | 2 वर्ष | बारहवीं कक्षा परीक्षा (विज्ञान वर्ग) उत्तीर्ण हो। |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखें।**

1. **प्रमाण पत्र :** पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद, सफल प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT), भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो कि केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/पीएसयू के अधीन अधीनस्थ पदों और सेवाओं की भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त योग्यता है।
2. **चयन प्रक्रिया :** सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ तथा पहले पाओ के आधार पर किए जाएंगे।
3. **आयु :** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त 2024 को कम से कम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करें :** उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** से प्रवेश पत्र ऑनलाइन भरकर ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विवरणिका को रुपये 200/- का नकद भुगतान करके संस्थान से भौतिक रूप से भी लिया जा सकता है।
   **नोट :** फॉर्म भरते समय रुपये 500/- का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क भी देय होगा।
5. **छात्रवृत्ति :** प्रवेश के पश्चात् आय प्रमाण पत्र रखने वाले आरक्षित वर्ग के छात्र भारत सरकार की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति की छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
6. **बस–पास सुविधा :** सरकार छात्रों को 100 रुपये प्रति माह की दर से रियायती बस–पास सुविधा प्रदान करती है, यह दिल्ली में चलने वाली सभी एसी और गैर–एसी बसों में मान्य है।
7. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** पर लॉग ऑन करें।
8. **प्रवेश की अंतिम तिथि : 1 जुलाई, 2024**

**निदेशक**

**राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली**
30–34, सेवक पार्क, द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन, पिलर नं.–771 के सामने,
मेन नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली – 110059
व्हाट्स ऐप हेल्पलाइन : 9315138815, 011–42828067 (सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)
वि.स.: रा./औ./24



# सलमान की पहली पेंटिंग 'यूनिटी-1' बिकने को है तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई स्टार्स अभिनय के अलावा कई और चीजों में भी महारत रखते हैं। कुछ एक्टर होने के साथ-साथ अच्छे गायक होते हैं तो कुछ अच्छे डांसर। ऐसे ही फिल्म इंडस्ट्री में भाई जान के नाम से मशहूर सलमान खान अभिनय के अलावा पेंटिंग भी करते हैं। अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से वे अपने इस शौक के बारे में अपने फैंस को बताते भी रहते हैं। वहीं, अब भाई जान के दीवानों के लिए एक बड़ी खबर आई है। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से बताया है कि उनकी पहली पेंटिंग जिसका नाम 'यूनिटी 1' है वह बिकने को तैयार है।

लाइफ Style

# कंगना

## हमारी सोच की नहीं है कोई सीमा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कंगना रणौत अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। इसके अलावा अभिनेत्री अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में छाई रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने वर्क कल्चर को लेकर कुछ ऐसा लिखा है, जिसे सुन आपकी भी बेचैनी बढ़ जाएगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर दिल्ली में पीएमओ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के वीडियो को शेयर कर अपनी बात रखी है। कंगना ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'हम वो लोग नहीं हैं, जिनके लिए कार्यालय इस समय शुरू होता है और इस समय समाप्त होता है। हम वो लोग नहीं हैं, हम समय से बंधे नहीं हैं, हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है और हमारे प्रयासों के लिए कोई मापदंड नहीं है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'हमें जुनूनी वर्क कल्चर को सामान्य बनाने और वीकेंड की प्रतीक्षा करने और सोमवार के मीम्स पर रोना बंद करने की आवश्यकता है। यह सब पश्चिमी ब्रेनवॉश है... हम अभी तक एक विकसित राष्ट्र नहीं हैं... हम बिल्कुल भी उबाऊ और आलसी नहीं हो सकते हैं।'

कंगना ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'हम वो लोग नहीं हैं, जिनके लिए कार्यालय इस समय शुरू होता है और इस समय समाप्त होता है। हम वो लोग नहीं हैं, हम समय से बंधे नहीं हैं, हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है और हमारे प्रयासों के लिए कोई मापदंड नहीं है।'



हॉलीवुड मसाला



# 'वेक अप डेड मैन' की शूटिंग शुरू

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता डेनियल क्रेग की आगामी फिल्म 'वेक अप डेड मैन' की इन दिनों शूटिंग चल रही है। ये फिल्म 'नाइफ्स आउट' फ्रेंचाइजी की अगली किस्त है। दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए निर्देशक रियान जॉनसन ने सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा की है। डेनियल फिल्म में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। निर्देशक रियान जॉनसन ने 'वेक अप डेड मैन' के सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'और हम चल पड़े!




# एबी को गोद लेना चाहते थे विल स्मिथ

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता विल स्मिथ को जानवरों से काफी प्यार है। अकादमी पुरस्कार विजेता ने 2007 की फिल्म 'आई एम लीजेंड' में अपने कुत्ते एबी को याद किया और कहा कि वह एक शानदार कलाकार थी। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने जर्मन शेफर्ड को गोद लेने की कोशिश की थी, जो कि ब्लॉकबस्टर में उनसे आगे निकलने के लिए जानी जाती थी। विल स्मिथ ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'ऐसा लगता था जैसे एबी अंग्रेजी बोलती थी। वह सचमुच आपको समझ सकती थी, यह सबसे अजीब बात थी।' उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से वह एबी को घर नहीं ले जा सके, क्योंकि वह अपने परिवार की कमाने वाली थी। इसीलिए उसे यहीं रहना पड़ा।



# शूटिंग से चार दिन पहले निकाली गई थीं

**नई दिल्ली।** टिस्का चोपड़ा हिंदी फिल्मों की जानी पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्हें आमिर खान द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तारे जमीन पर' के लिए जाना जाता है। हाल में वह थ्रिलर फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं। हाल में ही अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री में हुए बुरे अनुभव को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें साल 2016 में एक बुरे अनुभव से दो चार होना पड़ा था। वह एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही थीं, लेकिन शूटिंग से चार दिन पहले उन्हें किसी युवा अभिनेत्री से बदल दिया गया। उन्होंने कहा, 'साल 2016 में एक निर्देशक के साथ मैं काम करने वाली थी, जिसे लेकर हमने तैयारी, वेशभूषा, डायलॉग्स पर काम करना भी शुरू कर दिया था, लेकिन शूटिंग से चार दिन पहले उन्होंने मुझे बताया कि वह किसी युवा अभिनेत्री के साथ इसे आगे बढ़ा रहे हैं।



# परेशान होकर फेंक देना चाहते थे फोन...

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अपने एक ब्लॉग पर पोस्ट किया कि वह अपने फोन से बहुत अधिक परेशान और निराश हो चुके हैं। 'कल्कि 2898 एडी' के ट्रेलर रिलीज के बाद उन्होंने लिखा, 'मैं अपने फोन को ठीक करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं और जो पहले सेटिंग थी, वह अचानक बदल गई, इसलिए हर तरफ से मदद लेने की कोशिश की और असफल रहा। बहुत निराशाजनक, मैं अंग्रेजी और हिंदी टाइपिंग करना चाहता था, अंग्रेजी में टाइप करके, हिंदी शब्द और यह देवनागरी में आता है, लेकिन कई घंटों तक प्रयास करने के बाद अब मैं अपने फोन को खिड़की से बाहर फेंककर तोड़ने के बहुत करीब हूं'। बाद में अमिताभ ने यह भी लिखा, 'नहीं नहीं नहीं... ऐसी किस्मत नहीं... बस गुस्सा निकाल रहा हूं।'


टीवी मसाला



# अब्दु का निकाह हुआ पोस्टपोन

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 16' फेम और सभी के दुलारे अब्दु रोजिक का निकाह पोस्टपोन हो गया है। अब्दु पहले 7 जुलाई को मंगेतर अमीरा से निकाह करने वाले थे। लेकिन अचानक इसे टालने का फैसला लिया गया है। सोशल मीडिया सनसनी और सिंगर अब्दु रोजिक ने बीते महीने मई में यह घोषणा की थी कि वह निकाह पढ़ने वाले हैं। अमीरा से उनकी मुलाकात कुछ महीने पहले ही हुई है और दोनों ने साथ जिंदगी बिताने का फैसला किया है। अब्दु के इस ऐलान से जहां उनके फैंस बड़े खुश हैं, वहीं दुबई में हो रहे इस निकाह में कथित तौर पर सलमान खान भी शिरकत करने वाले थे। लेकिन फिलहाल इसे टाल दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, निकाह को टालने की वजह अब्दु रोजिक का करियर है। दरअसल, अब्दु को दुबई के कोका कोला एरिना में 6 जुलाई को होने वाली टाइटल बॉक्सिंग फाइट के लिए न्योता मिला है। यह पहली बार जब अब्दु को फाइट के लिए बुलाया गया है और वह इसे मिस नहीं करना चाहते हैं। अब्दु ने निकाह के पोस्टपोन होने पर कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे जीवन में किसी टाइटल के लिए लड़ने का मौका मिलेगा। यह साल मेरे करियर और मेरी लव लाइफ के लिए इतनी सारी अच्छी चीजें लेकर आया है। लेकिन दुर्भाग्य से, इस कारण मुझे अपने निकाह को कुछ वक्त के लिए टालना होगा, क्योंकि यह मैच हमें भविष्य के लिए बहुत बड़ी फाइनेंशियल सिक्योरिटी देगा।'

## सोनम खान तीन दशक बाद करने जा रही हैं कमबैक...



**नई दिल्ली।** 90 के दशक में फिल्म 'त्रिदेव' के सॉन्ग 'तिरछी टोपी वाले' गाने से रातों रात स्टार बनने वालीं सोनम खान लंबे समय बाद कमबैक को लेकर चर्चा में हैं। खबर मिली है कि सोनम खान बिग बॉस ओटीटी के अपकमिंग सीजन से ग्लैमर की दुनिया में वापसी कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि 'विश्वात्मा' एक्ट्रेस सोनम खान करीब 3 दशक के गैप के बाद इस इंडस्ट्री में लौटने की तैयारी कर रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सोन 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर के अंदर एंट्री मारने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कहा जा रहा है कि सोनम इस घर में बतौर कंटेस्टेंट एंट्री लेने जा रही हैं और यहीं से करीब 3 दशक के लंबे गैप के बाद वो फिर से शुरुआत कर रही हैं।

# उर्फी ने आलिया व सारा पर किया अटैक?



**नई दिल्ली।** उर्फी जावेद अपने कपड़ों और ड्रेसिंग सेंस के अलावा बेबाक अंदाज के लिए भी चर्चित रहती हैं। लेकिन इस बार उन्होंने उन फिल्मी हस्तियों को निशाने पर ले लिया है, जो ऑडियंस के साथ कनेक्ट करने के लिए मिडल क्लास होने का नाटक करते हैं। माना जा रहा है कि उर्फी ने इसके बहाने सारा अली खान और आलिया भट्ट को टारगेट किया है। उर्फी जावेद ने कहा, 'जब अमीर मशहूर हस्तियां यह दिखावा करती हैं कि उनकी परवरिश मिडल क्लास परिवार में हुई और बहुत खराब थी, तो मुझे अंदर तक चिढ़ होती है। हम जानते हैं कि तुम अमीर थे। हम बिल्कुल मिडल क्लास थे। हमने कभी फर्स्ट क्लास फ्लाई नहीं किया। हम इकॉनमी में फ्लाई करते थे। अरे हमने कभी प्लेन नहीं देखा था यार। तुम कैसी बातें कर रहे हो यार? उर्फी जावेद ने आगे कहा, 'जब अमीर हस्तियां मिडल क्लास की तरह नाटक करती हैं, तो वो दर्शकों के साथ जुड़ने की बहुत कोशिश करती हैं कि मैं कितनी गरीबी थी। यहां तक कि अब भी वो मिडल क्लास जैसा बर्ताव करती हैं कि मैं खर्चा नहीं करती। मैं बहुत कंजूस हूं। तो तुम कमा क्यों रही हो? तुम नौकरी कर लो। नाटक पसंद नहीं है मुझे। बस जो हो, वो रहो न। पैसा होना और उसे खर्च करना ठीक है।' उर्फी जावेद ने अपने इस बयान में कहीं किसी सेलेब या एक्ट्रेस का नाम नहीं लिया, पर माना जा रहा है कि निशाना आलिया भट्ट और सारा अली खान पर था।

# डिप्रेशन में थे डायरेक्टर, बंगाली फिल्म से मिला आइडिया

## एक करोड़ में बनी फिल्म से थर्रा उठा था बॉक्स ऑफिस

**मुंबई।** 70 के दशक को 'हिंदी सिनेमा का 'स्वर्ण युग' कहा जाता हैं। उन दिनों बॉलीवुड ने कई ऐसी फिल्में दीं, जो बाद में क्लासिक बन गईं. 70s में फैमिली ड्रामा से लेकर मसाला और कॉमेडी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर राज किया था। आज हम आपको एक ऐसी क्लासिक फिल्म के बारे में बताते हैं, जिसे 40 दिनों में शूट किया गया था और फिर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। आज से 45 साल पहले एक ऐसी फिल्म आई थी, जिसे ना सिर्फ दर्शकों ने पसंद किया बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी छप्परफाड़ कमाई हुई थी। दिलचस्प बात ये है कि डायरेक्टर को एक बंगाली फिल्म देखने के दौरान फिल्म का आइडिया आया था और उस वक्त वह डिप्रेशन से जूझ रहे थे। रिलीज के बाद फिल्म कल्ट क्लासिक साबित हुई। हम जिस मूवी का बात कर रहे हैं उसका नाम है 'गोल माल।' साल 1979 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमोल पालेकर, बिंदिया गोस्वामी, उत्पल दत्त और देवेन वर्मा जैसे सितारों ने अहम भूमिका निभाई थी। इसका फिल्म का



डायरेक्शन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। राही मासूम रजा और सचिन भौमिक ने मिलकर फिल्म की कहानी लिखी थी। दिलचस्प बात ये है कि ऋषिकेश मुखर्जी ने सिर्फ 40 दिनों में फिल्म की शूटिंग कंप्लीट कर ली थी। उन्होंने खुलासा किया था कि 'गोल माल' के कुछ सीन्स को छोड़कर पूरी फिल्म बांद्रा स्थित उनके बंगले अनुपमा में शूट की गई थी। अमोल पालेकर, उत्पल दत्त और बिंदिया गोस्वामी की फिल्म 'गोल माल' को बनाने में 1 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

### एक झूठ को छुपाने के लिए उसे कई झूठ बोलने पड़ते हैं

ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'गोल माल' की कहानी राम प्रसाद शर्मा (अमोल पालेकर) के इर्द गिर्द घूमती है, जो अपनी नौकरी को बचाने के लिए सिर्फ एक झूठ बोलता हैं। उसके बाद स्थिति ऐसी बन जाती है कि उस एक झूठ को छुपाने के लिए उसे कई झूठ बोलने पड़ते हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋषिकेश मुखर्जी ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'अलाप' बनाई थी, जिसे क्रिटिक्स ने खूब सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म पिट गई थी। ऋषि ऋषिकेश मुखर्जी ने कहा, 'मैं पूरी तरह टूट गया था और कई महीनों तक डिप्रेशन से जूझता रहा। इससे बाहर निकलने के लिए मैंने एक कॉमेडी मूवी बनाने का फैसला किया। ऋषिकेश मुखर्जी ने आगे बताया कि अपने खराब दिनों के दौरान उन्होंने कांचा मीठा (खट्टा और मीठा) नाम की एक बांग्ला फिल्म देखी, जिसमें हीरो कहानियां गढ़ता था और एक झूठ को छुपाने के लिए कई कहानियां बनाता हैं।

## लिस्ट में अक्षय-आमिर समेत ये नाम शामिल

# बी-टाउन के इन सितारों को नहीं पसंद है पार्टियों में जाना


***मुंबई।*** *बॉलीवुड सितारों की लाइफ काफी रंगीन होती है। ये सितारे वैसे तो अपने काम में बेहद बिजी रहते हैं। मगर जब भी इन्हें वक्त मिलता है, तो ये पार्टी करना का मौका नहीं छोड़ते हैं। बी-टाउन में आए दिन कोई न कोई पार्टी होती ही रहती है और ये पार्टियां देर रात तक चलती हैं। मगर इंडस्ट्री में ऐसे भी कई सितारे हैं, जो पार्टियों से दूरी बनाकर रखते हैं। इन सितारों का बॉलीवुड की देर-देर तक चलने वाली पार्टियों का हिस्सा बनना पसंद नहीं है।*



**अक्षय कुमार :** बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का नाम इस लिस्ट में सबसे पहले आता है। अक्षय ज्यादातर पार्टियों से दूर रहना ही पसंद करते हैं। खिलाड़ी कुमार हर चीज समय के हिसाब से करते हैं। बॉलीवुड की पार्टियां देर रात में होती हैं और अभिनेता समय पर सो जाते हैं। इसलिए वह पार्टियों से दूर ही रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बार तो वह पार्टी शुरू होने से पहले जाकर आठ बजे तक घर भी वापस आ जाते हैं।



**आमिर खान :** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट रहे जाने वाले आमिर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। आमिर खान को भी पार्टियों में जाना ज्यादा पसंद नहीं है। वह ज्यादातर समय अपने काम और अपनी फिल्मों को देते हैं। ऐसे वह भी बॉलीवुड की पार्टियों से दूर ही रहते हैं।



**जॉन अब्राहम :** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इंडस्ट्री के जाने-माने सितारों में से एक हैं। जल्द ही वह फिल्म 'वेदा' में नजर आएंगे। जॉन अब्राहम का नाम भी पार्टियों में न शामिल होने वाले सितारों की लिस्ट में शामिल है। जॉन को किसी पार्टी में नहीं देखा जाता है। अभिनेता को भी बी टाउन की पार्टियों में शामिल हो पसंद नहीं है।

## *इन सितारों की हरकतों से हुआ पड़ोसियों की नाक में दम*



**मुंबई।** बॉलीवुड के की सितारे अपनी बेहतरीन फिल्मों और अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। कुछ फैंस अपने अच्छे व्यवहार के लिए मशहूर हैं, लेकिन हिंदी सिनेमा में कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो दूसरों के लिए परेशानी का सबब बन गए थे। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी वजह से उनके पड़ोसी परेशान हुए हैं और उनके खिलाफ शिकायत भी की है।

***प्रीति जिंटा :*** अपने जमाने की सबसे क्यूट एक्ट्रेस प्रीति जिंटा के पड़ोसियों ने साल 2015 में शिकायत की थी। लोगों ने कहा था, प्रीति अपने स्टार स्टेटस का नाजायज फायदा उठाती हैं। उनके पड़ोसियों का कहना था कि प्रीति अपने बाउंसर्स के साथ बगीचे और स्विमिंग पूल में जाती हैं, और जब तक प्रीति पार्क या स्विमिंग पूल में होती हैं तब तक उनके बाउंसर्स पार्क या स्विमिंग पूल में दूसरे बच्चों को नहीं आने देते हैं।

***करीना कपूर :*** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस ने जब अपने घर पर साल 2016 में फिल्म की सक्सेस पार्टी का आयोजन किया था, जब उस दौरान वहां काफी हंगामा हुआ। जिससे परेशान होकर पड़ोसियों ने पुलिस को बुला लिया था।

***शाहिद कपूर :*** अक्सर फिल्मों में शांत नजर आने वाले शाहिद कपूर भी असल जिंदगी में अपने पड़ोसियों को परेशान कर चुके हैं। खबरों के मुताबिक एक्टर जब जुहू स्थित अपने घर को ठीक करवा रहे थे, तब वहां काम करने वाले मजदूरों ने आसपास के लोगों को परेशान कर दिया था, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस में शिकायत तक दर्ज करवा दी थी।

***शक्ति कपूर :*** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता शक्ति कपूर पर एक बार इल्जाम लगा था कि उन्होंने लिफ्ट में पेशाब कर दी थी और कॉरिडोर में बिना कपड़ों के घूमते थे। शक्ति कपूर के पड़ोसियों ने उनके खिलाफ मामला थाने में दर्ज करवाया था, इसके बाद शक्ति कपूर ने अपनी गलती मानते हुए पड़ोसियों से माफी मांगी थी।

प्रदेश से लेकर दिल्ली तक बधाई संदेश

# केंद्रीय मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश में स्थापित होंगे प्रगति एवं विकास के आयाम



भोपाल। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शपथ लेने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके घर पहुंचकर आशीर्वाद लिया।



केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल से भेंट।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से भेंट कर दी बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य मंत्रियों से उनके निवास जाकर भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आशा की कि उनके मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश में प्रगति के नए आयाम स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को हरियाणा स्टेट गेस्ट हाउस में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से भी उनके निवास पर भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी सौजन्य भेंट की। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार देर शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों के शपथ विधि समारोह में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी मुलाकात की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की असम के मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात कर पुष्प-गुच्छ तथा अंगवस्त्रम भेंट किया। असम के मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पारंपरिक असमिया संस्कृति अनुसार स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने कामाख्या देवी मंदिर की प्रतिकृति, पाट-सिल्क का गमछा, असम की चाय तथा काजीरंगा के विश्वप्रसिद्ध राइनो (गैंडा) की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने असम के मुख्यमंत्री डॉ. सरमा से दोनों राज्यों के पारस्परिक हितों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात।



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ।




केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक से सौजन्य भेंट।



केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ।



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से भेंट की।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट करते सीएम।

## खबर संक्षेप

### 'सीएम विकास और विनाश में फर्क'

**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार भोपाल के हजारों पेड़ों को काटने का पाप एक बार फिर करने जा रही है। मंत्रियों और विधायकों के बंगलों के नाम पर तुलसी नगर और शिवाजी नगर के 29 हजार से अधिक पेड़ काटने का प्रस्ताव अंतिम चरण में है, सिर्फ मुख्यमंत्री की मंजूरी बाकी है। उन्होंने सीएम मोहन यादव से आग्रह किया है कि वे विकास और विनाश में फर्क करें और इस प्रस्ताव को मंजूरी बिलकुल न दें।

### 15 साल बाद पकड़ा गया आर्म्स एक्ट का आरोपी

**कोरबा।** कोरबा की सिविल लाइन रामपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट्स से जुड़े मामले में दीपक लकड़ा को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2009 में हथियार लेकर धमकाने पर उसे आरोपी नामजद किया गया था। उस समय से आरोपी फरार चल रहा था। कोरबा की कोर्ट ने उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस ने एक सूचना के आधार पर इस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की। ये पूरा मामला 2008 और 2009 की है जहाँ 39 वर्षीय दीपक लकड़ा सिविल लाइन थाना अंतर्गत

सीएम ने एक कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ऑनलाइन कहा...

# 'शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इस भावना से कार्य करें जैसे वे सरकार के नहीं समाज के सेवक हैं'

» मुख्यमंत्री ने अफसरों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

» शासकीय सेवकों की कार्यशैली में मानवीयता एवं संवेदना पर दिया बल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शासकीय सेवा केवल नौकरी नहीं अपितु समाज के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें जो भी भूमिका मिल रही है उसे हम पूर्ण आत्मविश्वास के साथ बेहतर से बेहतर तरीके से निभाने का प्रयत्न करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशासन अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य सेवा अधिकारियों के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को नई दिल्ली से ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इस भावना से कार्य करें कि वे सरकार के नहीं समाज के सेवक हैं। उनकी कार्यशैली में मानवीयता व संवेदना का सदैव प्रकटीकरण होना चाहिए। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्राप्त अधिकार जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए हैं और उनकी जनता के प्रति जबावदारी है।

### लोकहित में किया गया कार्य ही सुशासन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों से सुशासन के लिए कार्य करने की अपेक्षा है। उन्होंने सुशासन की व्याख्याता करते हुए कहा कि लोकहित में किया गया कार्य ही सुशासन है। भगवान श्री राम का रामराज्य तथा सम्राट विक्रमादित्य व सम्राट अशोक का कार्यकाल प्रशासनिक दक्षता और सुशासन का पर्याय माना जाते हैं। उन्होंने से कहा कि वे समय का सदुपयोग सर्वश्रेष्ठ रूप में करें और अपनी क्षमता व योग्यता के दम पर निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें।

### कर्मयोगी की तरह कार्य कर पहचान बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं को निर्भीक और निस्वार्थ रहते हुए कर्मयोगी की तरह काम करते हुए अपनी पहचान बनाने और कार्यशैली में पारदर्शिता, ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपनी आभा समाज में बिखेरने तथा नई विधाओं, नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है

### जल धरोहरों को सहेजना सभी का दायित्वः डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये कहा कि शासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस को एक दिवसीय कार्यक्रम के रूप में न मनाकर 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' के रूप में 5 जून से 16 जून का सम्पूर्ण पखवाड़ा जल संरक्षण एवं संवर्धन के रूप में मनाने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाजना मठ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संग्राम सागर तालाब की स्वच्छता के लिये श्रमदान करने के बाद जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में संपूर्ण नदी, तालाबों, चैकडेम पुरानी बावड़ियों की जन सहयोग से साफ-सफाई तथा जल संरचनाओं के पुनर्जीवन का महाभियान सम्पूर्ण प्रदेश में जारी है।

# टेंट का सामान ले जा रहा वाहन पलटा, 6 लोग घायल

ग्राम हरिनछपरा के पास हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपानी घाट में बीते माह 20 मई को पिकअप वाहन 30 फीट नीचे खाई में गिर गया था। हादसे में 19 आदिवासियों की मौत और 16 घायल हुए। इतने बड़े हादसे के बाद अभी भी लापरवाही बरती जा रही है। लोग वर्तमान में भी पिकअप वाहन में सफर कर रहे हैं।

मंगलवार की सुबह करीब 7.30 बजे ऐसा ही एक हादसा हो गया है। यह हादसा कवर्धा से पोंड़ी नेशनल हाईवे स्थित ग्राम हरिनछपरा के पास हुआ है। हादसे में 6 लोग घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात को पांडातराई में उर्स के मौके पर कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में कवर्धा के एक टेंट हाऊस द्वारा टेंट का सामान लगाया गया था।

### अनियंत्रित होकर पलटा वाहन

मंगलवार को कार्यक्रम होने के बाद सुबह 7 बजे पांडातराई से छोटा हाथी वाहन में 11 लोग समेत कुर्सी व अन्य सामान भरकर वापस कवर्धा आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम हरिनछपरा में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 6 लोग घायल हुए है। डॉयल 112 व पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल लाया गया है। सभी घायल को हल्की चोट आई है। इसी तरह सोमवार को भी एक पिकअप वाहन में लोग बैठे हुए थे। इस पर कवर्धा के यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूला है। बाहपानी हादसा के बाद अब तक पूरे जिले में ऐसे लापरवाही पूर्वक वाहन का उपयोग करने वालों से करीब चार लाख रुपए समन शुल्क वसूला गया है।

ओड़िशा से घर लौटते वक्त हादसा; पुलिस टीम मौके पर

# तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरे, तीन युवकों को मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीती रात दर्द सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महापल्ली गांव बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर जाने की घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीनों युवक इंड सिनर्जी प्लांट में काम करते थे और बीती रात शराब पीने कनकतुरा गए हुए थे, जहां से घर वापसी के दौरान देर रात यह घटना घटित हो गई।

मंगलवार की सुबह गांव के ग्रामीणों ने सड़क किनारे तीनो का शव को देखते हुए पुलिस को घटना से अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### तीनों युवक इंड सिनर्जी लिमिटेड के केंटीन में काम करते थे

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम शकरबोगा गांव के पास घटना हुई। मृतकों की उम्र 20 से 25 साल के आसपास है। मृतक तीनों युवक इंड सिनर्जी लिमिटेड के केंटीन के कर्मचारी हैं, जो ठेकेदार रजत के अंडर में काम करते थे, जिसमें दो लोग सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के एवं एक व्यक्ति रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र का बताया जा रहा है। तीनों एक ही मोटर साइकिल हीरो एचएफ डीलक्स क्रामंक सीजी 13 एडब्ल्यू 6548 में सवार थे। मृतकों के नाम उमेश, संजय पटेल और टिकेंद्र हैं।

# रोजगार के लिए शिल्प गतिविधियों के आधार पर तैयार करें जिलेवार प्रोजेक्टः मंत्री जायसवाल



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश में स्व-रोजगार गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने शिल्प गतिविधियों के आधार पर जिलेवार प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। जायसवाल मंत्रालय में विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में हस्तशिल्प और हथकरघा के शिल्पी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प विकास निगम सहित विभाग के सभी शोरूम पर सभी तरह की उत्पादित सामग्री को प्रदर्शित और विक्रय के लिए उपलब्ध कराया जाए।

# भाजपा अपने संकल्प पत्र में किया हर वादे को पूरा करेगी : विष्णुदत्त

» पहली कैबिनेट में लिए गए निर्णय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया प्रधानमंत्री का

» प्रदेश अध्यक्ष ने कहाः प्रधानमंत्री ने 3 करोड़ मकानों को मंजूरी देकर गरीबों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पीएम नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने के बाद सोमवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक में देश के गरीबों के लिए पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए पक्के मकान बनाए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह गरीबों के हित में ऐतिहासिक और मानवीय संवेदनाओं से भरा निर्णय है।

### गरीबों के चेहरे पर आएगी खुशी

शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए पीएम आवास के तहत 3 करोड़ पक्के मकान बनाने की गारंटी दी थी। आज पहली ही कैबिनेट में इस गारंटी को पूरा किया है। शर्मा ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि ऐसे कदम भी उठायें जिससे आम जनता और उनके परिवारों की खुशहाली बढ़ सके।

# जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों की हत्या

## घटना के बाद पसरा मातम, छावनी में बदला गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जगदलपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम इरिकपाल में मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दो लोगों की हत्या हो गई, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के आलाधिकारियों की टीम गांव जा पहुंची। वहीं घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इरिकपाल में बीते कई दिनों से जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों में विवाद चल रहा था, जिसे गांव में रहने वाले लोगों से लेकर परिवार के लोग मामले को सुलझाने में लगे हुए थे। इसी मामले को लेकर मंगलवार को परिवार के लोगों ने दो सगे भाइयों की हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली थाना प्रभारी से लेकर आला अधिकारियों की टीम व फोरेंसिक की टीम को भेजा गया है और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मामले को लेकर गांव को छावनी में बदल दिया गया है।

# सिरफिरों ने किया सुरक्षा गार्ड पर हमला, पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

**कबीरधाम।** कबीरधाम जिले में रविवार रात करीब 11 बजे बायपास रोड स्थित सरकारी शराब दुकान के सुरक्षा गार्ड की अज्ञात लोगों ने गला रेत दिया था। गार्ड को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इस मामले में सोमवार को सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अनिल सारथी (24) पुत्र शिव सारथी और कुशाल उर्फ मोनू उर्फ खुशाल साहू पुत्र गोरे लाल साहू है। दोनों कवर्धा के ही रहने वाले हैं।

एडिशनल एसपी विकास कुमार ने बताया कि रविवार रात को ड्यूटी खत्म कर सरकारी शराब दुकान के सुरक्षा गार्ड रुस्तम खड़ा था। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने पीड़ित को देखकर बोला कि आज भी तुम लोग शराब दुकान को जल्दी से बंद कर दिए हो। इसी बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान बियर के बोतल को तोड़कर सुरक्षा गार्ड के ऊपर हमला कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए।

## युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आयोजित

अनुपस्थित कर्मचारियों को किया पदमुक्त

# सरकार को वादों की याद दिलाने युवा कांग्रेस का 'क्या हुआ तेरा वादा' कार्यक्रम लांच

नायक बोले, युवा कांग्रेस रीढ़ की हड्डी जैसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की 'मंथन' बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा कांग्रेस ने 'क्या हुआ तेरा वादा' नाम से एक कार्यक्रम लांच किया जिसके तहत युवा कांग्रेस मप्र सरकार को विधानसभा चुनाव 2023 में किये हुए झूठे वादे याद दिलायेगी और उन वादों को पुरा कराने के लिये सरकार से जनता की लड़ाई लड़ने का कार्य करेंगे जिससे जनता से वादा खिलाफी न हो ।



### सराहेंगे अच्छे कार्य

*उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अच्छा कार्य करेगा उसे संगठन में प्रमोट करेंगे एवं अच्छा कार्य करने वालों को भी संगठन में जगह दी जाएगी। संगठन में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, युवा कांग्रेस मिडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी एवं प्रदेश भर से आये युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।*

### पटवारी को हटाने पूर्व हाईकमान को पत्र

*भोपाल। मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की भारी पराजय पर मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पदमुक्त करने कांग्रेस हाई कमान को पत्र लिखा है। अग्निहोत्री ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश के निष्ठावान, कर्मठ नेताओं की उपेक्षा की जाती है। वहीं पटवारी का गृह क्षेत्र इंदौर शहर में ही प्रभाव नहीं है। जिन अक्षय क्रांति बम को पटवारी ने इंदौर का प्रत्याशी बनवाया, वह पहले ही भाजपा के खेमे में चले गए।*

चिंतन

# मोदी 3.0 की टीम के सामने विकास को गति देने की चुनौती

टीम मोदी 3.0 के अधिकांश मंत्रियों ने अपना कार्यभाल संभाल लिया। खुद पीएम नरेन्द्र मोदी शपथ के बाद पहली कैबिनैट बैठक में पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घरों के निर्माण कार्य को मंजूरी दी, किसान निधि की किश्त भी जारी की। मंत्रियों के विभाग बंटवारे के बाद राजग सरकार एक्शन में आने लगी है। पीएम मोदी ने अपने कैबिनेट के चयन में जहां सोशल इंजीनियरिंग का ध्यान रखा है, वहीं निकट भविष्य के चुनावी राज्यों को भी महत्व दिया है, इसके साथ ही सहयोगियों की आकांझाओं को भी पूरा किया है। विभाग बंटवारे में भी प्रमुख दस विभाग भाजपा के ही खाते में हैं, पीएम ने सहयोगी टीडीपी, जदयू, एलजेपी (आर), शिवसेना, हम, रालोद आदि को भी साइज के हिसाब से महत्वपूर्ण मंत्रालय देकर संतुलन साधा है। विभागों के दायित्व में पीएम ने अनुभव, योग्यता और कार्यकुशलता को ध्यान में रखा है। पीएम ने जिस तरह रक्षा, गृह, वित्त, विदेश, रेल, कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, शिक्षा, पर्यावरण आदि मंत्रालय के मंत्री को नहीं बदला है, सभी वर्ष 2019 के कार्यकाल से ही संभाल रहे हैं, इससे साफ है कि मोदी 3.0 सरकार भी मोदी 2.0 की तरह अपना मोमेंटम बनाए रखेगी। टॉप टेन में मनोहर लाल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा और सीआर पाटिल को महत्वपूर्ण मंत्रालय सौंपा गया है, इनके प्रदर्शन पर मोदी 3.0 की सफलता निर्भर करेगी। राजनाथ, शाह, गडकरी, सीतारमण व जयशंकर टेस्टेड हैं। मोदी की राजग सरकार को जहां भाजपा के चुनावी वादे पूरे करने हैं, वहीं घटक दलों की घोषणाओं को भी पूरा करना है, इसके लिए जरूरी है कि सभी मंत्री एक्टिव होकर कार्य करें। भारतीय दंड संहिता, कानून संहिता और साक्ष्य संहिता लागू होने है, विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आर्थिक सुधार का अगला चरण किया जाना है, एफडीआई नियमों को और उदार बनाया जाना है, मेक इंडिया को बढ़ावा दिया जाना है, आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाया जाना है, सोशल वेलफेयर स्कीम्स की समीक्षा होनी है, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाया जाना है, ग्रीन तकनीक, डिजिटल इकोनॉमी, इलेक्ट्रिकल ऑटो क्षेत्र, सेमीकंडक्टर व हरित हाइड्रोजन उद्योग को आगे बढ़ाया जाना है, ऐसे में जरूरी है कि टीम मोदी जल्द से जल्द अपना काम शुरू करें। कार्यभार संभालते ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ एक्शन तेज करेगी। शपथग्रहण के दिन हुए जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों के तार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। अविभाजित जेएंडके के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने पाक सीमा एलओसी को अभेद्य बनाने की बात कही है। सरकार को इस ओर ध्यान देना होगा, साथ ही पाकिस्तान को कड़ा संदेश देना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इरादा जता दिया है कि भारत की विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे, भारत प्रथम व वसुधैव कुटुम्बकम। शहरी विकास के क्षेत्र में अनेक सुधारात्कम कदम उठाए जाने हैं, स्मार्ट सिटी के लक्ष्य अधूरे हैं, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल पर शहरी विकास के साथ ऊर्जा क्षेत्र में सुधार की जिम्मेदारी होगी। जुलाई में नई सरकार का बजट आएगा, जिसमें भाजपा व सहयोगियों के घोषणा पत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत, गरीबी उन्मूलन व विकसित भारत के लक्ष्य प्रतिबिंबित होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर राजग सरकार का बजट लाने की चुनौती होगी।

# इन थप्पड़ों को वाहवाही क्यों?



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के एक महिला जवान कुलविंदर कौर द्वारा थप्पड़ जड़े जाने पर सोशल मीडिया में इस घटना के समर्थन और विरोध में व्यापक प्रतिक्रिया देखी जा रही है। सियासत और सिने जगत से जुड़े लोग भी इस थप्पड़ कांड पर अपनी दलीय और वैचारिक प्रतिबद्धता अनुसार टिप्पणियां कर रहे हैं। इस वारदात को अंजाम देने वाली महिला जवान के मुताबिक कंगना ने किसान आंदोलन में शामिल महिलाओं को सौ-सौ रुपए लेकर धरने पर बैठने वाली औरतें बताया था जिससे वह व्यथित थी क्योंकि इस आंदोलन में उनकी मां भी शामिल थी। बहरहाल इस आलेख का उद्देश्य कंगना की हिमायत नहीं है बल्कि इस घटना से उपजे विवाद के दूरगामी प्रभाव से है। कंगना रनौत स्वयं अपने अनेक बयानों और टिप्पणियों के चलते विवादास्पद रहीं हैं। किसान आंदोलन में शामिल महिलाओं के बारे में कंगना के बयान को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता लेकिन निज भावना के आहत होने पर किसी सुरक्षा बल द्वारा किए गए हिंसात्मक हरकत को भी जायज नहीं कहा जा सकता। अलबत्ता मामला सिर्फ कंगना की ही नहीं बल्कि इस प्रकार की ही घटना लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार के साथ भी घटित हुई है। इस वारदात में कुछ लोगों ने कन्हैया के ऊपर स्याही फेंकने के बाद उन्हें चांटा मारा था। इस हमले में शामिल दो युवकों के मुताबिक वे लोग बतौर जेएनयू छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार और उनके साथियों के उस नारे से नाराज थे जिसमें उन्होंने भारत के टुकड़े-टुकड़े होने का नारा लगाया था। युवकों का कहना था कि हम सनातनियों के रहते कोई भी भारत का टुकड़े-टुकड़े नहीं कर सकता। इस हमले के बाद भी सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी विचारधारा के समर्थक यूजर्स घटना का समर्थन करते हुए युवकों का महिमा मंडन करने में जुट गए। किसी राजनेता पर स्याही फेंकने या उससे हाथापाई करने की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि कुछ सालों पहले एनसीपी के प्रमुख शरद पवार, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी स्याही फेंकने और हाथापाई जैसी घटनाएं घटित हुई है। इन हरकतों के बाद भी उनके विरोधियों ने काफी चटखारे लेते हुए घटना का समर्थन किया था। बिनाशक लोकतंत्र में सभी को विरोध और प्रदर्शन का अधिकार है लेकिन किसी के मान मर्दन के लिए ऐसे हरकत स्वीकार्य नहीं है।

बीते एक दशक की बात करें तो इस दौरान देश में राजनीतिक और धार्मिक असहिष्णुता और नफरत काफी तेजी से बढ़ी है जिसे सोशल मीडिया ने काफी विस्तार दिया है। सूचना क्रांति के वर्तमान दौर में सोशल मीडिया आम आदमी के जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। सोशल मीडिया को आम आदमी का संसद कहा जाता है लेकिन हाल के दिनों में इस माध्यम का नाकारात्मक स्वरूप भी सामने आने लगा है। अब यह मीडिया धार्मिक, राजनीतिक और वैचारिक नफरत फैलाने वालों का अड्डा बन चुका है। वैचारिक असहिष्णुता, धार्मिक नफरत और राजनीतिक वैमनस्यता के चलते लोग किसी भी हद तक जाने के लिए बेताब है जिसे सोशल मीडिया खूब खाद- पानी मुहैया करा रहा है। कंगना रनौत को थप्पड़ पर सोशल मीडिया में जिस तरह से तर्क, वितर्क और कुतर्क चल रहा है उसने महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के हत्या को भी समर्थन और विरोध के कठघरे में खड़ा कर दिया है। एकबारगी तो यही लगता है कि अच्छा हुआ कि जो इन नेताओं के शहादत के समय सोशल मीडिया नहीं था वरन आज जो परिस्थितियां हैं उसमें इन हत्याओं को भी जायज ठहराने वालों की फौज खड़ी हो जाती।



गौरतलब है कि मुल्क में अनेक ऐसे राजनेता, धार्मिक संगठन से जुड़े लोग, सेलिब्रिटी, लेखक, पत्रकार, एक्टिविस्ट और आम नागरिक हैं जो अभिव्यक्ति की आजादी का लाभ लेकर सोशल मीडिया से लेकर सार्वजनिक मंचों पर ऐसी बातें बोलते या लिखते हैं जिससे एक बड़े तबके की राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक और जातिगत भावनाएं आहत होती हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि व्यथित और असहमत लोग हिंसा पर उतारू हो जाएं। दरअसल भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में अनेक राजनीतिक विचारधाराएं जिसके प्रति लोगों में सहमति और असहमति तथा पक्ष व विपक्ष दोनों है। इन विचारों की असहमति के चलते राजनेताओं, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के साथ हो रहे हिंसात्मक घटनाएं निश्चित तौर पर अलोकतांत्रिक, अराजक और निंदनीय ही है। बेहतर होगा कि हर देशवासी अपनी वैचारिक और धार्मिक प्रतिबद्धता को परे रखकर इन घटनाओं की निंदा करें आखिरकार यह लोकतंत्र की सुरक्षा और मजबूती से जुड़ा मसला है। गौरतलब है कि देश के कानून और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध और असहमति के अभिव्यक्ति के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं लेकिन हिंसा कदापि स्वीकार्य नहीं है।आखिरकार हिंसा से लोकतंत्र की बुनियाद पर ही हमला होता है जो हर लिहाज से देश और कानून व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राजनीतिक और धार्मिक वजहों से ही इस देश ने महात्मा गांधी, श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या देखी है। इन हत्याओं के भी मूल में एक बड़े समुदाय की भावनाएं थीं लेकिन यह देश के लिए आज भी काला अध्याय है।

बहरहाल कंगना और कन्हैया के हालिया मामलों पर गौर करें तो हमलावरों को इन दोनों के बयानों या नारों के कारण यदि उनकी भावनाएं आहत हुई थी तब वे अपनी असंतोष या असहमति का इजहार सोशल मीडिया के माध्यम से कर सकते थे अथवा कानून का दरवाजा खटखटा सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।अहम सवाल यह कि जिस सुरक्षा बल के जिम्मे एयरपोर्ट और यात्रियों की सुरक्षा की जवाबदेही है यदि वह स्वयं अपने निजी भावनाओं के चलते किसी यात्री पर हमलावर हो जाए तो उसे जायज कैसे माना जा सकता है? शासकीय सेवा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सेवाएं आचरण नियमों के तहत ही नियंत्रित होती है लिहाजा यदि कोई सरकारी सुरक्षा जवान स्वयं अपनी ड्यूटी के दौरान हिंसात्मक घटना में शामिल हो जाए तो भला उसकी तरफदारी क्यों होनी चाहिए? इस घटना को मामूली घटना बताने वालों को यह भी समझना होगा कि यदि महिला जवान अपने भावनाओं के ज्वार में कंगना के साथ कुछ और अनहोनी कर जाती तब क्या होता? क्योंकि आज सेना से लेकर पुलिस के हर जवान के पास आग्नेयास्त्र होता है। बहरहाल कंगना और कन्हैया पर हुए हमलों का जो लोग समर्थन कर रहे हैं अथवा इसे मामूली घटना बता रहे हैं उसके मूल में सीधे तौर पर उनका इन व्यक्तियों से राजनीतिक और वैचारिक विरोध ही है।

प्रजातंत्र में सहमति और असहमति दोनों जायज है लेकिन असहमति की अभिव्यक्ति कभी भी हिंसा नहीं हो सकती। हिंसा विवेक शून्यता का परिचायक होता है इसलिए इसका सदैव प्रतिकार करना चाहिए।बिलाशक किसान आंदोलन देश के किसानों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसके बारे में किसी भी प्रकार के ओछी टिप्पणियों को उचित नहीं माना जा सकता। अलबत्ता किसान आंदोलन के बारे में कंगना का बयान निश्चित तौर पर जनभावनाओं के विपरित था लेकिन यह भी सच है कि कंगना ने यह बयान समग्र रूप में दिया था न कि महिला जवान के मां को ही लक्ष्य करके दिया था।

अलबत्ता यदि संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी है तो इसमें समानता, स्वतंत्रता और सहनशीलता जैसे भाव भी निहित है। यदि कंगना की वर्तमान हैसियत को परे रख दें तो एक नागरिक के तौर पर किसी सुरक्षा बल द्वारा निज भावना के आहत होने पर हिंसा करने की घटना को कैसे उचित ठहराया जा सकता है? जबकि सेना और पुलिस की पहली सीख ही अनुशासन, सहनशीलता और धैर्य है। अभिव्यक्ति की आजादी के बीच राजनेताओं और आम नागरिकों को यह भी समझना होगा कि इस अधिकार की भी एक लक्ष्मण रेखा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस आजादी के दुरूपयोग पर गौर करते हुए 'हेट स्पीच' यानि नफरती बयान देने वालों के खिलाफ शासन और प्रशासन को स्वप्रेरित मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश महज कागजी ही साबित हो रहा है। हालिया लोकसभा के चुनाव प्रचार अभियान पर गौर करें तो इस दौरान अमूमन सभी राजनेताओं के जुबान से विपक्षी नेताओं के बारे में बदजुबानी के शब्द बरसते रहे तो दूसरी ओर अल्पसंख्यकों को निशाने पर रखकर मजहबी नफरत की खाई को बढ़ाने वाले स्पीच भी दिए गए लेकिन चुनाव आयोग और प्रशासन किंकर्तव्यविमूढ़ बने रहा। बहरहाल कंगना अब लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंच चुकी है लिहाजा उन्हें अब अपने बयानों के प्रति पहले की अपेक्षा ज्यादा सतर्क होने की जरूरत है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राजनीतिक दलों से जुड़े समर्थकों और सोशल मीडिया यूजर्स से भी अपेक्षा है कि वे देश के लोकतंत्र के मर्यादा की रक्षा हेतु अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए विचारों की अभिव्यक्ति में संयम बरतें।

*( यह लेखक के निजी विचार हैं।)*

बालश्रम निषेध दिवस
डॉ रमेश ठाकुर



# बाल मजदूरी वैश्विक समस्या


वैश्विक समस्या है बाल श्रम? किसी भी मुल्क के माथे पर सामाजिक कलंक भी है, फिर चाहें वह देश विकसित हो या विकासशील? 2002 में इस बुराई के विरुद्ध प्रतिवर्ष 12 जून के दिन 'अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन' की पहल पर 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' मनाना आरंभ हुआ। इस दिवस का मकसद चाइल्ड लेबर के सभी रूपों को रोकने के लिए जनमानस को जागरूकता करना था। जागरूकता को ध्यान में रखकर ही 2024 की थीम 'अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें' बाल श्रम समाप्त करें, निर्धारित की गई है। आंकड़ों की माने तो बालश्रम एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर काबिज है। यहां कुल 7 फीसदी बच्चे विभिन्न किस्म की मजदूरी में संलिप्त हैं। यही कारण है कि 62 मिलियन बच्चों की बड़ी आबादी आज भी शिक्षा से महरूम है। रोकथाम के लिहाज से प्रयासों किए जाते हैं कि बच्चों को बाल श्रम की धधकती भट्टियों से आजाद करवाया जाए, लेकिन परिवारों के मध्य संघर्ष, संकट और आर्थिक मजबूरियां उन्हें बाल श्रम करने को विवश करती हैं। बाल श्रम रोकने में सरकारी व सामाजिक दोनों के प्रयास नाकाफी न रहें, सभी को ईमानदारी से इस दायित्व में आहुति देनी चाहिए। कानूनों की कमी नहीं है, कई कानून सक्रिय हैं। बाल श्रम अधिनियम-1986 के तहत ढाबों, घरों, होटलों में बाल श्रम करवाना दंडनीय अपराध है। बावजूद इसके लोग बाल श्रम को बढ़ावा देते हैं। बच्चों को वह अपने प्रतिष्ठिनों में इसलिए काम दे देते हैं क्योंकि उन्हें कम मजदूरी देनी पड़ती है।



बाल मजदूरी रोकने के लिए 1979 में बनी गुरुपाद स्वामी समिति ने बेहतरीन काम किया था। उसके बाद अलग मंत्रालय, आयोग, संस्थान और समितियां बनीं, लेकिन बात फिर वहीं आकर रुक जाती है कि जब तक आमजन की सहभागिता नहीं होगी, सरकारी प्रयास नाकाफी साबित होंगे। अंतरराष्ट्रीय समुदाय विगत कई दशकों से बाल श्रम को समाप्त करने में ईमानदारी से प्रतिबद्धता व्यक्त कर रहा है। बावजूद इसके विश्व में आज भी करीब 160 मिलियन बच्चे बाल श्रम की भट्टी में तप रहे हैं। बाल श्रम से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहताशा प्रयास हो रहे हैं, लेकिन फिर भी बाल श्रम की समस्या थमने के बजाय और बढ़ रही है। हिंदी फिल्म 'बूट पॉलिश' का एक गाना है कि 'नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है, मुट्ठी में है तकदीर हमारी' के बोल न सिर्फ बालश्रम की भट्टियों में धधकते बचपन के प्रति संवेदना जगाते हैं, बल्कि हुकूमतों के लिए बाल समस्याओं पर अंकुश न लगाने व उनसे जुड़े उत्पीड़न और अपराध के प्रति घोर निराशा भी व्यक्त करते हैं। बाल मजदूरी वैश्विक समस्या का रूप ले चुकी है, इसलिए सिर्फ सरकार-सिस्टम पर सवाल उठाने से अब काम नहीं चलने वाला? समाधान के विकल्प सभी को मिलकर खोजने होंगे? सड़कों पर भीख मांगते बच्चे, ईट भट्टों पर काम करते नौनिहाल, विभिन्न अपराधों में लिप्त बच्चे व शिक्षा से महरूम बच्चों को देखकर मुंह मोड़ने के बजाय है, हुकूमतों को चेताना होगा। हमारी चुप्पी ही बालश्रम जैसे कृत्य को बढ़ावा देती है। ऐसे बच्चों के बचपन की तुलना थोड़ी देर के लिए हम अपने बच्चों से करें, तो फर्क अपने आप महसूस कर सकेंगे। आंखों के सामने किसी बच्चे का बचपन खो जाना, हमारे लिए सबसे बड़ी शर्म वाली बात है। ये सच है कि समस्या किसी एक के बूते सुलझने वाली नहीं? इसके लिए सामाजिक चेतना, जनजागरण और जागरूकता की जरूरत है। बाल मजदूरी और बाल अपराध को रोकने के लिए महिला बाल मंत्रालय, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग व निपसीड सहित इस क्षेत्र में कार्यरत तमाम संस्थाएं कार्यरत हैं। गैर सरकारी संगठन और एनजीओ हमेशा रोकथाम की दिशा में हमेशा तत्पर रहते हैं। इसके लिए सबसे पहले सामाजिक स्तर पर बाल श्रमिकों के प्रति आम लोगों के जेहन में संवेदना जगानी होगी और बाल श्रम के खिलाफ मन में लड़ाई की प्रवृति पैदा करनी होगी। बाल मजदूरों के बढ़ने के कुछ कारण और भी हैं। पिछड़े राज्यों में बाल तस्करों का बड़ा गैंग सक्रिय है, जो मासूम बच्चों को किडनैप करके उन्हें कुछ समय बाद भीख मंगवाने या मजदूरी में लगा देते हैं। नेशनल क्राइम ब्यूरों के आंकड़े बताते हैं कि तस्कर गिरोह समूचे हिंदुस्तान में रोजाना सैकड़ों बच्चे किडनेप करते हैं जिन्हें बाद में भीख मंगवाने, मजूदरी, बाल अपराध और बाल श्रम की आग में झोंकते हैं। आज का दिन खास है, बाल श्रम रोकने के लिए। सभी को संकल्पित होना चाहिए इस लड़ाई में। कहीं कोई बच्चा मजदूरी करता दिखे, कारण जानना चाहिए। अगर लगे कि काम पर लगाया गया है, तो आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करवानी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।


# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए।

*- अशोक साहू, कांकेर*

## ट्रेंड

### विकास मुख्य भूमिका निभाएं



संचार मंत्री के रूप में कार्यभार सँभालने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। चलिए, साथ मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण करते हैं जहाँ अवसरों की पहुंच कभी भौगोलिक दूरियों पर निर्भर न रहे तथा देश की विकास यात्रा में मुख्य भूमिका निभाएं।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### शुभ कर्म ही मूल आधार



शुभ व पवित्र कार्यों में कभी विलम्ब न करें। जीवन की महान उपलब्धियों अर्थात उत्कर्ष उन्नयन में सही समय पर उत्साह और सत्यनिष्ठा के साथ किये गये शुभ कर्म ही मूलआधार हैं

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### काले कारनामे



एनडी गठबंधन की सरकार और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बने 24 घंटे भी नहीं हुए कि बीजेपी वालों के काले कारनामे सामने आ गए। संघ परिवार के नेता शांतनु सिन्हा ने बीजेपी आईटी सेल के अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। जांच होनी चाहिए।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### खराब सामग्री हटा दी




नई बोतल में पुरानी शराब। पूर्णता के लिए पुराना, कुछ खराब सामग्री हटा दी गई और आवश्यक सामग्री जोड़ दी गई। कैबिनेट में ताज़ा रखा गया। खाने का सामान नहीं मिलेगा।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# पाक मीडिया दो साल से चुप रहने के लिए बाध्य



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दावा किया कि पिछले दो साल से सरकार ने मीडिया को चुप रहने के लिए बाध्य कर दिया और असहमति जताने वाले पत्रकारों को दमन का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में आरोपी खान को 10 महीने पहले गिरफ्तार किए जाने के बाद से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है। उन्हें कुछ मामलों में दोषी भी ठहराया गया है। इमरान (71) खान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, पाकिस्तान में मीडिया हमेशा राज्य के नियंत्रण में रहा है, वहीं पत्रकारों को उनके आलोचनात्मक नजरिए के लिए निशाना बनाया गया है। पाकिस्तान में पिछले दो साल में मीडिया को चुप रहने के लिए बाध्य किया गया है और असहमति जताने वाले पत्रकारों को दमन का सामना करना पड़ा है। इमरान का यह बयान ऐसे समय आया है जब खान के प्रतिद्वंद्वी और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने हाल ही में 'पंजाब मानहानि अधिनियम 2024' पेश किया है, जो मानहानि से जुड़ा विवादास्पद कानून है और यह फर्जी खबरों के नाम पर प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाता है।

## ऑफ बीट

# हमारा व्यक्तित्व पांच प्राथमिक कारकों से बना



माना जाता है कि हमारा व्यक्तित्व आम तौर पर पांच प्राथमिक कारकों से बना होता है : अनुभव के प्रति खुलापन, कर्तव्यनिष्ठा, बहिर्मुखता, सहमतता और विक्षिप्तता, हममें से प्रत्येक की रैंकिंग निम्न से उच्च तक होती है। जो लोग बहिर्मुखता में उच्च स्थान पर हैं, जिन्हें बहिर्मुखी कहा जाता है, वे आमतौर पर अपनी बाहरी दुनिया पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अधिक आशावादी होते हैं, मेलजोल से ऊर्जावान होते हैं और सामाजिक मेलजोल का आनंद लेते हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, अंतर्मुखी लोगों के शांत, गहन विचारक होने की अधिक संभावना होती है, जो अकेले रहकर ऊर्जावान होते हैं और अवलोकन करके सीखते हैं (लेकिन जरूरी नहीं कि वे शर्मीले हों)। लेकिन क्या होगा यदि आप न तो अंतर्मुखी हैं और न ही बहिर्मुखी - या आप दोनों में से कुछ हैं? एक अन्य श्रेणी बेहतर ढंग से फिट हो सकती है : उभयमुखी। वे स्पेक्ट्रम के मध्य में हैं और उन्हें सामाजिक अंतर्मुखी भी कहा जाता है। उभयमुखी वास्तव में क्या है? एम्बिवर्ट या उभयमुखी शब्द 1923 में उभरा। हालांकि शुरुआत में इसे अंतर्मुखी-बहिर्मुखी स्पेक्ट्रम के हिस्से के रूप में नहीं अपनाया गया था, हाल के शोध से पता चलता है कि एम्बिवर्ट एक अलग श्रेणी है।


# हरियाणा विधानसभा के लिए नहीं होगा आप से गठबंधन

## दिल्ली के बाद हरियाणा में भी बढ़ी कांग्रेस-आप की दूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के बाद हरियाणा में ये भी लगभग साफ हो गया है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) विधानसभा का चुनाव अलग-अलग लड़ेंगी।

हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर था, लेकिन विधानसभा चुनाव में कोई गठबंधन नहीं होगा। आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस संग किसी भी गठबंधन से इनकार करते हुए कहा कि यह शुरू से ही स्पष्ट था कि केवल लोकसभा चुनाव के लिए थी।



कांग्रेस के पूर्व सीएम हुड्डा का ऐलान

### हमारा संघर्ष जारी रहेगा

दिल्ली के नतीजों पर उन्होंने कहा कि आप-कांग्रेस गठबंधन का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर कम हो गया। उन्होंने कहा कि 13 जून को दिल्ली के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। चूंकि केजरीवाल जेल में हैं, इसलिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### लोकसभा के लिए था अलायंसः राय

दिल्ली के वरिष्ठ मंत्री गोपाल राय ने कहा कि यह शुरू से ही स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा के लिए है। हमने ईमानदारी के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं है। हम लड़ेंगे। दिल्ली में इस लड़ाई को दिल्ली के लोगों के साथ मिलकर लड़ा गया। लोकसभा चुनावों में आप और कांग्रेस ने दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में सीट बंटवारे की व्यवस्था की, जबकि वे असम और पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लड़े। राय ने कहा कि हमने बेहद विपरीत परिस्थितियों में लोकसभा चुनाव लड़ा। हमारे शीर्ष नेता जेल में हैं।

## हरियाणा भाजपाध्यक्ष की तलाश तेज

## जाट व एससी चेहरों के बीच फंसा पद



लोकसभा चुनावों में 5सीटें गंवाने के बाद हरियाणा भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में हरियाणा से 3 बड़े चेहरों मनोहर लाल, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर को शामिल किए जाने से एक बात साफ हो गई है कि इन तीनों समुदायों में से किसी नेता को प्रदेशाध्यक्ष की कमान नहीं मिलनी है। भाजपा के पास जाट और गैर जाट में एससी चेहरे बचे हैं, जिन पर दांव खेल सकती है। भाजपामंथन कर रही है कि जाट मतदाताओं को साधें या फिर अनुसूचित जाति के वोट बैंक को।

### फिलहाल सीएम सैनी संभाल रहे कमान

फिलहाल सीएम नायब सिंह सैनी के पास ही प्रदेशाध्यक्ष की कमान है। दोनों पद पास होने के चलते ही इस बार लोकसभा चुनावों में पार्टी के नेताओं की संगठन पर इतनी मजबूत पकड़ नहीं रह पाई। लोकसभा में प्रत्याशियों ने खुलकर नेताओं पर भितरघात के आरोप लगाए हैं। हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होने हैं, इसलिए प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी स्वतंत्र रूप से अलग नेता को दी जानी है। फिलहाल भाजपा यह तय करने में जुटी है।



जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य मंत्रालय का पदभार लिया।



प्रहलाद जोशी ने खाद्य, उपभोक्ता विभाग संभाला।



जितेंद्र सिंह ने कार्मिक, लोक शिकायत विभाग संभाला।



डॉ. एस. जयशंकर ने फिर विदेश मंत्रालय संभाला।



पीयूष गोयल ने उद्योग मंत्रालय संभाला।

## खबर संक्षेप

### विवाहिता की हत्या, पति-ससुर को 10-10 वर्ष कैद

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही की एक अदालत ने दहेज के लिए एक विवाहिता को कीटनाशक पिलाकर



हत्या करने के आरोपी पिता-पुत्र को मंगलवार को दोषी करार देते हुए दोनों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गयी है। कोर्ट ने मृत नवविवाहिता के पति संदीप और ससुर फूलचंद को 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

### पुलिस ने एक्ट्रेस पवित्रा को हिरासत में लिया

**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने एक्टर दर्शन थुगुदीपा को एक हत्या के मामले में गिरफ्तार



किया गया है। दर्शन पर रेणुका स्वामी मर्डर केस से जुड़े होने का आरोप है। पुलिस ने मैसूर में उनके फार्महाउस से हिरासत में लिया गया। वहीं अब खबर है कि दर्शन की कथित गर्लफ्रेंड पवित्रा गौड़ा को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### ठाणे में फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**भिवंडी।** महाराष्ट्र के ठाणे के भिवंडी तालुका के सरावली एमआईडीसी में एक फैक्ट्री में आग



लग गई। भिवंडी में एक सैनिटरी नैपकिन फैक्ट्री में मंगलवार तड़के आग लग गई, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अधिकारी ने बताया कि सरावली औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री में आग तड़के करीब 3 बजे लगी।

### कोलकाता में बहुमंजिला इमारत भी जली

**कोलकाता।** कोलकाता के पार्क स्ट्रीट और कैमक स्ट्रीट के क्रासिंग के निकट पार्क सेंटर नामक



बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगी है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंची है। अग्निकांड में किसी के जख्मी होने या फिर अंदर फंसे होने की कोई सूचना नहीं है।

## नायडू ने तेदेपा, भाजपा और जनसेना की संयुक्त बैठक में कहा

# अमरावती ही होगी आंध्र की एकमात्र राजधानी, 3 राजधानियां नहीं होंगी

**एनडीए की बैठक में चंद्रबाबू ने किया ऐलान**

### आज लेंगे सीएम पद की शपथ

एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से एक दिन पहले तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को घोषणा की कि अमरावती राज्य की एकमात्र राजधानी होगी। नायडू तेदेपा, भाजपा और जनसेना के विधायकों की एक संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में उन्होंने आंध्र प्रदेश विधानसभा में एनडीए नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में तीन राजधानियों की आड़ में कोई खेल नहीं होगा। हमारी राजधानी अमरावती है।

अमरावती राजधानी है। राज्य के बंटवारे के बाद चंद्रबाबू नायडू पहले मुख्यमंत्री बने। वह 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहे। नायडू ने अमरावती को राजधानी बनाने का विचार रखा था। नायडू बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।



### 2019 में लगा था झटका

नायडू के इस विचार को उस समय झटका लगा जब 2019 में उन्होंने सत्ता खो दी और वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने शानदार जीत हासिल की। फिर रेड्डी ने अमरावती शहर की योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया और तीन राजधानियों का एक नया विचार सामने रखा, जिसे नायडू ने अब एकमात्र राजधानी रखने के फैसले के साथ बदल दिया है।

### जनादेश ने 'जान फूंकी'

आंध्र प्रदेश के हालिया विधानसभा चुनाव में तेदेपा, भाजपा और जनसेना के गठबंधन ने एकतरफा जीत हासिल की। एनडीए गठबंधन ने विधासभा चुनाव 164 सीट पर जीत दर्ज की जबकि लोकसभा चुनाव में 21 सीट पर भारी बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की। इस जनादेश ने अमरावती को राजधानी बनाने की योजना में नई जान फूंक दी है।

## भाजपा के रविशंकर और चुघ पर्यवेक्षक बने

## जल्द चुना जाएगा अरुणाचल प्रदेश में 'नेता'



**ईटानगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड ने अरुणाचल प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सांसद रविशंकर प्रसाद और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्ति किया है। हाल के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। राज्य की 60 विधानसभा सीट में से भाजपा ने 46 पर जीत दर्ज की। जबकि नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने 5 सीट हासिल कीं। वहीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 3, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने 2, कांग्रेस ने 1 और निर्दलीयों ने 3 सीट पर जीत हासिल की।

### खांडू संभाल रहे कार्यकारी सीएम की जिम्मेदारी

इससे पहले भाजपा अरुणाचल प्रदेश प्रमुख बियुराम वाहगे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सीएम पेमा खांडू और बाकी के विधायक और भाजपा नेता केंद्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए नई दिल्ली गए हुए हैं। हम उनके और हाईकमान की तरह से किसी पर्यवक्षेक का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही वह यहां आते हैं और नए विधायकों के साथ मिलकर विधायक दल के नेता का चुनाव कर लेते हैं, वैसे ही शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू की जाएंगी। फिलहाल कोई तारीख तय नहीं हुई है। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल कैवल्य परनायक ने 2 जून को विधानसभा भंग कर दी थी और खांडू को नई सरकार के पदभार ग्रहण करने तक मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए कहा था।

## पीएम मोदी ने की योग पर चर्चा

# सभी नियमित योगाभ्यास करें यह शांति का अभयारण्य प्रदाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने योग के महत्व पर चर्चा करते हुए लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया है। उन्होंने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट भी लिखा है।

21 जून को हर बार की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस दिन देश-विदेश में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, जैसे-जैसे योग दिवस नजदीक आ रहा है, मैं वीडियो का एक सेट साझा कर रहा



हूं जो विभिन्न आसन और उनके लाभों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मोदी ने लिखा है कि योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना और दूसरों को भी प्रोत्साहित करना आवश्यक है। योग शांति का अभयारण्य प्रदान करता है।

## कैबिनेट पर राहुल ने एक्स पर लिखा

# ये मंत्रिमंडल नहीं एनडीए का परिवारमंडल जैसा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी 3.0 के नए मंत्रिमंडल को राहुल गांधी ने एनडीए का परिवारमंडल बताया है। राहुल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर किया है।

इसमें उन मंत्रियों के नाम हैं, जिसके कई नेता तो ऐसे हैं, जिनके पिता पीएम और सीएम तक रह चुके हैं। राहुल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट से इस मंत्रिमंडल को एनडीए का परिवार मंडल बताया। एक्स पर राहुल ने जो पोस्टर शेयर किया है, उनमें 20 नेताओं के नाम लिखे हैं,



इनमें भाजपा के साथ साथ सहयोगी दलों के नेताओं के नाम भी शामिल हैं। राहुल ने लिखा,पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांट रहे हैं। राहुल ने ये भी लिखा है कि इसी कथनी और करनी के फर्क को नरेंद्र मोदी कहते हैं।

## बुलडोजर से की टोल नाके में तोड़फोड़



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में टोलकर्मी द्वारा टोल मांगने से एक ड्राइवर इतना भड़क गया कि उसने बुलडोजर से पूरे टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ कर दी। ये घटना मंगलवार की सुबह हापुड़ के छिजारसी टोल प्लाजा पर हुई है। वह नशे में धुत था। बदायूं निवासी धीरज पिलखुवा ईंट भट्टे पर काम करता था। वह जेसीबी लेकर छिजारसी टोल प्लाजा पर आया था। जब टोलकर्मी ने टोल शुल्क मांगा तो वह टोल प्लाजा के केबिन पर बुलडोजर चला दी और 2 केबिन को नष्ट कर दिया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जेसीबी को भी जब्त कर लिया गया है।

## संघ की वैचारिक पत्रिका में प्रकाशित लेख में नतीजों की समीक्षा की गई

# जो नेता सोशल मीडिया पर पोस्ट-शेयर करने में 'व्यस्त' थे जमीन पर नहीं उतरे व लोगों की आवाज नहीं सुनी, वे हारे

अगर भाजपा के कार्यकर्ता आरएसएस तक नहीं पहुंचे हैं तो उन्हें जवाब देना होगा कि जरूरत क्यों नहीं समझी?

"आम चुनावों के नतीजे अति आत्मविश्वास वाले भाजपा कार्यकर्ताओं और कई नेताओं के लिए रियलिटी चेक के रूप में आए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आरएसएस से संबंधित पत्रिका ऑर्गनाइजर के ताजा अंक में प्रकाशित एक लेख में लोकसभा चुनाव परिणामों को अति आत्मविश्वासी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को आईना दिखाने जैसा बताया गया है। लेख में यह भी कहा गया है कि नेता सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करने में व्यस्त थे और जमीन पर नहीं उतरे।

लेख के मुताबिक नेता अपनी दुनिया में खुश थे और जमीन से उठ रही आवाजें नहीं सुन रहे थे। रतन शारदा ने लेख में कहा है कि यह झूठा अहंकार कि केवल भाजपा नेता ही वास्तविक राजनीति समझते हैं, यह हास्यास्पद है।



### पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का भाजपा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा


लेख में लिखा-2024 के आम चुनावों के नतीजे अति आत्मविश्वास वाले भाजपा कार्यकर्ताओं और कई नेताओं के लिए रियलिटी चेक के रूप में आए हैं। उन्हें इस बात का अहसास नहीं था कि प्रधानमंत्री मोदी का 400 प्लस का नारा भाजपा के लिए एक लक्ष्य था और विपक्ष के लिए एक चुनौती थी। लक्ष्य मैदान पर कड़ी मेहनत से हासिल होते हैं, सोशल मीडिया पर पोस्टर और सेल्फी शेयर करने से नहीं। पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का भाजपा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अगर भाजपा के कार्यकर्ता आरएसएस तक नहीं पहुंचे हैं तो उन्हें जवाब देना होगा कि उन्होंने क्यों सोचा कि इसकी आवश्यकता नहीं है?

**दलबदलू को ज्यादा महत्व दिया**


लेखक ने भाजपा सांसदों और मंत्रियों की पहुंच से बाहर हो जाने की भी आलोचना की है। शारदा ने कहा कि वर्षों से किसी भी भाजपा या आरएसएस कार्यकर्ता और आम नागरिक की सबसे बड़ी शिकायत स्थानीय सांसद या विधायक से मिलने में कठिनाई या यहां तक कि असंभवता रही है, मंत्रियों को तो छोड़ ही दें। उनकी समस्याओं के प्रति असंवेदनशीलता एक और आयाम है। भाजपा के चुने हुए सांसद और मंत्री हमेशा 'व्यस्त' क्यों रहते हैं? वे कभी अपने निर्वाचन क्षेत्रों में क्यों नहीं दिखते? यह विचार कि मोदीजी सभी 543 सीटों पर लड़ रहे हैं इसकी भी कुछ सीमाएं है। यह विचार तब आत्मघाती हो गया जब उम्मीदवार बदले गए, स्थानीय नेताओं की कीमत पर थोपे गए और दलबदलुओं को अधिक महत्व दिया गया। देर से आने वालों को समायोजित करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले सांसदों की भी बलि देना दुखद है।

## मुजफ्फरनगर में हार पर 'रार'

# भाजपा नेता बालियान और संगीत में जुबानी जंग बढ़ी



संगीत सोम



संजीव बालियान

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में बड़ा झटका लगा है। यहां भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इस चुनाव में भाजपा आरएलडी के साथ गठबंधन करके चुनावी जंग में थी। भाजपा के चर्चित नेता पूर्व विधायक संगीत सोम ने आरएलडी के साथ गठबंधन को लेकर हमला बोला है। संगीत ने कहा, आरएलडी के साथ गठबंधन करने का भाजपा को कोई फायदा नहीं हुआ। जो सीटें हम अकेले जीत सकते थे वे सीटें भी पार्टी हार गए। उन्होंने कहा कि बालियान अपने कारणों से हारे हैं।

## बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग रही

# घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री मई में चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गयी। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के चलते मई महीने में अबतक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने पिछले महीने 1,44,002 इकाइयां बेचीं, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 1,43,708 इकाई था। हुंडई मोटर इंडिया ने मई में 49,151 वाहन बेचे, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 48,601 इकाई था।

### महिंद्रा ने बेचीं 43,218 इकाइयां

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 43,218 इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 32,886 इकाइयों की बिक्री की थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि सभी खंडों यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों में सालाना आधार पर मई में वृद्धि दर्ज की गई है।

- मई माह में अबतक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज
- मारुति सुजुकी ने पिछले माह 1,44,002 इकाइयां बेचीं
- हुंडई मोटर इंडिया ने 49,151 वाहन बेचे



### यात्री वाहनों में वृद्धि मध्यम रही

*सियाम के अध्यक्ष ने कहा, 'यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है।' मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल समान महीने में यह आंकड़ा 14,71,550 इकाई था।* सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने विस्तार से बताते हुए कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की आपूर्ति मई में अबतक की सर्वाधिक थी। उन्होंने कहा कि पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री में 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### टायर निर्यात 23,073 करोड़ पर स्थिर

*भारत का वाहन टायर निर्यात बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 23,073 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में भी निर्यात का आंकड़ा इतना ही रहा था। वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।*

### मुद्रास्फीति दबाव में निर्यात बुरी तरह प्रभावित

*उद्योग निकाय ने बयान में कहा कि वर्ष की पहली छमाही में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और मुद्रास्फीति के दबाव के कारण मांग में गिरावट के कारण टायर निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालांकि, वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में इसमें काफी सुधार हुआ।*

### भारतीय टायर 170 से अधिक देशों को निर्यात

*एटीएमए के अनुसार, करीब 90,000 करोड़ रुपये के कारोबार और 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात से भारतीय टायर उद्योग उन कुछ विनिर्माण क्षेत्रों में से एक है, जिनका निर्यात-कारोबार अनुपात उच्च है। भारतीय टायर वर्तमान में दुनिया के 170 से अधिक देशों को निर्यात किए जाते हैं।*



## चांदी 1400 रुपए लुढ़की सोना 150 रुपए तेज

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये लुढ़क कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने की कीमतें 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद से 150 रुपये अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,303 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 10 डॉलर ऊंचा है। गांधी ने कहा कि मंगलवार को सोने में तेजी आई, क्योंकि व्यापारियों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले अपने सौदों की कमी को पूरा करने के लिए लिवाली की। इस बैठक से ब्याज दरों में कटौती के समय के बारे में नए संकेत मिल सकते हैं। हालांकि, चांदी 29.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 29.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## इस साल भी क्या प्याज के बढ़ते दाम आंसू निकालेंगे, बढ़ सकती है और कीमतें

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में प्याज के दाम में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले 15 दिनों की बात करें तो प्याज की कीमतों में 30-50 फीसदी तक का इजाफा हो चुका है। देश में इस समय प्याज की आवक यानी इसकी सप्लाई कम हो रही है जबकि ईद उल-अज़हा (बकरीद) के आने से पहले प्याज की मांग में जोरदार इजाफा हो चुका है। अब केंद्र सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वो प्याज के बढ़ते दामों पर लगाम लगाने के लिए कुछ कदम उठाए। महाराष्ट्र के नासिक की लासलगांव मंडी में प्याज के औसत थोक भाव में खूब इजाफा आ चुका है. सोमवार को यहां औसत थोक भाव 26 रुपए प्रति किलो पर थे जबकि पिछले महीने की 25 तारीख को ये रेट 17 रुपए प्रति किलो पर थे। हालांकि महाराष्ट्र में सबसे अच्छी क्वालिटी के प्याज के रेट राज्य के कई होलसेल मार्केट में 30 रुपए प्रति किलो के भाव को पार कर गए हैं। चूंकि



इनका ट्रेड वॉल्यूम कुल प्याज की बिक्री में कम रहता है तो इनके दाम का औसत कुल भाव में ज्यादा असर नहीं दर्शाता है।

### एक्सपोर्ट ड्यूटी हटा सकती है सरकार

*किसानों को उम्मीद है कि केंद्र सरकार अब प्याज पर एक्सपोर्ट ड्यूटी हटा सकती है और इसी अनुमान के दम पर स्टॉकिस्ट और किसान प्याज का भंडारण कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि एक्सपोर्ट ड्यूटी हटने के बाद प्याज के दाम काफी ऊपर जा सकते हैं और इस समय पर वो अपनी प्याज की अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।*

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान

बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

## अनुसंधान के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए वाधवानी फाउंडेशन, एआईसीटीई ने किया समझौता

**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वाधवानी फाउंडेशन ने शैक्षणिक इनोवेशन के व्यावसायीकरण में तेजी लाने के लिए वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एआईसीटीई, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी हैदराबाद, आईआईएससी बैंगलोर और सी-कैम्प के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय फैकल्टी, छात्रों और शोधकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले शैक्षणिक और प्रयोगशाला अनुसंधान को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में बदलना है, जिन्हें विभिन्न उद्योगों में बेचा, इस्तेमाल या क्रियान्वित किया जा सके, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य का सृजन हो और समाज को लाभ पहुंचे। वर्तमान में, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक प्रतिशत से भी कम शोध में लगे हुए हैं। शोध और प्रायोगिक विकास में भारत के सकल खर्च में इनकी हिस्सेदारी केवल 9 प्रतिशत है। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय विश्वविद्यालय बाजार-संचालित इन्नोवेशन आउटपुट में पीछे हैं।

## विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात 4 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023




तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है, जैसे कि घरेलू बाजार में विशेष आर्थिक क्षेत्रों में निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए जुझारू ढांचा बनाना तथा इकाइयों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाना।

## जियो फाइनेंशियल का शेयर होगा निफ्टी में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल का अनुमान है कि अगर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और जोमैटो के शेयर को फ्यूचर्स और ऑप्शंस (एफएंडओ) में शामिल किया जाता है तो ये शेयर जल्द ही निफ्टी इंडेक्स में भी शामिल हो सकते हैं। ब्रोकरेज के अनुसार, ट्रेंट लिमिटेड को भी निफ्टी में शामिल किए जाने की उम्मीद है। वहीं अगर जियो फाइनेंशियल्स और जोमैटो को एफएंडओ में नहीं




जोड़ा जाता है, तो उस स्थिति में ब्रोकरेज का अनुमान है कि ट्रेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर निफ्टी इंडेक्स में शामिल हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर एलटीआई माइंडट्री और डिविज लैबोरेटरीज के शेयर इंडेक्स से बाहर हो सकते हैं।

**COURT NOTICE**

**Before the District Consumer Disputes Redressal Commission, Jhajjar**

No. 467 Date: 14/5/2024

Proclamation Requiring Attendance of Opposite Party (Order 5. Rule 20 of the Civil Procedure Code)

Consumer Complaint No. 253/2022

Next Date of Hearing 03.09.2024

Manjeet Singh........... Complainant

Versus

M/s Aegis Value Homes Ltd........... Respondent(s)

To

1. Ms Aegis Value Homes Limited, Regd. Office: EF-10, 2nd Floor, Inderpuri, Delhi- 110012 through its Director
2. M/s Aegis Value Homes Limited, Corporate Office: 243, Sector-12, City Center, Karnal 132001, Haryana.

Whereas Complainant had filed the above noted complaint against both of you. You are hereby noticed to appear in this Commission either in person or through an authorized agent or through counsel on 03.09.2024 at 10:30 a.m. to answer the same, failing which the complaint will be disposed of exparte.

Given under my hand and the seal of the Commission this 14th day of May. 2024.

**Sd/-President,
District Consumer Disputes
Redressal Commisson, Jhajjar.**

## पतंजलि गुरुकुलम के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिद्वार।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन हरिद्वार एवं देवभूमि महिला विकास समिति भगवानपुर हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता में पतंजलि गुरूकुलम के विभिन्न आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अति उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा लंबी कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक आदि प्रतिस्पर्धाओं में 10 स्वर्ण पदक, 17 रजत पदक एवं 25 कांस्य पदक प्राप्त किए।

## टाटा स्टील ब्रिटिश संयंत्र में निवेश की योजना को लेकर आशंकित

**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट में स्थित अपने संयंत्र में 1.25 अरब पाउंड का प्रस्तावित निवेश ब्रिटिश सरकार और विपक्ष के बीच नीतिगत मतभेदों की वजह से खटाई में पड़ने के बारे में आई खबरों पर चिंता जताई है। पिछले साल सितंबर में टाटा स्टील और ब्रिटिश सरकार के बीच पोर्ट टैलबोट इस्पात संयंत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए 1.25 अरब पाउंड की संयुक्त निवेश योजना पर सहमति जताई गई थी। इस निवेश में से 50 करोड़ पाउंड की राशि ब्रिटिश सरकार को देनी है। कंपनी ने बयान में कहा, 'हम ब्रिटिश मीडिया में आई उन खबरों को देखकर आशंकित हैं, जिनमें कहा गया है कि ब्रिटेन के इस्पात उद्योग में कई दशकों का सबसे बड़ा 1.25 अरब पाउंड का निवेश मौजूदा चुनावी प्रक्रिया के दौरान कंजर्वेटिव पार्टी और लेबर पार्टी के बीच उभरे नीतिगत मतभेदों के कारण खतरे में पड़ सकता है।'

**भारतीय रेल**

**भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)**

**सं. 2024/आरएस(डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/553 नई दिल्ली, दिनांक 10.06.2024**

**एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल–की खरीद हेतु दिनांक 02.07.2024 को खोली जाने वाली ई–स्वदेशी निविदा सं: डब्ल्यूटीए–553.**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आई सी एफ ड्रॉइंग सं. एएए02045 ऑल्ट–बी और आईआरएस आर–1695 शुद्धिपत्र संख्या 1 से 4 या नवीनतम के साथ एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

**निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001**

**1735/24 दूरभाष सं. 011-23073191, ईमेल आईडी: drsm@rb.railnet.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जतिन सचदेवा पुत्रः** यशपाल सचदेवा **निवासीः** मकान नं0–158, सी–ब्लॉक, वी.पी. पीतमपुरा, दिल्ली, ने **FIR No. 06/18 दिनांक 09/01/2018, U/s 356/379/411 IPC पुलिस स्टेशन मौरिस नगर, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन सचदेवा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन सचदेवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 06/18 दिनांक 09/01/2018, U/s 356/379/411 IPC पुलिस स्टेशन मौरिस नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जतिन सचदेवा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष ) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार
सुश्री. शिप्रा धनकर
एलडी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट 01
कमरा नं0–180, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7215/N/2024
(Court Matter)**

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर बंद


**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच किसी खास उत्प्रेरक के अभाव में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स अधिकांश समय तक सकारात्मक दायरे में रहने के बाद अंत में 33.49 अंक की मामूली गिरावट के साथ 76,456.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 370.45 अंक बढ़कर 76,860.53 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी अस्थिरता से भरे कारोबार में 5.65 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 23,264.85 अंक पर बंद हुआ। इसके एक दिन पहले सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी ने शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ था। हालांकि, बाद में दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'एक उल्लेखनीय उछाल के बाद घरेलू बाजार स्थिर हो गया है, और उत्प्रेरक घटनाओं का इंतजार कर रहा है। सरकार गठन से जुड़ी अनिश्चितताएं दूर होने के साथ अब फिर से वैश्विक और घरेलू संकेतकों पर ध्यान चला गया है।'



## सेबी ने निवेशकों के लिए शुरू की ऑनलाइन प्रमाणन परीक्षा

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को निवेशकों के लिए एक निःशुल्क एवं स्वैच्छिक ऑनलाइन प्रमाणन परीक्षा शुरू की, जो व्यक्तियों को शेयर बाजार में निवेश के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल करने में मदद करेगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा कि राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) के सहयोग से विकसित इस स्वैच्छिक प्रमाणन का उद्देश्य निवेशकों को बाजारों और निवेश के बारे में अपनी जानकारी को परखने में मदद करना है। प्रमाणन परीक्षा को भारतीय प्रतिभूति बाजारों में निवेश के बारे में विस्तृत ज्ञान पाने की उनकी यात्रा में व्यक्तियों की सहायता के लिए डिजाइन किया गया है। इस परीक्षा की शुरुआत के मौके पर सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने कहा कि नई प्रमाणन परीक्षा प्रतिभूति बाजार में डिजिटल वित्तीय शिक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नारायण ने कहा, 'यह ऑनलाइन परीक्षा निवेश प्रक्रिया और प्रतिभूति बाजार में संबंधित जोखिमों के बारे में निवेशकों की समझ बढ़ाने में मदद करेगी। इस तरह यह जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप निवेश का एक कुशल नजरिया अपनाने को बढ़ावा देगी।' पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इस साल विभिन्न विभागों में 49 अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इससे सेबी को अपने नियामकीय कामकाज के तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5539



**बाएँ से दाए**


1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5538 का हल







रिजवान का अर्धशतक

# टी-20 वर्ल्ड कप में पाक की पहली जीत, कनाडा को 7 विकेट से हराया

भाषा ⏭ न्यूयॉर्क

अमेरिका और भारत से हारने वाली पाकिस्तानी टीम ने मंगलवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में कनाडा पर सात विकेट की जीत से अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीद जीवंत रखीं। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कनाडा की टीम पाकिस्तान के गेंदबाजों के आगे आरोन जॉनसन (52 रन) के अर्धशतक के बावजूद सात विकेट पर 106 रन ही बना सकी। पाकिस्तान ने फिर मोहम्मद रिजवान (नाबाद 53 रन) और बाबर आजम (33 रन) के बीच दूसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 63 रन की साझेदारी की बदौलत यह लक्ष्य 15 गेंद रहते 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन बनाकर हासिल कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

लक्ष्य छोटा ही था और इसका पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने धीमी शुरूआत की। 10 ओवर तक उसका स्कोर एक विकेट पर 59 रन था। इस दौरान केवल दो चौके और एक छक्का ही लग सका था। ये दोनों चौके रिजवान (53 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने लगाये और कप्तान बाबर (33 गेंद, एक चौका, एक छक्का) ने 10वें ओवर में जुनैद सिद्दिकी पर छक्का जड़कर टीम का रनों का अर्धशतक पूरा किया। पाकिस्तान का सईम अयूब को शामिल करने का कोई फायदा नहीं मिला जो पावरप्ले के पांचवें ओवर में डिलोन हेलिगर की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हुए और 12 गेंद में महज छह रन ही बना सके। पावरप्ले में जूझने के बाद बाबर और रिजवान संभलकर खेले। पर हेलिगर ने 15वें ओवर में पाकिस्तानी कप्तान बाबर को अपना दूसरा शिकार बनाया और इस भागीदारी का अंत किया। रिजवान ने अगले ओवर की पहली गेंद को एक्सट्रा कवर में छक्के के लिए भेज दिया। उन्होंने 17वें ओवर में 52 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जो पाकिस्तान के खिलाड़ी का सभी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे धीमा पचासा भी रहा।

### पाकिस्तान को नेट रन रेट पॉजिटिव रहा

पाकिस्तान को अपना नेट रन रेट पॉजिटिव करने के लिए इस लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल करने की जरूरत थी। उसे अमेरिका (0.626) से ज्यादा नेट रन रेट करने के लिए इसे 13.5 ओवर में हासिल करना था। अब पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 से 0.191 हो गया है। इससे पहले विकेट पर कभी कभार असमान उछाल देखने को मिला। केवल जॉनसन ही संभलकर खेलते हुए 44 गेंद में चार छक्के और इतने ही छक्के से 52 रन बना सके जबकि कनाडा के बाकी बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाये। मोहम्मद आमिर ने चार ओवर में 13 रन देकर दो विकेट झटककर सबसे बेहतर प्रदर्शन किया।

### कनाडा-106/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| आरोन जॉनसन बो नसीम शाह | 52 |
| नवनीत धालीवाल बो आमिर | 04 |
| परगट का फखर जमां बो अफरीदी | 02 |
| निकोलस किरटन रन आउट | 01 |
| श्रेयस मोव्वा का रिजवान बो राऊफ | 02 |
| रविंदरपाल सिंह का जमां बो राऊफ | 00 |
| साद बिन का रिजवान बो आमिर | 10 |
| कलीम सना नाबाद | 13 |
| डिलोन हेलिगर | 09 |

अतिरिक्त : 13
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 106 रन
विकेट पतन : 1-20, 2-29, 3-43, 4-54, 5-54, 6-73, 7-87
गेंदबाजी: अफरीदी 4-0-21-1, शाह 4-0-24-1, आमिर 4-0-13-2, हारिस 4-0-26-2, वसीम 4-0-19-0

### पाक-107/3(17.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मोहम्मद रिजवान नाबाद | 53 |
| सईम अयूब का मोव्वा बो हेलिगर | 06 |
| बाबर आजम का मोव्वा बो हेलिगर | 33 |
| फखर जमां का सब बो गोर्डोन | 04 |
| उस्मान खान नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 09
कुल : 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन
विकेट पतन : 1-20, 2-83, 3-104
गेंदबाजी: सना 3-0-21-0, गोर्डोन 3.3-0-17-1, डिलोन 4-0-18-2, जफर 4-0-23-0, जुनैद सिद्दिकी 3-0-28-0

## खबर संक्षेप



### भारत करेगा जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** भारत अगले साल पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। यह प्रतियोगिता दिसंबर में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में यह पहला अवसर होगा जबकि इसमें 24 टीम हिस्सा लेंगी। पिछला जूनियर विश्व कप 2023 में कुआलालंपुर में खेला गया था जिसमें जर्मनी ने फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। स्पेन तीसरे और भारत चौथे स्थान पर रहा था। भारत इससे पहले तीन बार 2013 (नई दिल्ली), 2016 (लखनऊ) और 2021 (भुवनेश्वर) में टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है। भारत 2016 में चैंपियन भी बना था।

### हर्षिता-श्रुति की जोड़ी पहले दौर में हारी

**सिडनी।** हर्षिता राउत और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां महिला युगल के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हर्षिता और श्रुति की जोड़ी को डानिया नुगरोहो और काइ की बर्नाइस टियोह की स्थानीय जोड़ी के खिलाफ 19-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अभिषेक येलिगर ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन अभिषेक ने पहले दौर में हमवतन शाश्वत दलाल को 21-14 21-5 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के जेई यिंग चेन को 21-15 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। वह पहले दौर में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।



### नीदरलैंड के मिडफील्डर डी जोंग यूरो-24 से बाहर

**रोटरडम (नीदरलैंड)।** नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा, ''वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फुटबॉल खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं। उन्हें टीम में बनाए रखने का कोई मतलब नहीं बनता है।'' यूरोपीय चैंपियनशिप में 1988 का विजेता नीदरलैंड यूरो 2024 में अपना पहला मैच रविवार को पोलैंड के खिलाफ खेलेगा।



टी-20 वर्ल्ड कप : मैच न्यूयॉर्क के नासाउ क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा

# भारत-अमेरिका के बीच आज होगी पहली जंग अभी तक दोनों ने जीते हैं अपने सभी मुकाबले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 का 25वां मुकाबला भारतीय क्रिकेट टीम और यूएसए क्रिकेट टीम के बीच खेला जाएगा। अब तक दोनों टीमों ने 2-2 मुकाबले खेले हैं और उन्हें हार नहीं मिली है। यूएसए ने कनाडा क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम को हराया है। भारतीय टीम ने आयरलैंड और पाकिस्तान को मात दी है। यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें टी-20 क्रिकेट में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले की कौन किस पर भारी पड़ेगा यह देखना रोमांचक होगा। भारत और यूएसए के बीच होने वाला यह मैच आज 12 जून को नासाउ क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से होगा।



### इस संयोजन के साथ नजर आ सकती है भारतीय टीम

पहले 2 मैच में मिली जीत के बाद भारतीय टीम अपने प्लेइंग इलेवन में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहेगी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ टीम की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही थी। ऐसे में विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाजों को फॉर्म में लौटना होगा। टीम की गेंदबाजी शानदार रही है।

### यूएसए को हल्के में लेना होगा मुश्किल

यूएसए ने टी-20 विश्व कप में अब तक कमाल का खेल दिखाया है। ऐसे में भारतीय टीम उन्हें हल्के में नहीं लेना चाहेगी। टीम के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अकेले अपने दम पर मैच का पासा पलट सकते हैं। मोनांक पटेल, आरोन जोन्स और सौरभ नेत्रवलकर से टीम को काफी उम्मीदें होंगी।




### टीम इंडिया का सुपर 8 अभी पक्का नहीं, इन टीमों से होगी टक्कर

भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक लगातार दो मैच जीत लिए हैं। हालांकि इसके बाद भी अभी ये तय नहीं है कि टीम सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर ही जाएगी। उसे दो मुकाबले और खेलने हैं। पाकिस्तान भले ही अपने दो मैच बैक टू बैक हार गया हो, लेकिन अभी तक उसकी भी सांसें चल रही हैं। कोई भी टीम भारत के लिए खतरा बन सकती है। हालांकि अच्छी बात ये है कि बचे हुए दो में से एक भी मैच टीम इंडिया जीत लेती है तो फिर उसकी कुर्सी पक्की हो जाएगी।

### इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजरें

गौस ने पिछले 8 मैच में 146.62 की स्ट्राइक रेट से 261 रन बनाए हैं। मोनांक के बल्ले से पिछले 7 मैच में 240 रन निकले हैं। सूर्यकुमार ने पिछले 7 मैच में 210 रन बनाए हैं। पंत ने इस विश्व कप में 2 मैच में 78 रन बनाए हैं। सौरभ ने पिछले 10 मैच में 11 विकेट झटके हैं। अक्षर के नाम पिछले 7 मैच में 11 विकेट है। अर्शदीप ने पिछले 8 मैच में 10 विकेट झटके हैं।

# सात समंदर पार टीम इंडिया को 'भारतीयों' से ही बड़ा खतरा


कप्तान मोनांक पटेल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** आयरलैंड और पाकिस्तान को हराने के बाद अब टीम इंडिया का अगला मुकाबला मजबूत लग रही अमेरिका से होने जा रहा है। आज 12 जून को न्यूयार्क के नासाउ काउंटी में दोनों टीमें भिड़ेंगी। भारत, आयरलैंड और पाकिस्तान को हरा चुकी है। वहीं, अमेरिका, कनाडा और पाकिस्तान को मात दे चुकी है। टी20 विश्वकप में ग्रुप ए के मैच रोचक हो गए हैं। भारत और अमेरिका अपने 2-2 मैच जीतकर टॉप पर बने हुए हैं। वहीं, पाकिस्तान काफी पिछड़ गया। हालांकि अमेरिका से भारत की पहली भिड़ंत है लेकिन भारतीय टीम को अमेरिका की ओर से खेल रहे भारतीय खिलाड़ी ही टीम इंडिया के लिए खतरा बन सकते हैं। अमेरिकी टीम में आधे से ज्यादा भारतीय खिलाड़ी हैं, लेकिन 5 बड़े खिलाड़ी टीम इंडिया को चुनौती दे सकते हैं।

भारत को चुनौती देने में पहला नाम टीम के कप्तान मोनांक पटेल है। मोनांक गुजरात राज्य से हैं। वर्तमान में मोनांक पटेल, अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। मोनांक गुजरात अंडर-16 और अंडर-19 टीम की तरफ से खेल चुके हैं। इसके बाद वह अमेरिका चले गए। उनका बल्लेबाजी करने का अंदाज विराट कोहली से मिलता-जुलता है। वह भारत के खिलाफ भी खतरनाक साबित हो सकते हैं।

### बल्लेबाज नीतीश कुमार

नीतीश कुमार का जन्म कनाडा में हुआ, लेकिन उनके पूर्वज भारत से कनाडा में आकर बसे। वह कनाडा टीम की तरफ से भी खेल चुके हैं। नीतीश दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी बॉल पर चौका लगाकर उन्होंने मैच टाई किया था, जिसके बाद सुपर ओवर हुआ।




### जसदीप सिंह

जसदीप सिंह 31 साल के हैं उनका जन्म न्यूयार्क अमेरिका में हुआ। वह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज है। जसदीप सिंह अमेरिका की राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलते हैं। इसके अलावा अमेरिका के घरेलू क्रिकेट भी खेल चुके हैं।

निशानेबाजी

## ओलंपिक के लिए राइफल और पिस्टल टीम घोषित

### दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु भाकर




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी।

टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे।

### ट्रायल्स परिणामों को दी गई प्राथमिकता

चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था।

### राइफल टीम

संदीप सिंह, अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष), एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला), सिफ्ट कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला), ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)

### पिस्टल टीम

सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष), मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला), अनीश भानवाल विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी पुरुष), मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)।

## सात्विक-चिराग ने गंवाई नंबर एक रैंकिंग, तीसरे स्थान पर खिसके

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई।

चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं।




## ओलंपिक दल के सदस्य नागल एटीपी चैलेंजर के प्री क्वार्टरफाइनल में


**पेरूगिया (इटली)।** भारत के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने आधिकारिक रूप से पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया और मंगलवार को यहां बोस्निया के नर्मन फैटिक पर सीधे सेटों में जीत से एटीपी 125 पेरुगिया चैलेंजर के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले हफ्ते जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले छठे वरीय भारतीय ने एक घंटे 52 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 7-6(1), 6-2 से जीत दर्ज की। पहला सेट बराबरी पर रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था। लेकिन नागल टाईब्रेक में फैटिक को मात देने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने सर्विस के शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए दूसरे सेट में अपने बोस्निया के प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाया।

अंपायर ने क्यों नहीं दिए लेग बाई के चार रन, समझिए पूरा माजरा

# आईसीसी के एक अजीबोगरीब नियम ने डुबो दी बांग्लादेश की नैया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप के 20वें मुकाबले में सोमवार को साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 रन से हरा दिया। न्यूयॉर्क में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 113 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 109 रन बना सकी। एडेन मार्करम के नेतृत्व वाली दक्षिण अफ्रीका ने इस जीत के साथ ही भारतीय टीम का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया।




### आखिर हुआ क्या?

ओटनील बार्टमैन ने बांग्लादेश के बैटर महमूदुल्लाह को बॉल फेंकी, जो उनके पैड से लगकर बाउंड्री लाइन पार कर गई। वहीं,अफ्रीकी तेज गेंदबाज की ओर से एलबीडब्ल्यू अपील की गई। अंपायर ने आउट करार दे दिया। इसके बाद महमूदुल्लाह अंपायर के फैसले को चुनौती देते हुए डीआरएस का उपयोग किया, जहां बैटर को नॉट आउट करार दिया गया। गौरतलब है कि टीम को बाई के चार रन नहीं दिए गए।

### बांग्लादेश को लेग बाई के नहीं मिले चार रन

इस मैच में अंपायर की एक गलती और आईसीसी के नियम की वजह से बांग्लादेश को एक चौका यानी चार रन नहीं मिला। अंपायर के फैसले से पूरी बांग्लादेश की टीम हैरान रह गई। दरअसल, दूसरी पारी के दौरान जब बांग्लादेश लक्ष्य का पीछा कर रही थी, तब 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर लेग बाई के रूप में चार रन नहीं दिए गए। अगर ये चार रन बांग्लादेश के मिल जाते तो टीम के रिजल्ट कुछ और हो सकते थे।

### आउट के संकेत के बाद रन नहीं

दरअसल, आईसीसी नियम के मुताबिक अगर अगर अंपायर ने आउट के लिए उंगली खड़ी कर दी, तो गेंद पर लगी बाउंड्री या लिया गया कोई भी रन नहीं जोड़ा जाएगा। अंपायर के आउट देने के बाद गेंद डेड हो जाती है।

### द. अफ्रीका का दबदबा कायम

बताते चलें कि साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को लो स्कोरिंग मैच में मात देकर अपना दबदबा बरकरार रखा है। दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में अब तक कभी भी बांग्लादेश से हारी नहीं है। प्रोटियाज का टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ रिकॉर्ड 9-0 से एकतरफा है।

# जिमैक्स नौसैन्य युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए जापान पहुंचा शिवालिक युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लगातार बढ़ती चीन की आक्रामकता के मध्य भारत और जापान के बीच योकोसुका (जापान) में द्विपक्षीय नौसैन्य युद्धाभ्यास 'जिमैक्स-24' में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना का स्वदेशी स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक जापान पहुंच गया है। जापान की नौसेना की ओर से इस युद्धाभ्यास में गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर जेएस यूगीरी भाग ले रहा है। दोनों नौसेनाओं के हेलिकॉप्टर भी युद्धाभ्यास का हिस्सा होंगे। नौसेना ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि इस वर्ष जिमैक्स-24 युद्धाभ्यास का आठवां संस्करण है। भारतीय जंगी युद्धपोत के योकोसुका पहुंचने पर जापान के समुद्री आत्मरक्षाबल के कमांडर वाइस एडमिरल आईटीओ हिरोशी और जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने जोरदार अंदाज में स्वागत किया।

### दो चरणों में होगा युद्धाभ्यास

जिमैक्स युद्धाभ्यास में दो चरण आयोजित किए जाएंगे। इसमें एक बंदरगाह और दूसरा समुद्री चरण होगा। बंदरगाह चरण में दोनों नौसेनाओं के बीच व्यावसायिक गतिविधियों से लेकर खेलकूद और सामाजिक आदान-प्रदान पर जोर दिया जाएगा। इसके बाद भारत और जापान की नौसेनाएं समुद्री चरण में एक-दूसरे के युद्ध संबंधी कौशल और आपसी संचालनीयता को संयुक्त रूप से निखारने की कोशिश करती हुई नजर आएंगी। युद्धाभ्यास में दोनों के बीच बेहद जटिल सतही, उप-सतही और हवाई अभियानों का भी अभ्यास किया जाएगा।



### 2012 में हुई शुरुआत

जिमैक्स युद्धाभ्यास की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई थी। इसके बाद समय बढ़ने के साथ ही इसके दायरा और परिदृश्य संबंधी जटिलता का विस्तार हुआ है। यह युद्धाभ्यास दोनों नौसेनाओं को एक-दूसरे की अच्छी आदतों और रणनीतिक कौशल का आदान-प्रदान का एक अवसर प्रदान करता है। साथ ही इसकी मदद से दोनों के बीच आपसी सहयोग और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को लेकर प्रदर्शित की जाने वाली साझा प्रतिबद्धता को भी बल मिलता है।

## कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने रजत शर्मा पर लगाया अपशब्द कहने का आरोप, आपराधिक शिकायत की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली





कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा पर टीवी पर लाइव डिबेट के दौरान अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. रागिनी नायक ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान कई पत्रकार भी बेनकाब हुए हैं। एक पत्रकार की बेटी होने के नाते मैं बचपन से सुनती आई हूं कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की निष्पक्षता और निर्भीकता पूरे लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण होती है। लेकिन एक वरिष्ठ पत्रकार पत्रकारिता को कितने निचले स्तर तक ले जा सकते हैं, वो एक वायरल वीडियो ने दिखा दिया है। इंडिया टीवी प्रमुख रजत शर्मा ने उन्हें लाइव प्रोग्राम में अपशब्द कहे। डॉ. रागिनी नायक ने रजत शर्मा से पूछा कि उन्होंने जो अपशब्द कहे हैं। घटना के बारे में बताते हुए डॉ. रागिनी नायक की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कहा, यह घटना चार जून की है, जिस दिन चुनाव नतीजे सामने आ रहे थे। मैं कांग्रेस मुख्यालय में बैठकर इंडिया टीवी पर बहस कर रही थी, लेकिन उस दिन वहां पर इतना शोर था कि बातें सुनाई नहीं दे रही थीं। लेकिन जब यह वीडियो वायरल हुआ, तब मुझे भरोसा नहीं हुआ कि रजत शर्मा जैसे वरिष्ठ पत्रकार लाइव डिबेट के दौरान इतने अपशब्द का प्रयोग कर सकते हैं। इंडिया टीवी के प्लेटफॉर्म पर वो पूरी फुटेज देखी, जिसके एक हिस्से में उन्होंने मुझे अपशब्द कहे। उसके बाद धमकाना शुरू किया कि यदि इस मामले में पत्रकार वार्ता की तो मानहानि का केस करेंगे।

उन्होंने कहा, आपको बताना चाहिए था कि अगर आपने अपशब्द नहीं कहे तो क्या कहा था, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। डॉ. रागिनी नायक ने कहा, हमने आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है, हम उम्मीद करते हैं कि इस शिकायत की प्रथम दृष्ट्या जांच के बाद एफआईआर भी दर्ज होगी।

## आतंकियों की तलाश दूसरे दिन भी जारी, चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा



**जम्मू कश्मीर।** रियासी में आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना की टीमें तलाशी अभियान में जुटी हुई हैं। सुरक्षा कर्मियों की 11 टीमें बनाई गई हैं। खोजी कुत्तों के साथ ही ड्रोन की मदद से पहाड़ और जंगल का चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। रियासी के पोनी-त्रेयाथ बेल्ट के चारों ओर बहु-दिशात्मक घेराबंदी की गई है। जिले के साथ ही आसपास के जिलों में भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इसी बीच सूचना मिली है कि पुलिस ने पूछताछ के लिए 20 से अधिक लोगों को उठाया। उनसे पड़ताल की जा रही है।

### चीन ने अरुणाचल के इलाकों के 7 साल में 4 बार बदले नाम

# मोदी सरकार ने दिया जवाब ... अब भारत बदलेगा तीस जगहों के नाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर के पद संभालते ही भारत ने चीन के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। द डिप्लोमैट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन को काउंटर करने के लिए भारत अब तिब्बत की 30 से ज्यादा जगहों के नाम बदलने जा रहा है।भारतीय सेना जल्द ही जगहों की लिस्ट के साथ एलएसी का नया मैप जारी करेगी। दरअसल, चीन ने अप्रैल में अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले थे। चीन की सरकार इन इलाकों को अपना क्षेत्र बताती है। ड्रैगन की इसी हरकत का जवाब देने के लिए भारत सरकार ने यह फैसला लिया है।

*ड्रैगन की इसी हरकत का जवाब देने के लिए भारत सरकार ने यह फैसला लिया है। पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ था जब चीन ने अरुणाचल की जगहों के नाम बदले।*





### भारत की भाषा में पुराने नामों के आधार पर बदले नाम

*तिब्बत के इलाकों का नाम बदलने के लिए काफी रिसर्च की गई थी। इस दौरान इन जगहों के भारत की भाषा में पुराने नामों को आधार बनाकर नए नाम रखे गए हैं। भारतीय सेना की इन्फॉर्मेशन वॉरफेयर डिविजन को इलाकों के नाम बदलने का जिम्मा सौंपा गया था। यह वही डिविजन है जो गहरी रिसर्च के बाद चीन की तरफ से रखे गए अरुणाचल प्रदेश के इलाकों के नए नामों को भी खारिज करता है। नए नामों की लिस्ट को जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय सेना ने पिछले कुछ हफ्तों में अरुणाचल प्रदेश के उन इलाकों का दौरा भी किया।*

### चीन ने अरुणाचल को नहीं दी मान्यता

दरअसल, चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है।

### अरुणाचल प्रदेश को बताया अपना हिस्सा

चीन ने 1 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर वहां की 30 जगहों के नाम बदल दिए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें 11 रिहायशी इलाके, 12 पर्वत, 4 नदियां, एक तालाब और एक पहाड़ों से निकलने वाला रास्ता था। हालांकि, इन जगहों के नाम क्या रखे गए हैं, इस बारे में जानकारी नहीं दी गई। इन नामों को चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किया था। पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ था जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदले। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे।

### चीन के दावों को खारिज किया

*इस दौरान पत्रकारों के जरिए क्षेत्रीय लोगों से भी बात की गई। उन्होंने चीन के दावों को खारिज करते हुए खुद को भारतीय नागरिक कहा। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है। ''जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से हैं। चीन का इन जगहों का नाम बदलना बिल्कुल जायज है।*

### अरुणाचल प्रदेश भारत का आंतरिक हिस्सा

अरुणाचल में बढ़ते चीनी दखल और यहां की जगहों के नाम बदले जाने पर भारत कहता आया है कि अरुणाचल हमारा हिस्सा है। अप्रैल 2023 में विदेश मंत्रालय ने कहा था- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा।

#### रूस में रोजगार ढूंढने वाले भारतीयों से की सावधानी के साथ अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील

## रूस-यूक्रेन संघर्ष में मारे गए दो भारतीयों के मामले पर भारत ने प्रकट की अपनी संवेदनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को रूस-यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के दौरान हाल ही में मारे गए दो भारतीय नागरिकों के मामले को लेकर खेद सहित पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। इन दोनों नागरिकों को रूस ने अपनी सेना में भर्ती किया था।

मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि विदेश मंत्रालय, दोनों नागरिकों की पार्थिव देह को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए रूस के मास्को स्थित दूतावास और रूसी रक्षा मंत्रालय के लगातार संपर्क में बना हुआ है। साथ ही भारतीय दूतावास ने पूरी मजबूती के साथ इस मामले को रूस और राजधानी दिल्ली में स्थित रूसी दूतावास में कार्यरत अधिकारियों के समक्ष उठाया है। इसमें मुख्य रूप से रूस की सेना में शामिल किए गए सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द भारत वापस भेजने की मांग की गई है। मंत्रालय ने बताया कि भारत ने रूस से यह मांग भी की है कि रूस की सेना में भारतीयों की भर्ती पर रोक लगनी चाहिए। इस तरह की कोई भी गतिविधि दोनों देशों की भागीदारी में शामिल नहीं है। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को रूस में रोजगार ढूंढते वक्त अतिरिक्त सावधानी के साथ सतर्कता बरतने की अपील भी की है।

## मलावी में भीषण विमान हादसा, उप राष्ट्रपति चिलिमा समेत 9 लोगों की मौत

**विमान के लापता होने की खबर सामने आई थी**

एजेंसी ⏭ लिलोंग्वे



मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान हादसे में मौत हो गई है। मलावी के राष्ट्रपति ने यह जानकारी दी। बता दें कि उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को ले जा रहे विमान के लापता होने की खबर सामने आई थी। विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद विमानन अधिकारियों ने विमान से संपर्क बनाने की कई कोशिशें कीं लेकिन, इसका पता लगाने में वे विफल रहे।

## कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना स्वीकार नहीं: कैमरन मैके

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत में कनाडा के राजदूत कैमरन मैके ने मंगलवार को कहा कि कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना स्वीकार नहीं है। उनका यह बयान हाल ही में कनाडा के ग्रेटर टोरंटो इलाके में प्रदर्शित की गई एक झांकी में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या के दृश्य को प्रदर्शित करने के बाद भारत के विरोध के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में आई तल्खी के बाद दिया गया है। भारत ने इस मामले को लेकर कनाडा के आधिकारियों के समक्ष कड़े अंदाज में अपना विरोध भी दर्ज कराया है। कनाडा के राजदूत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मामले को लेकर कनाडा की स्थिति बिलकुल साफ है। जिसमें उसने स्पष्ट किया है कि कनाडा में हिंसा का प्रदर्शन स्वीकार नहीं है। यहां बता दें कि कनाडा में भारत विरोधी अलगावादी तत्वों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से जुड़ी हुई ये प्रदर्शनी बीते दिनों ऑपरेशन ब्लू स्टार के 40 साल पूरे होने को लेकर निकाली गई थी।

## एटीएस ने 4 बांग्लादेशियों को मुंबई से किया गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में रह रहे चार बांग्लादेशियों को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस की जांच में यह सामने आया है कि यह बांग्लादेशी गुजरात में रहकर फर्जी पासपोर्ट बनाया करते थे। इन्होंने फर्जी वोटर आईडी से वोट डाला था। महाराष्ट्र एटीएस ने चार बांग्लादेशियों को मुंबई से गिरफ्तार किया है। यह सभी लंबे समय से अवैध तरीके से जाली कागजात के जरिए मुंबई में ठहरे थे।

### ओडिशा में भाजपा सरकार के 12 जून को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की वजह से गुरुवार को अपना कार्यभार संभालेंगे राजनाथ सिंह और धर्मेंद्र प्रधान

**मंगलवार को राजधानी में कई केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने कार्यभार**

# मोदी कैबिनेट में कामकाज के बंटवारे के बाद रक्षा और शिक्षा राज्य मंत्री ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता पर काबिज हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के मंत्रिमंडल के बीच हुए कामकाज के बंटवारे के बाद मंगलवार को राजधानी में कई केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने अपना कार्यभार संभाला। इसमें रक्षा राज्य मंत्री के रूप में संजय सेठ और शिक्षा मंत्रालय के दो राज्य मंत्रियों के रूप में जयंत चौधरी और डॉ.सुकांत मजूमदार शामिल हैं। इनके अलावा केंद्रीय पर्यावरण मंत्री के रूप में भूपेंद्र यादव और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के रूप में अन्नपूर्णा देवी और सावित्री ठाकुर ने राज्य मंत्री के रूप में अपना विभागीय दायित्व संभाला।

यहां बता दें कि रक्षा और शिक्षा जैसे मोदी कैबिनेट के दो महत्वपूर्ण मंत्रालयों से जुड़े राजनाथ सिंह और धर्मेंद्र प्रधान के ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पहले सरकार गठन समारोह में शिरकत की वजह से 11 जून को वह अपना कार्यभार ग्रहण नहीं कर सके और अब गुरुवार को वह अपना दायित्व संभालेंगे। आज अपनी विभागीय जिम्मेदारी संभालने वाले उक्त सभी मंत्रियों ने अपने मंत्रालयों के 100 दिनों के कामकाज से जुड़े रोडमैप को पूरा करने को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता जाहिर की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले संजय सेठ ने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र से मुलाकात की और उसके बाद मंत्रालय में अपनी जिम्मेदारी संभाली। जिसमें साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने उन्हें मंत्रालय से जुड़ी हुई तमाम गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाध्यक्षों ने रक्षा राज्य मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। संजय सेठ भाजपा के एक अनुभवी नेता और सांसद हैं। वह लगातार दूसरी बार झारखंड की रांची सीट से जीतकर सांसद बने हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी उन्होंने बेहद करीब से काम किया है। इसके अलावा अपने संसदीय अनुभव के दौरान संजय सेठ की केंद्रीय मंत्रालयों से जुड़ी हुई कई संसदीय समितियों में भी भागीदारी रही है। जबकि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री के रूप में भूपेंद्र यादव ने लगातार दूसरी बार पर्यावरण मंत्रालय में अपनी जिम्मेदारी संभाली है। वह राजस्थान की अलवर लोकसभा सीट से जीतकर सांसद बने हैं। मोदी सरकार के एक अनुभवी मंत्री के रूप में उन्हें पहचाना जाता है।



अपने पूर्व कार्यकाल में पर्यावरण मंत्री के रूप में उन्होंने पर्यावरण संबंधी मामलों को लेकर कई मौकों पर भारत का पक्ष बेहद मजबूती के साथ दुनिया के सामने रखा है। जयंत चौधरी पहली बार राजग सरकार में बतौर मंत्री के रूप में शामिल हुए हैं। उनके अलावा मंत्रालय में शिक्षा राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभालने वाले सुकांत मजूमदार ने अपना कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही कहा कि मंत्रालय के वरिष्ठ मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ काम करने से उन्हें उनके व्यापक विभागीय अनुभव का लाभ मिलेगा और प्रधानमंत्री के शिक्षा को लेकर बने हुए विजन को भी समझने में आसानी होगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109